सूर्योदय 6:33 सूर्यास्त 5:37

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 21 अधि |
| धर्मशाला | 16 न्यू | 24 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,556 |
| निफ्टी | 25,891 |

सोना 1,25,890 चांदी 1,60,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 27 अक्तूबर 2025 | 12 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 299, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




## न्यूज शॉर्ट्स

### पुलिस विभाग की बी-1 परीक्षा रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग की बी-1 पदोन्नति परीक्षा रविवार को तकनीकी खामियों के कारण बीच में ही रद्द करनी पड़ी। सुबह शुरू हुई यह परीक्षा सर्वर फेल होने और साइट क्रैश की समस्या से बाधित हो गई, जिसके चलते अभ्यर्थियों के कंप्यूटर हैंग हो गए और परीक्षा सबमिट नहीं हो सकी। करीब आठ साल बाद आयोजित इस परीक्षा में 4,461 पुलिस जवानों को शामिल होना था। पुलिस विभाग की ओर से कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल और एएसआई पदों पर पदोन्नति के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई थी। सुबह के सत्र में 2,696 और शाम के सत्र में 1,765 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। तकनीकी गड़बड़ी सामने आने के बाद कई परीक्षा केंद्रों पर अफरातफरी मच गई। प्रदेश के सभी जिलों में यह परीक्षा ऑनलाइन मोड में होनी थी, जिसका संचालन हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा था। प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने परीक्षा रद्द होने पर सभी अभ्यर्थियों से खेद व्यक्त किया है। विभाग ने कहा है कि अभ्यर्थियों को नई परीक्षा तिथि जल्द सूचित की जाएगी।

### फ्रांस में 700 करोड़ की चोरी मामले में 2 काबू

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस के मशहूर लूव्र म्यूजियम में हुई 700 करोड़ रुपए की चोरी के एक हफ्ते बाद फ्रांसीसी पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी फ्रांसीसी समाचार पत्र ले पेरिसियन ने रविवार को दी। पुलिस का मानना है कि यह चोरी चार लोगों की एक गैंग ने की, जिसमें गिरफ्तार किए गए दोनों संदिग्ध जो 30 साल की उम्र के आसपास हैं। पहले संदिग्ध को शनिवार रात पेरिस चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह अल्जीरिया जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की कोशिश कर रहा था। उसी रात बाद में दूसरे संदिग्ध को भी हिरासत में लिया गया। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जांच में डिजिटल सबूत मिले हैं, जो इस ओर इशारा करते हैं कि म्यूजियम के एक सिक्योरिटी गार्ड ने चोरों को म्यूजियम की सुरक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण जानकारी दी थी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- ट्राला यूनियन के पास बनेगी बहुमंजिला पार्किंग -पेज 2
- केंद्र से हिमाचल को मिली 4500 करोड़ की सहायता: विक्रमादित्य -पेज 3
- लोक धुनों, गीतों और नृत्यों से गूंज उठा बिलासपुर -पेज 6
- बी-1 परीक्षा ने खोली व्यवस्था परिवर्तन की पोल: जयराम -पेज 9
- नगर निगम में खाली पड़े पदों को सरकार से नहीं मिल रही मंजूरी -पेज 12

# भारत की कीमत पर पाक से दोस्ती नहीं : अमेरिका

## विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा- भारतीय डिप्लोमेसी में समझदारी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रुबियो ने बताया कि अमेरिका और पाकिस्तान पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उसकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने अमेरिका-पाकिस्तान की नजदीकी पर चिंता जताई, तो रुबियो ने कहा कि भारतीय डिप्लोमेसी में समझदारी है। वे जानते हैं कि हमें कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं। यह समझदारी भरी विदेश नीति का हिस्सा है।

पाकिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों पर एक पत्रकार ने सवाल किया कि क्या यह दोस्ती इसलिए बढ़ी, क्योंकि अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में मदद की। इस पर रुबियो ने कहा कि नहीं, मुझे लगता है हमने इससे पहले ही पाकिस्तान से बात शुरू की थी। हम उनके साथ रणनीतिक दोस्ती फिर से बनाना चाहते हैं। हमें लगता है कि हम कई चीजों पर एक साथ काम कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**अमेरिका-पाक रिश्तों से भारत को नहीं होगा नुकसान**

### हमारा काम दूसरे देशों के साथ दोस्ती के रास्ते ढूंढना

**अमेरिकी** विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, 'हमें पता है कि भारत-पाकिस्तान के बीच पुराने तनाव हैं, लेकिन हमारा काम है कि जितने देशों के साथ हो सके, उनके साथ दोस्ती के रास्ते ढूंढें। हम पाकिस्तान के साथ आतंकवाद के खिलाफ काम करते आए हैं और अब इसे और बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन यह भारत या किसी और के साथ हमारे अच्छे रिश्तों की कीमत पर नहीं होगा। रुबियो ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान के साथ हम जो कर रहे हैं, वह भारत के साथ दोस्ती को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद मजबूत हुए हैं पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्ते


**इसी** साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्ते काफी मजबूत हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रंप को नोबेल के लिए नॉमिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रंप से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितंबर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रंप को शांति दूत कहा था।

# लोक निर्माण विभाग के 100 दफ्तर अब ई-ऑफिस पर : सीएम सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- यह पहल सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

शिमला। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के 100 कार्यालय अब ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर हैं। उन्होंने राज्य में डिजिटल गवर्नेंस को नई दिशा देने वाले लोक निर्माण विभाग की सराहना की है। विभाग ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने 100 कार्यालयों को ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर लाकर प्रशासनिक दक्षता की नई मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल सरकार की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत प्रदेश को तकनीकी रूप से सक्षम और पारदर्शी शासन तंत्र में बदलने का लक्ष्य रखा गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग में अब फाइलों का संचालन प्रमुख अभियंता से लेकर सचिव, मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय तक पूरी तरह ई-ऑफिस के माध्यम से हो रहा है। विभाग में आंतरिक संचार भी आधिकारिक ई-मेल से किया जा रहा है, जिससे कार्य प्रणाली में तेजी और पारदर्शिता आई है। उन्होंने बताया कि इस डिजिटल प्रणाली से फाइलों के लंबित रहने की समस्या लगभग समाप्त हो गई है, साथ ही किसी भी स्तर पर फाइल की वास्तविक स्थिति का पता वास्तविक समय में लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि जहां प्राय: डिजिटलीकरण शीर्ष स्तर पर आसान होता है और क्षेत्रीय स्तर पर चुनौतियां सामने आती हैं, वहीं लोक निर्माण विभाग ने अधीक्षण अभियंता स्तर तक ई-ऑफिस को सफलतापूर्वक लागू किया है। उन्होंने इसे प्रदेश में जवाबदेह और तकनीक-आधारित शासन के लिए एक उल्लेखनीय कदम बताया।

वहीं, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि अब तक विभाग के 100 कार्यालय ई-ऑफिस पर कार्य करना शुरू कर चुके हैं। इनमें प्रमुख अभियंता स्तर का एक कार्यालय, पांच मुख्य अभियंता (जोन) कार्यालय, 19 वृत्त स्तर और 58 मंडल स्तर के कार्यालय शामिल हैं। विद्युत अनुभाग के दो वृत्त और पांच मंडल कार्यालय, जबकि यांत्रिक अनुभाग के दो वृत्त और चार मंडल कार्यालय भी पूरी तरह डिजिटल हो चुके हैं। इसके अलावा शिमला, मंडी और धर्मशाला स्थित वास्तुकार कार्यालय तथा एक बागवानी मंडल भी ई-ऑफिस से कार्यरत हैं।

### सीएम के मार्गदर्शन में यह बड़ी उपलब्धि : विक्रमादित्य

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह डिजिटल परिवर्तन विभाग को अधिक पारदर्शी, कुशल और जवाबदेह बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन और दृष्टिकोण के चलते ही विभाग ने तय समय सीमा में इस लक्ष्य को प्राप्त किया। यह एक बड़ी उपलब्धि है।



# मंडी में बाइक स्टंट करते युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर के बाईपास स्थित मलोरी टनल के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक दुर्घटना ने सोशल मीडिया स्टंट के खतरनाक चलन की हकीकत उजागर कर दी। 22 वर्षीय अनिकेत पुत्र सुभाष चंद, निवासी नागचला, तहसील बल्ह, अपने दोस्तों के साथ बाइक स्टंट का वीडियो बना रहा था। इसी दौरान नियंत्रण खोने से उसकी बाइक टनल के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अनिकेत बीटेक का छात्र था और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नियमित रूप से बाइक स्टंट की रील्स साझा करता था।

बताया जा रहा है कि बीती रात करीब एक बजे के आसपास यह हादसा तब हुआ, जब वह एक और वीडियो शूट कर रहा था। उसके साथी राइडर्स और वीडियोग्राफर भी वहीं मौजूद थे, जिनके कैमरे में पूरा हादसा रिकॉर्ड हो गया। गंभीर रूप से घायल अनिकेत को तुरंत मेडिकल कॉलेज नेरचौक पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दुर्घटना के दौरान उसकी गर्दन में गंभीर चोट आई, जो जानलेवा साबित हुई। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि मामले की जांच टूरिस्ट एंड ट्रैफिक पुलिस स्टेशन नागचला द्वारा की जा रही है। स्टंट वीडियो में शामिल अन्य युवकों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है, क्योंकि उन्होंने इस खतरनाक कृत्य के लिए उकसाने और सहयोग करने की भूमिका निभाई। पुलिस ने मोबाइल फोन और कैमरा फुटेज अपने कब्जे में लेकर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

**सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में थम गई युवा जिंदगी**

पुलिस प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने की होड़ में अपनी जान जोखिम में न डालें और सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करें।

# मनाली में पेंटर ने पत्नी का गला रेतकर की हत्या



**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली पुलिस थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान रोहित कुमार (37) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से गांव मंगलपुर, जिला पश्चिम चंपारण (बिहार) का निवासी है। रोहित मनाली में पेंटर का काम करता था और अपनी पत्नी निधि तथा छोटी बेटी के साथ गांव अलेउ में रामनाथ के मकान में किराये पर रह रहा था। शनिवार रात को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद रोहित ने गुस्से में आकर पत्नी का गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मनाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी को मौके से ही हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके।

## 47वें आसियान समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया बड़ा संदेश

# हम हर संकट में मित्रों के साथ खड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कुआलालंपुर में रविवार को हुए 47वें आसियान समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली शामिल होकर एक सशक्त संदेश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'भारत हर संकट में अपने मित्र देशों के साथ मजबूती से खड़ा है।' प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए बधाई दी और कहा कि आसियान भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का सबसे अहम स्तंभ है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और आसियान मिलकर दुनिया की लगभग एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। दोनों सिर्फ भौगोलिक रूप से नहीं, बल्कि साझा इतिहास, मूल्यों और सहयोग की भावना से भी गहराई से जुड़े हैं। अपने संबोधन में मोदी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस को भारत के देश समन्वयक की भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया और टिमोर-लेस्टे का नए सदस्य के रूप में स्वागत किया। साथ ही उन्होंने थाईलैंड की दिवंगत महारानी सिरिकित के निधन पर गहरी संवेदना भी व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि अनिश्चितताओं के इस दौर में भी भारत-आसियान साझेदारी स्थिरता और विकास का मजबूत आधार बनकर उभरी है। (अनंत ज्ञान)



### 2026 होगा भारत-आसियान समुद्री सहयोग वर्ष

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि साल 2026 को 'आसियान-इंडिया ईयर ऑफ मैरीटाइम कोऑपरेशन' के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान और तकनीक, स्वास्थ्य, ग्रीन एनर्जी और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में आसियान देशों के साथ सहयोग को लगातार मजबूत कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का विकसित भारत 2047 और आसियान का कम्युनिटी विजन 2045 एक साझा भविष्य की दिशा में कदम है। इसका लक्ष्य है पूरी मानवता के लिए एक उज्ज्वल, समावेशी और सतत विकासशील विश्व का निर्माण। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल के सम्मेलन का थीम 'इनक्लूसिविटी एंड सस्टेनेबिलिटी' भारत-आसियान की साझा भावना को दर्शाता है।

### 'मन की बात' कार्यक्रम में छठ महापर्व की दी बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक बार फिर से मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। यह कार्यक्रम का 127वां एपिसोड था। इस बार के एपिसोड में पीएम मोदी ने चर्चा की शुरुआत छठ महापर्व से की। पीएम मोदी ने देशवासियों को छठ महापर्व का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिले तो सभी लोग छठ उत्सव में एक बार जरूर भाग लें। छठ महापर्व भारत की एकता का सबसे बड़ा और सुंदर उदाहरण है। बता दें कि पिछली दफा पीएम मोदी ने त्योहार पर स्वदेशी समान खरीदने की अपील की थी और आत्मनिर्भर भारत पर जोर देने के लिए कहा था। पीएम मोदी ने मन की बात में जीएसटी बचत उत्सव, सरदार पटेल की 150वीं जयंती, रन फॉर यूनिटी जैसे विषयों पर भी बात की। पीएम ने कहा कि इस बार त्योहारों के दौरान जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप का कनाडा पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ

## टैरिफ के खिलाफ ऐड से नाराज, अब कनाडा को 45% टैरिफ देना होगा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। वे शुक्रवार को एक बेसबॉल मैच में टैरिफ के खिलाफ विज्ञापन दिखाने से नाराज हो गए। 2 दिन पहले इसी विज्ञापन की वजह से ट्रम्प ने कनाडा के साथ टैरिफ पर हो रही बातचीत रोक दी थी।



इस विज्ञापन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें वे टैरिफ को हर एक अमेरिकी के लिए नुकसानदेह बता रहे थे। अमेरिका ने कनाडा पर 35% टैरिफ लगा रखा है। नए ऐलान के बाद यह 45% हो जाएगा। भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ होगा। यह विज्ञापन कनाडा के ओंटारियो राज्य ने बनाया था। हालांकि ट्रंप के नाराज होने के बाद ओंटारियो के प्रीमियर ने कहा था कि वे रविवार के बाद इस विज्ञापन को वापस ले लेंगे। इसी दौरान शुक्रवार को वर्ल्ड सीरीज के पहले गेम इस विज्ञापन को चलाया गया था।

इस घटना के एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ बढ़ाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और कहा- कनाडा रंगे हाथों पकड़ा गया है, जिसने रोनाल्ड रीगन के टैरिफ पर दिए गए भाषण को लेकर एक फर्जी विज्ञापन चलाया। रीगन को राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े मकसद के लिए टैरिफ बहुत पसंद थे, लेकिन कनाडा ने कहा कि उन्हें पसंद नहीं थे। ट्रंप ने आगे कहा, कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जानते हुए कि यह एक धोखाधड़ी है, इसे वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# इलेक्शन कमीशन आज कर सकता है देशव्यापी एसआईआर का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सोमवार शाम को एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा, जिसमें पूरे देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की घोषणा की जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों के तहत उठाया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग के अधिकारी प्रक्रिया और पहले चरण के राज्यों की जानकारी साझा करेंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची में सुधार करना और इसमें नए मतदाताओं का समावेश करना है। इसमें नामों की जांच, पुराने मतदाताओं की पुष्टि और आवश्यक संशोधन शामिल होंगे। आयोग ने बताया कि एसआईआर के तहत मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर कर नए मतदाताओं को शामिल किया जाएगा, जिससे चुनावों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके। (अनंत ज्ञान)



# ट्राला यूनियन के पास बनेगी बहुमंजिला पार्किंग

## एमसी हमीरपुर करेगी पार्किंग निर्माण का कार्य, शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या से हल्की राहत की उम्मीद

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** पार्किंग की समस्या शहर में दिनों दिन गहराती जा रही है और अब क्योंकि म्युनिसिपल कॉरपोरेशन यहां अस्तित्व में आ गई है। इसलिए बड़े स्तर के काम भी उसकी मौजूदगी का हिस्सा बनेंगे। जिधर देखो, वहीं गाड़ियों की लंबी-लंबी लाइनें सड़कों के किनारे देखी जा सकती हैं, लेकिन अब इस समस्या के कुछ हद तक हल को लेकर एमसी हमीरपुर ट्राला यूनियन के पास भी एक बहुमंजिला पार्किंग के निर्माण की सोच भिड़ा रही है।

दरअसल में ट्राला यूनियन के पास साधारणता गाड़ियों की लंबी-लंबी करें यहां देखी जा सकती हैं, यहां पर इसका एक हिस्सा ट्राला यूनियन के लिए आवंटित किया गया था, लेकिन उसका उतना उपयोग भी नहीं हो पाया है। व्यावहारिक रूप में यहां पर बहुमंजिला पार्किंग की सुविधा हो जाए तो और भी बढ़िया हो जाएगा। क्योंकि यह जगह शहर के बिल्कुल सही ठिकाने पर है। यहां पार्किंग की सुविधा मिलने से शहरवासियों को भी काफी फायदा होगा। खासकर उन्हें जो बाहर से इस शहर में डीसी ऑफिस के पास अपनी गाड़ी में पहुंचना चाहते हैं, लेकिन वहां पर पार्किंग में उन्हें जगह नहीं मिलती, इसलिए 100 मीटर पीछे यदि इस स्थान को पार्किंग के लिए डिवेलप करवा लिया जाए, तो वाहन चालकों को काफी बड़ी सुविधा हो जाएगी।



> निश्चित रूप में पार्किंग की सुविधा बढ़ाने के लिए कॉरपोरेशन लगभग सभी वार्डों में अब जमीन तलाश रही है। जहां-जहां भी इसकी व्यवस्था हो पाएगी, उसकी प्रपोजल तैयार करने के लिए काम कर रही है। निश्चित रूप में ट्राला यूनियन के पास की जगह और भी सुविधाजनक होगी, इस जगह को लेकर प्रपोजल तैयार की जाएगी। कारपोरेशन के ध्यान में इस जगह का इस्तेमाल बेहतर हो इसकी चर्चा हुई है।
>
> **- राकेश शर्मा, कमिश्नर एमसी हमीरपुर।**

शहर में लगातार वाहनों की संख्या बढ़ रही है। हर कोई अपने वाहन में शहर तक पहुंचाना चाहता है। वैसे शहर के मध्य में कुछ प्राइवेट पार्किंग भी हैं, लेकिन वहां रेट स्पेसिफाई नहीं है। मनमर्जी की वजह से लोगों को दिक्कत भी होती है, मगर जिस जगह की अब प्लानिंग म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के ध्यान में आई है। वहां 200 के आसपास गाड़ियों की व्यवस्था हो जाएगी। यही सबसे बड़ी सुविधा वाहन चालकों को होगी।

दरअसल में पिछले कुछ सालों से इस जगह का इस्तेमाल इसलिए नहीं हो पाया, क्योंकि यहां इंडोर स्टेडियम बनाने की बात राजनीतिक झूले में झूलती रही है। जब भी इस जगह के इस्तेमाल की बात होती, तो कहा यही जाता कि तत्कालीन नगर परिषद ने इसे इंडोर स्टेडियम के लिए सुरक्षित रखा हुआ है। लेकिन अब क्योंकि यहां इंडोर स्टेडियम तो बनना नहीं है, इसलिए पार्किंग के लिए इस जगह का सदुपयोग हो जाए, तो 'सोने पे सुहागा' होगा। इस पर एमसी हमीरपुर ने काम करना शुरू कर दिया है।

# खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि फिट रहने का सरल माध्यम: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ कर खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन का ही नहीं बल्कि खुद को फिट रखने का सबसे सरल माध्यम है और मोदी ने भी युवाओं से यही आह्वान किया है कि वो कम से कम एक घंटा खेल के मैदान में बिताएं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन का नहीं बल्कि खुद को फिट रखने का सबसे सरल माध्यम है। मोदी ने युवाओं और नागरिकों को फिटनेस की ओर प्रेरित करने के लिए एक घंटा खेल के मैदान में का आह्वान किया है। जिन राष्ट्रनायक लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के स्मृति में इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। संयोग से 5 दिन बाद अर्थात 31 अक्तूबर को उनका जन्म दिवस भी है।



**कहा- पीएम मोदी का भी आह्वान, एक घंटा खेल के मैदान में बिताएं युवा**

यह सरदार पटेल के 150वां जन्मदिवस है और केंद्र में मोदी सरकार से लेकर पूरे देशभर में सरदार पटेल के 150 वें जन्म दिवस के अवसर पर आयोजन की तैयारी है। अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में देश बदल रहा है। अब चाहे यह देश की आर्थिक उन्नति की बात हो या फिर खेल में प्रगति की भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनायी है।

## न्यूज ब्रीफ

### दाड़ी पंचायत के घरान में महिला मंडल भवन का शिलान्यास और जल टैंक का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत दाड़ी के गांव घरान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भोरंज द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अतिथि ने महिला मंडल भवन का शिलान्यास किया और जल शक्ति विभाग की 50 हजार लीटर क्षमता वाले जल भंडारण टैंक का भूमि पूजन भी संपन्न किया। मुख्यातिथि ने कहा कि यह भवन गांव की महिलाओं के सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा तथा सामाजिक, सांस्कृतिक और जनहित कार्यों के संचालन का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। वहीं, जल भंडारण टैंक के निर्माण से क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी और लोगों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनता का जोश देखने लायक रहा। मुख्य अतिथि ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रदीप चढा, सहायक अभियंता (उपमंडल कंजयाण) राकेश लखनपाल, संगीता शर्मा, चन्दन जैलदार, कनिष्ठ अभियंता संजू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### टौणी देवी स्कूल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का आगाज

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर उत्साहपूर्वक आरंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में समाजसेवी और पूर्व छात्र सुनील चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षक और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे इस शिविर को केवल गतिविधि के रूप में न देखें बल्कि जीवन कौशल और व्यवहारिक प्रशिक्षण के रूप में पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ भाग लें। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि शिविर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण, नशा-मुक्ति, ट्रैफिक जागरूकता, मतदाता जागरूकता और ग्राम स्वच्छता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर में कुल 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं, जो आने वाले सात दिनों तक सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ अपने व्यक्तित्व और सामाजिक चेतना का विकास करेंगे।

### लदरौर स्कूल के स्वयंसेवियों ने साफ सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन में स्वंयसेवियों ने स्कूल परिसर व गोद लिए गांव में साफ-सफाई करके ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया। स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी अच्युतम वर्मा व लता कुमारी ने बताया कि स्वयंसेवियों ने प्रोजेक्ट कार्य का आगाज सुवह प्रभात फेरी व स्वास्थ्य के लिए योग क्रियाएं करके किया। शैक्षणिक सत्र के दौरान जीव विज्ञान प्रवक्ता अमृत लाल ने स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे दशमी की परीक्षा के बाद सही विषय का। चुनाव नहीं कर पाते ऐसे में बच्चों की करियर काउंसलिंग का होना जरूरी है। करियर काउंसलिंग ना होने के कारण विद्यार्थियों को भविष्य में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि भविष्य की नींव को मजबूत बनाने के लिए सही विषय और सही क्षेत्र चुने तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करें। इस अवसर पर स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारीअच्युतम वर्मा लता कुमारी ने अमृत लाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस मौके पर स्कूल के अन्य प्रध्यापक व अध्यापक गण व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन माफिया बेखौफ, सरकार और प्रशासन के आदेशों की सरेआम अवहेलना



**अनंत ज्ञान, टौणीदेवी**

बमसन क्षेत्र के तहत आने वाली खड़ जंगलेड (पोहंज स्कूल के पास) में इन दिनों खनन माफिया खुलेआम अवैध खनन कर रहे हैं। आचार संहिता लागू होने के चलते सरकार ने खनन गतिविधियों पर रोक लगाई है, बावजूद इसके ट्रैक्टर और टिप्पर ऑपरेटर प्रशासनिक आदेशों की सरेआम अवहेलना कर रहे हैं। प्रतिदिन 15 से 20 टिप्पर और ट्रैक्टर पत्थर व बजरी खड्डों से निकालकर ले जा रहे हैं, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान हो रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों रमेश चंद, मंजीत सिंह, राकेश, रूप चंद, शेर सिंह, संजीव, सुभाष चंद और विजय आदि ने बताया कि ये ऑपरेटर न केवल खड्डों से बल्कि निजी भूमि से भी अवैध खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इन लोगों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। लगातार खनन से खड्डों का स्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे भूमि को गंभीर नुकसान हो रहा है और भूजल स्तर भी तेजी से गिर रहा है।

**ग्रामीणों ने की मुख्यमंत्री से सख्त कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन पर तुरंत रोक लगाई जाए तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए ताकि पर्यावरण और किसानों की जमीन दोनों सुरक्षित रह सकें।

# सीएम उड़ा रहे बड़सर के लोगों का मजाक: भाजपा

## कहा-सार्वजनिक रूप में माफी मांगें नहीं तो अगले विस चुनावों में लोग देंगे करारा जवाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

भाजपा की जिला इकाई ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को निशाना बनाकर उनका मजाक उड़ाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कड़ी आलोचना की है। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विपिन अग्निहोत्री, चमन ठाकुर और संजीव शर्मा ने कहा है कि बड़सर विस क्षेत्र के लोगों को निशाना बनाकर हाल ही में दिए गए मुख्यमंत्री के अपमानजनक बयानों शेख क्षेत्र वासियों को गहरी ठेस लगी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान कि बड़सर के लोग ईमानदारों के बजाय धोखेबाजों को चुनते हैं। बड़सर के मासूम लोगों की गरिमा और समझदारी का सीधा अपमान है।



भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार के मुखिया की ऐसी अपमानजनक भाषा कांग्रेस सरकार की निराशा और अहंकार को दर्शाती है। उन्होंने कहा, सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे अक्षम और दिशाहीन सरकार साबित हुई है। जनता की असली समस्याओं को हल करने के बजाय, मुख्यमंत्री भाजपा सांसदों और केंद्रीय नेताओं पर आरोप लगाकर ध्यान भटका रहे हैं।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन अग्निहोत्री ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के अपने पिछले दौरे के दौरान राज्य के लिए तुरंत प्रभाव से ₹1,500 करोड़ का अनुदान स्वीकृत किया था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने हाल ही में 2023 की विनाशकारी बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने के बाद राहत और पुनर्निर्माण प्रयासों के लिए ₹2,006.40 करोड़ की केंद्रीय सहायता राशि जारी की है। अग्निहोत्री ने कहा कि इससे पहले, 12 दिसंबर, 2023 को गृह मंत्रालय ने हिमाचल के लिए एनडीआरफ से ₹633.73 करोड़ भी स्वीकृत किए थे। मुख्यमंत्री को रैलियों में झूठे बयान देकर जनता को गुमराह करने के बजाय यह स्पष्ट करना चाहिए कि यह भारी केंद्रीय सहायता कहाँ खर्च की गई है।

चमन ठाकुर ने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार लोगों के कल्याण के लिए काम करने के बजाय मुख्यमंत्री के करीबी दोस्तों और रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाने पर ज़्यादा ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि खराब योजना वाली नीतियों के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति तेज़ी से बिगड़ रही है। सरकारी कर्मचारी, किसान और आम नागरिक सभी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, फिर भी प्रशासन मुख्यमंत्री के गुट को खुश करने में व्यस्त है।

इस बीच, बड़सर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले भाजपा के ज़िला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा ने बड़सर के लोगों को बेइज्जत करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बड़सर के रहने वालों को धोखेबाजों का समर्थक कहना न सिर्फ़ राजनीतिक रूप से गैर-ज़िम्मेदाराना है, बल्कि यह उनके आत्म-सम्मान का भी अपमान है। क्या मुख्यमंत्री को लगता है कि बड़सर के लोग सही और गलत में फर्क करने के लिए समझदार नहीं हैं? लोग 2027 में कांग्रेस इस व्यवहार के लिए करारा जवाब देंगे।

भाजपा नेताओं ने मांग की कि मुख्यमंत्री अपने आपत्तिजनक बयान वापस लें और बड़सर के लोगों से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगें। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस सरकार के घमंड और असंवेदनशीलता के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी।

# पूर्व विधायक हो चुके हैं मुख्यमंत्री फोबिया के शिकार: रणजीत सिंह

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने ग्राम पंचायत नाडसी के पंचायत घर व टपरे पंचायत के सीएससी का उद्घाटन किया। जनता ने विधायक का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पूजा पाठ के साथ ग्राम पंचायत टपरे के सीएसी भवन व ग्राम पंचायत नाडसी के नए पंचायत घर का लोकार्पण विधायक कै रणजीत सिंह ने किया। विधायक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा 1 साल के कार्यकाल में लगभग दोनों पंचायत में 30 से 40 लख रुपए के कार्य हुए हैं। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के हर चपे चपे में विकास की गंगा बह रही है अरे यूं ही बहती रहेगी। विधायक ने पूर्व विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले वे अपने गिरेबान में झांक कर बात करें। विधायक ने कहा कि जिनके खुद के घर शीशे के होते हैं, वे दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते।

विधायक ने कहा पूर्व विधायक सुजानपुर विधानसभा में लगे कार्यों को देखकर बोखला गए हैं। उन्हें सुजानपुर का विकास रास नहीं आ रहा। वे सुजानपुर विधानसभा के विकास को देखकर बोखला चुके हैं। पूर्व विधायक हर कार्य के लिए कहते हैं कि मैंने यह किया मैंने वह किया, लेकिन धरातल पर उन कार्यों को देखा जाए तो वह शून्य के बराबर है। आज सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता सुजानपुर के विकास के ऊपर चर्चा कर रही है, तो दूसरी ओर पूर्व विधायक उन कार्यों का श्रेय लेने की प्रयास कर रहे है।

**विधायक ने नाडसी पंचायत घर व टपरे पंचायत के सीएससी का किया उद्घाटन**

विधायक ने कहा कि आए दिन पूर्व विधायक मुख्यमंत्री जी के ऊपर टीका टिप्पणी करते रहते हैं। वह टीका टिप्पणी किसी मुद्दे के आधार पर नहीं बल्कि अपने आप को सुर्खियों में रहने के लिए करते हैं। जनता ने उन्हें तीन बार विधायक बनाया, लेकिन पूर्व विधायक का कार्यकाल शून्य के बराबर रहा। इसलिए उन्हें न मुख्यमंत्री के ऊपर टीका टिप्पणी करने की आवश्यकता है और न ही किसी और के ऊपर अगर टीका टिप्पणी करनी है तो अपने ऊपर करें और जनता को हिसाब दे की 15 साल उन्होंने क्या किया। इस मौके पर टपरे पंचायत के प्रधान दीवान, नाडसी के प्रधान सुनील कुमार, पंचायत प्रतिनिधि टुडे देवी ब्लॉक के प्रभारी सुरेश कुमार, अनुसूचित जाति के अध्यक्ष रत्न चंद इंस्पेक्टर प्यार चंद सुभाष चंद अन्य कांग्रेस नेता व स्थानीय जनता भारी मात्र में उपस्थित रही।

## राजीव राणा ने सुधीर शर्मा के अभद्र बयान को बताया प्रदेश की राजनीति पर धब्बा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के विरुद्ध सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह बयान ओछी, हताश और



स्तरहीन राजनीति का प्रतीक है, जो हिमाचल जैसी शालीन राजनीतिक संस्कृति पर कलंक है। राजीव ने रविवार को यहां जारी एक प्रेस अभियान में कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू 75 लाख हिमाचलवासियों की जनभावनाओं, सम्मान और जनादेश के प्रतीक हैं। ऐसे में उनके विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग वास्तव में हिमाचल की जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दा-आधारित राजनीति छोड़कर अब घटिया भाषा और व्यक्तिगत हमलों पर उतर आया है, जो उनकी मानसिक कुंठा और राजनीतिक निराशा को दर्शाता है। राणा ने स्पष्ट मांग रखी कि इस मामले में संगठनात्मक व आवश्यक हो तो कानूनी कार्यवाही हो, ताकि कोई भी जनप्रतिनिधि भविष्य में सोशल मीडिया को गटर राजनीति का माध्यम न बना सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता सीएम सुक्खू के सम्मान की रक्षा के लिए चट्टान की तरह एकजुट हैं और हिमाचल की राजनीति को मर्यादा, संवाद और जनहित की दिशा में ही आगे बढ़ने देंगे।

## मन्वीं गांव में सड़क निर्माण कार्य शुरू, विधायक का किया धन्यवाद



**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के गांव लग से मन्वीं (एंबुलेंस रोड) तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस नई सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवाजाही की सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही परिवहन संबंधी परेशानियां दूर होंगी।

सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गांव के अनेक लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस सड़क के बन जाने से न केवल गांवों के बीच संपर्क बेहतर होगा, बल्कि स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी।

गांव के केशव कौशल, शशी शर्मा, हंस राज तथा अन्य ग्रामीणों ने विधायक सुरेश कुमार के प्रति कृतज्ञता जताई और कहा कि विधायक लगातार क्षेत्र के विकास कार्यों में रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी तरह के विकास कार्यों से ग्रामीणों को लाभ मिलता रहेगा।

# हमीरपुर में 25000 सदस्य बनाएगी राजपूत महासभा

## डीसी को सौंपेगी ज्ञापन, प्रतियोगी परीक्षाओं में फीस का मामला भी उठाएगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला राजपूत महासभा की कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान अजमेर ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर केएस जमवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सभा के सभी सदस्यों ने एकमत से तय किया कि इसी वित वर्ष में सभा पूरे जिला में 25000 सदस्यों को सदस्यता दिलाने का काम करेगी ताकि राजपूत समाज को अपने हितों की रक्षा के साथ साथ सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। बैठक के बाद महासचिव जोगेंद्र ठाकुर ने बताया कि सभा सरकार को जिलाधीश और अन्य साधनों के द्वारा अपनी मांगों के ज्ञापन प्रस्तुत करेगी ताकि प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और विभिन्न विभागों और आयोगों द्वारा ली जा रही प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस में बेरोजगार युवकों के साथ हो रहे भेदभाव के प्रति अवगत कराया जा सके। अनुसूचित जाति जनजाति प्रताड़ना कानून के बेतहाशा दुरुपयोग पर भी सरकार के दखल के मामले में भी सरकार को ज्ञापन सौंपने का निर्णय हुआ। सभा के ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार को लेकर ब्लॉक स्तर पर कमेटियों के गठन पर जोर देने का फैसला भी लिया गया । इसी कड़ी जिलाध्यक्ष ने नादौन ब्लॉक से विनोद को अध्यक्ष, सुभाष ठाकुर को महासचिव, महिला विंग की जिला प्रभारी की जिम्मेवारी वीना को दी गई।




बैठक के दौरान विचार रखते हुए जिला महासचिव जोगिंदर ठाकुर।

युवा विंग को शशक्त करते हुए पंकज अत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सभा के कर्मचारी विंग के जिला संयोजक के रूप में रणजीत पटियाल को नियुक्त किया गया। इसी कड़ी में जिला के प्रमुख प्रवक्ता के तौर पर विक्रम ठाकुर विक्की को नियुक्ति दी गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष डीएस डढ़वालिया, चंदेल, प्रदेश बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रभारी अश्वनी राणा, वित सचिव रविंद्र सकलानी, संयुक्त सचिव विनोद डडवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुबीर राणा, राजिंद्र ठाकुर, सचिव रणजीत ठाकुर अनूप, लीगल विंग के संयोजक दिनेश ठाकुर, महिला विंग अध्यक्ष वीना कपिल, भूतपूर्व सैनिक विंग अध्यक्ष अनिल ठाकुर, कैप्टन प्रकाश, युवा विंग अध्यक्ष परमिंद्र पम्मी सुरेश कटोच व सुरेश ठाकुर उपस्थित रहे।

## दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव 29 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाली दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनाव की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया 13 अक्तूबर से शुरू होगी, जबकि मतदान 29 अक्तूबर को संपन्न होगा। सहकारी सभा के अधिकारियों ने बताया कि चुनाव पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है, जो नामांकन, छंटनी और मतदान की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 15 अक्तूबर को होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर निर्धारित की गई है। इसके बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा स्थानीय किसानों को उर्वरक, बीज, कृषि उपकरण और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करती है।

**मुलाकात** भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने की पूर्व सीएम से शिष्टाचार भेंट

# आपदा में केंद्र सरकार ने दिया साथ: धूमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल से हमीरपुर में शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर धूमल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को हमेशा प्रथम स्थान दिया गया है, जुलाई महीने में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह महसूस किया गया कि हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, अचानक बाढ़, भूस्खलन और मूसलाधार वर्षा की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई है, जिससे राज्य में व्यापक जनहानि, बुनियादी ढांचे और आजीविका को नुकसान और पर्यावरण का नुकसान हुआ है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तुरंत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे, भूविज्ञानी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के विशेषज्ञों की एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम गठित करने का आदेश दिया। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून 2025 के दौरान बाढ़, अचानक आई बाढ़ और



भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने की पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट

भूस्खलन के मद्देनजर, केंद्र सरकार ने उनके ज्ञापन का इंतज़ार किए बिना ही, नुकसान का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल को पहले ही भेज दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्र सरकार आपदाओं के समय बिना किसी भेदभाव के राज्यों के साथ मजबूती से खड़ी है। इसी दिशा में, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने वर्ष 2023 के लिए बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिये हिमाचल प्रदेश को 2006.40 करोड़ के परिव्यय को पहले ही मंजूरी दे दी है और 7 जुलाई 2025 को 451.44 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी जारी कर दी है।

**कहा- पीएम मोदी के नेतृत्व में हिमाचल को हमेशा मिली प्राथमिकता**

**पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. धूमल ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात**

इसके अलावा, राज्य के प्रभावित लोगों की सहायता के लिए, केंद्र सरकार ने तत्काल राहत उपायों के लिए 18 जून 2025 को राज्य आपदा मोचन निधि से हिमाचल प्रदेश को 198.80 करोड़ रुपये की केंद्रीय हिस्सेदारी की पहली किस्त पहले ही जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश सहित सभी राज्यों को आवश्यक राष्ट्रीय आपदा मोचन बाल टीमें, सेना टीमें और वायु सेना की तैनाती सहित सभी प्रकार की रसद सहायता भी प्रदान की है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुधीर की सीएम पर टिप्पणी राजनीतिक हताशा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतीन्दर पॉल सिंह उर्फ सिंटू राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर सुधीर शर्मा द्वारा की गई टिप्पणी उनके मानसिक असंतुलन और राजनीतिक हताशा को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश के विकास पुरुष हैं, जो निरंतर जनहित में निर्णय ले रहे हैं। राणा ने शिमला से जारी बयान में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान द्वारा दिए गए बयान का समर्थन करते हुए कहा कि सुधीर शर्मा लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के साथ दोहरा रवैया अपनाते रहे हैं और अब भाजपा में भी असहज महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व और राजनीतिक समझदारी के कारण विफल हुआ। सिंटू राणा ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सुधीर शर्मा इस तरह की अनुचित टिप्पणी दोहराते हैं, तो युवा कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांगड़ा में हर स्थान पर लोकतांत्रिक ढंग से उनका विरोध करेंगे।

### सीएम सुक्खू को आपदा राहत का सौंपा चेक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आज एपीएमसी हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा ने आपदा राहत कोष के लिए दो लाख 51 हजार रुपए का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस नेक कार्य के लिए अजय शर्मा का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की मदद के लिए इस प्रकार के योगदान अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि यह सहयोग प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से भी प्रदेश के पुनर्निर्माण और आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास में सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आपदा राहत कोष के लिए एपीएमसी हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा द्वारा 2.51 लाख रुपए का चेक भेंट करते हुए।

### कैंप में 150 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के माल रोड स्थित इंदिरा गांधी खेल परिसर में रविवार को मैक्स अस्पताल, मोहाली द्वारा आयोजित निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप में 150 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। विधायक हरीश जनारथा ने शिविर का शुभारंभ किया। कैंप का उद्देश्य लोगों में नियमित स्वास्थ्य जांच, शीघ्र निदान और जीवनशैली में सुधार के माध्यम से दीर्घकालिक बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान अस्पताल की ऑर्थो और इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ टीम ने जोड़ों के दर्द, हड्डियों की घनत्व, रक्तचाप, ब्लड शुगर और बीएमआई जैसी जांचें कीं। मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट डॉ. पिनाक मौदगिल ने कहा कि अस्पताल का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के नजदीक पहुंचाना और उन्हें अपनी स्वास्थ्य स्थिति के प्रति जागरूक बनाना है ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर गंभीर बीमारियों से बच सकें।

### लवी मेले में खेल गतिविधियों पर विशेष जोर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2025 के तहत रामपुर बुशहर में 28 अक्तूबर से 9 नवंबर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। मेले का इस वर्ष का खेल थीम है 'नशे को नहीं, फिटनेस को छूने खेल और स्वस्थ रहे', जिसका उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और स्वस्थ जीवनशैली बढ़ावा देना है। 28-29 अक्तूबर को कॉलेज ग्राउंड में जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता होगी, जिसके माध्यम से जिला शिमला टीम का चयन किया जाएगा। 4-6 नवंबर तक बॉयज़ स्कूल में राज्य स्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 7-9 नवंबर को पीजी कॉलेज में इंटर अकादमी बॉक्सिंग और इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी। उपमंडलाधिकारी हर्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि ये खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना जैसे गुण विकसित करेंगी।

### एचआरटीसी बस से टकराई कार, चालक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में टूटीकंडी आईएसबीटी के पास एक सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है, जहां एक तेज गति से आ रही कार नियंत्रण खोकर सड़क किनारे खड़ी हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस से टकरा गई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है, हालांकि प्राथमिक तौर पर यह हादसा कार चालक की कथित लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण हुआ माना जा रहा है।

# हिमाचल में दिसंबर में होंगी 3 राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं : शिक्षा मंत्री

## प्रतियोगिताओं में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी लेंगे भाग

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश दिसंबर माह में तीन राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा, जिनके आयोजन के लिए एक करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। इन प्रतियोगिताओं में देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें अंडर-14 वर्ग में वॉलीबाल, अंडर-19 वर्ग में हैंडबॉल और कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

शिक्षा मंत्री रविवार को अपने गृह क्षेत्र जुब्बल में आयोजित छात्राओं की राज्य स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। यह प्रतियोगिता ठाकुर रामलाल स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल में आरंभ हुई है। राज्यभर के 12 जिलों और एक खेल छात्रावास से कुल 507 छात्राएं इसमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसी स्पर्धाएं शामिल हैं।

मंत्री ने बताया कि सरकार खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार कदम उठा रही है। खिलाड़ियों की डाइट मनी 120 रुपए से बढ़ाकर 220 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से छात्रावास का नया भवन तैयार किया गया है, जिससे यहां प्रशिक्षण ले रही छात्राओं को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। विद्यालय के साइंस ब्लॉक भवन का निर्माण भी दो करोड़ सैंतालीस लाख रुपये की लागत से किया गया है।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जुब्बल में छात्रा को सम्मानित करते हुए।

### जुब्बल में शिक्षा का नया अध्याय

**रोहित** ठाकुर ने बताया कि जुब्बल क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। डकैढ़ गांव में 17 करोड़ रुपए की लागत से शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया जा रहा है जो इस क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देगा। साथ ही आईटीआई जुब्बल का नया भवन भी तैयार है, जिसे नवंबर माह में जनता को समर्पित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे।





पहाड़ी नाटियों का समां बांधते प्रसिद्ध लोक गायक कुलदीप शर्मा।

## फ्लाइंग फेस्टिवल में कुलदीप शर्मा की नाटियों पर झूमे दर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जुन्गा की सुरम्य घाटी में चल रहे फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2025 की शाम उस वक्त रंगों और सुरों से सराबोर हो उठी, जब प्रसिद्ध लोकगायक कुलदीप शर्मा ने मंच संभाला। जैसे ही उन्होंने 'तेरा मेरा प्यार अड़िए' और 'बचपनो रा नाटी' जैसी लोकप्रिय नाटियां गुनगुनाईं, पूरा मैदान झूम उठा। ठंडी हवा के साथ नाटियों की थाप और दर्शकों के कदमों की लय ने जुन्गा की फिजाओं में एक अद्भुत राग घोल दिया।

आयोजकों ने इस सांस्कृतिक संध्या का आयोजन विशेष रूप से उन पायलटों, पर्यटकों और निवेशकों के स्वागत में किया था, जो विभिन्न राज्यों से हिमाचल की मेहमाननवाजी का अनुभव करने पहुंचे थे। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि हिमाचल की जीवंत लोक संस्कृति से देशभर के मेहमानों को रू-ब-रू करवाना था।

कुलदीप शर्मा ने पहाड़ी गीतों, कांगड़ी और मंडयाली नाटियों से लेकर लोकप्रिय हिन्दी गानों तक ऐसी प्रस्तुति दी कि दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। भीड़ भले ही अपेक्षाकृत कम थी, लेकिन उत्साह और जोश की कोई कमी नहीं रही। शर्मा की गायकी ने हर श्रोता को मंत्रमुग्ध कर दिया, मानो जुन्गा की वादियां खुद गीतों में झूम उठी हों। कार्यक्रम में तहसीलदार जुन्गा नारायण सिंह वर्मा, चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा, ग्लाइड इन के प्रबंध निदेशक अरुण रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और आयोजक मौजूद रहे। सांस्कृतिक संध्या का समापन तालियों की गूंज और हिमाचली लोकधुनों की मादक लहरों में हुआ।

## एशियाई मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नंदलाल करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल का परचम एक बार फिर खेलों में लहराने जा रहा है। मशोबरा स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के शारीरिक शिक्षा शिक्षक नंदलाल शर्मा भारत की ओर से 23वीं एशियाई मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता 5 से 9 नवंबर तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगी। शर्मा 45-50 वर्ष आयु वर्ग में लॉन्ग जंप और ट्रिपल जंप में दमखम दिखाएंगे।

नंदलाल ने बताया कि एशियाई चैंपियनशिप का चयन बेहद कठिन प्रक्रिया के बाद हुआ। उन्होंने पहले सोलन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया, फिर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्हें एशियाई मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।

शर्मा फिजिकल एजुकेशन में एमफिल और वॉलीबॉल में एनआईएस क्वालिफाइड कोच हैं। समर्पण और अनुशासन के लिए वे पूरे प्रदेश में आदर्श शारीरिक शिक्षक माने जाते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. अनीता गुप्ता, एसएमसी प्रधान उमाशंकर, शिक्षकों आदि ने उनके चयन पर हार्दिक बधाई दी और इसे विद्यालय व प्रदेश के लिए गौरव का क्षण बताया।

## सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं संग सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कुसुम्पटी शहरी मंडल के बूथ नंबर 16, ढल्ली ग्रामीण में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचार राष्ट्र सेवा के संकल्प को और मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हर जीव के कल्याण के लिए समर्पित रहते हैं, इसलिए हमें 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को और आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष केशव चौहान, मंडल अध्यक्ष भारत भूषण ठाकुर, आशा शर्मा, गीता देवी, ओम प्रकाश, जीत सिंह, कुलवंत ठाकुर, मंजू कौशल और किरण देवी उपस्थित रहे।

## द ग्रेट खली के फ्लाइंग फेस्टिवल में न आने से दर्शक हुए निराश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

जुन्गा के ग्लाइड-इन मैदान में चल रहे फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो-2025 में उस वक्त दर्शकों का उत्साह ठंडा पड़ गया जब अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेसलर दलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। दूसरे दिन खली के आगमन की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी, जिससे स्थानीय लोगों में भारी उत्सुकता थी, लेकिन उनके न पहुंचने से माहौल निराशाजनक हो गया।

सुबह से ही बड़ी संख्या में दर्शक, पर्यटक और स्थानीय युवा खली की एक झलक पाने के लिए मैदान में पहुंचे थे। कई लोग अपने परिवारों के साथ आए थे, ताकि इस मशहूर रेसलर के साथ फोटो खिंचवाने और उनसे मिलने का मौका मिल सके। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, खली के आने की चर्चाएं तेज होती रहीं, लेकिन दोपहर तक यह खबर फैल गई कि वह किसी जरूरी कार्य के चलते जुन्गा नहीं आ पाएंगे।

आयोजक समिति और उपस्थित दर्शक दोनों ही इस अप्रत्याशित बदलाव से निराश नजर आए। ग्लाइड-इन प्रबंध निदेशक अरुण रावत ने बताया कि द ग्रेट खली जुन्गा के लिए रवाना हो चुके थे, लेकिन रास्ते में किसी जरूरी काम के कारण उन्हें कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आयोजकों को खली के आने का उतना ही इंतजार था जितना दर्शकों को, लेकिन परिस्थितियों के कारण उनका पहुंचना संभव नहीं हो सका।

स्थानीय युवाओं ने कहा कि वे खली से मुलाकात और फोटो सेशन के लिए उत्साहित थे। कई दर्शकों ने बताया कि उन्होंने उनके बचपन से खली को टीवी पर देखा है और रेसलिंग के प्रति उनमें प्रेरणा जगाई है। लोगों का कहना था कि खली जैसे व्यक्तित्व का हिमाचल आना अपने आप में गर्व की बात होती, लेकिन उनके न आने से पूरे कार्यक्रम की रौनक कुछ फीकी पड़ गई।

## रामपुर में एलपीजी उपभोक्ताओं को बिना वजन दिए जा रहे सिलेंडर

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**



**रामपुर बुशहर।** नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा रामपुर में उपभोक्ता अधिकारों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। एलपीजी उपभोक्ताओं को बिना नाप तोल किए गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। उपभोक्ता अक्सर शिकायत करते हैं कि यहां उन्हें बिना वजन किए सिलेंडर दिए जाते हैं, जिससे उन्हें चूना लग रहा है। जबकि सरकारी आदेशों के अनुसार उपभोक्ताओं को बिना वजन किया गैस सिलेंडर देना कानूनी अपराध है लेकिन इस बारे विभाग की अधिकारी भी आंखें मूंदे हुए हैं। हैरानी इस बात की है कि एलपीजी सप्लाई करने वाली गाड़ी में वजन करने की मशीन तक नहीं रखी जाती है।

आज रविवार को जब एलपीजी सिलेंडर स्थानीय चौधरी अड्डा पर उपभोक्ताओं को दिए जा रहे थे, तो उनमें इसके अलावा भी अन्य अनियमितताएं पाई गई। यहां तक कि एक्सपायरी डेट के सिलेंडर भी उपभोक्ताओं को दिए जा रहे हैं। इस बारे खाद्य एवं आपूर्ति विभाग निरीक्षक रामसिंह कटोच से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बारे उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो वे इसकी जांच करेंगे और इसका कड़ा संज्ञान लिया जाएगा।

रामपुर में पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय से उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार अमर सिंह ने माना कि वजन करने की मशीन आज मौके पर नहीं है, आइंदा इसका ध्यान रखा जाएगा। जहां तक एक्सपायरी डेट के सिलेंडर के उपयोग का प्रश्न है तो गलती से एक आध सिलेंडर आ गया होगा, जबकि लोगों का आरोप है कि आज तक वजन करके सिलेंडर कभी नहीं दिए गए हैं। विभाग को इसके प्रति कड़ा संज्ञान लेने की जरूरत है।

## मुख्यमंत्री प्रदेश हित में ले रहे सराहनीय निर्णय : बलदेव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं राज्य शहरी परिवहन एवं बस अड्डा प्रबंधन प्राधिकरण के निदेशक बलदेव ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार प्रदेश हित में दूरदर्शी और जनकल्याणकारी कदम उठा रहे हैं। अस्थायी कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय हजारों परिवारों को आर्थिक राहत देने वाला कदम है, वहीं परिवहन विभाग में डीजल और पेट्रोल टैक्सियों को इलेक्ट्रिक टैक्सियों से बदलने का निर्णय प्रदेश को हरित राज्य बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल साबित होगा। बलदेव ठाकुर ने कहा कि महापौर का कार्यकाल बढ़ाने और पंचायती राज चुनावों को आगे करने का निर्णय भी व्यावहारिक और प्रशासनिक दृष्टि से उचित है। इससे स्थानीय निकायों में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी और चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास, पर्यावरण संरक्षण और कर्मचारी कल्याण को संतुलित रूप से आगे बढ़ा रही है, जिससे हिमाचल आत्मनिर्भर और आधुनिक राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है।



## हिमाचल में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में नए युग की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश आज तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य ने तकनीकी शिक्षा को डिजिटल और रोजगार उन्मुख दिशा दी है। रोजगार मेलों, संयुक्त प्लेसमेंट ड्राइव और कैंपस भर्तियों के माध्यम से अब तक 12,378 युवाओं को रोजगार मिल चुका है, जबकि 14,421 से अधिक छात्रों और 1203 शिक्षकों ने ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से डिजिटल लर्निंग अपनाई है। यह परिवर्तन राज्य को शिक्षा और उद्योग के बीच सेतु के रूप में स्थापित कर रहा है।

सरकार ने परंपरागत पाठ्यक्रमों से हटकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और मेक्ट्रोनिक्स जैसे भविष्योनमुखी पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। 348 तकनीकी और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का मजबूत नेटवर्क आज राज्य की सबसे बड़ी ताकत बन चुका है। सुंदरनगर के जेएलएन इंजीनियरिंग कॉलेज के चार स्नातक कार्यक्रमों को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड की मान्यता मिलना इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। राज्य सरकार ने उद्योगों के साथ 170 से अधिक समझौते कर युवाओं के लिए इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर खोले हैं।



तकनीकी संस्थानों में छात्र आधुनिक उपकरणों और स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से भविष्य की तकनीक सीखते हुए।

ड्रोन सेवा तकनीशियन प्रशिक्षण जैसे अभिनव कार्यक्रम युवाओं को नई तकनीकों में दक्ष बना रहे हैं। एडीबी द्वारा वित्त पोषित 80.98 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के माध्यम से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों को आधुनिक उपकरण, सौर संयंत्र और स्मार्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। तकनीकी संस्थान अब केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि रोजगार और नवाचार के केंद्र बन रहे हैं। राज्य के युवाओं में कौशल सृजन और आत्मनिर्भरता की भावना तेजी से बढ़ रही है, जो उनके भविष्य में निखार ला रहा है।

## चियोग स्कूल की छात्राएं राज्य स्तर पर लहराएंगी अपना परचम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग की दो छात्राएं सेजल और इशिता अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाएंगी।

हाल ही में ऊना में संपन्न राज्य स्तरीय अंडर-19 छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में सेजल ने कराटे में और इशिता ने कोराश में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। दोनों छात्राओं के इस शानदार प्रदर्शन के चलते उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। इससे पहले रोहड़ू में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चियोग स्कूल की 14 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय मुकाबलों के लिए हुआ था, जिसमें उन्होंने हैंडबॉल, योग, कुश्ती, कोराश और कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य संदीप शर्मा और शिक्षकों ने छात्राओं का फूल-मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने हर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने सेजल और इशिता को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान रमेश वर्मा, डीपीई रमेश वर्मा, पीटीई कौशल्या वर्मा सहित अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों की मेहनत को दिया है। पूरे चियोग क्षेत्र में छात्राओं की इस उपलब्धि से खुशी की लहर है।



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य संदीप शर्मा व अन्य शिक्षक।

### सेजल कराटे और इशिता का कोराश में हुआ चयन

**मदद**

### नवंबर में बिछेगा 1500 किमी सड़कों का जाल, ग्रामीण विकास को नई रफ्तार देंगे सड़क निर्माण कार्य

## केंद्र से हिमाचल को मिली 4500 करोड़ की सहायता

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार से अब तक हिमाचल प्रदेश को 4500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है, जिससे लोक निर्माण और शहरी विकास विभागों के कार्यों को नई ऊर्जा मिली है।

शिमला ग्रामीण के पाहल में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नवंबर माह में प्रदेशभर में 1500 किलोमीटर सड़कों का जाल बिछाने की मंजूरी मिलने जा रही है, जिससे सैकड़ों गांव मुख्य सड़कों से जुड़ेंगे और लाखों ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पाहल पंचायत में अढ़ाई वर्षों में 22 लाख रुपए के विकास कार्य पूरे किए गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत के विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपए, स्कूल के रसोईघर और शौचालय मरम्मत के लिए डेढ़ लाख रुपए तथा छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

विक्रमादित्य सिंह ने पाहल पंचायत में नाबार्ड की सहायता से बनने वाली 13 करोड़ रुपए की नेहवट घैणी-देवीदार सड़क, नयासेर खड्ड पर पुल निर्माण और 1.2 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पाहल-बैला घाट-कोटला संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया। इसके साथ उन्होंने राजकीय उच्च विद्यालय बमौत के परीक्षा केंद्र का लोकार्पण भी किया। लोक निर्माण मंत्री ने कायना स्कूल में बीएसएनएल द्वारा 22 लाख रुपए की लागत से निर्मित साइंस लैब का उद्घाटन किया, जिसमें फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने मिडिल स्कूल के तीन कमरों के निर्माण के लिए 3.50 लाख रुपए और छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।



विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सौ स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड लागू करने की प्रक्रिया जारी है, जिससे शिक्षा का स्तर राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक लैब जैसी सुविधाओं से ग्रामीण छात्रों को विज्ञान शिक्षा में उत्कृष्ट अवसर प्राप्त होंगे। सरकार का उद्देश्य शिक्षा और विकास के हर पहलू को संतुलित रूप से आगे बढ़ाना है ताकि हिमाचल के युवा आत्मनिर्भर बन सकें।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र में फाइन आर्ट्स कॉलेज की स्थापना का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह को जाता है, जिन्होंने प्रदेश में शिक्षा और संस्कृति को नई पहचान दिलाई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने डेढ़ वर्ष पूर्व इस कॉलेज का लोकार्पण किया था और आज यह संस्था हिमाचल की कला और शिक्षा की गौरवशाली पहचान बन चुकी है।

# दरीढ़ः सेहत के लिए अनमोल खजाना

**हमारे** आसपास उगने वाली कई जंगली झाड़ियां और पौधे केवल हरियाली नहीं बढ़ाते, बल्कि स्वास्थ्य का खजाना भी अपने भीतर समेटे होते हैं। ऐसा ही एक पौधा है सिडा रॉम्बिफोलिया (Sida rhombifolia), जिसे हिमाचल प्रदेश व उत्तर भारत के कई इलाकों में दरीड़ (Darid) के नाम से जाना जाता है। उत्तर भारत में पाए जाने वाले पारंपरिक औषधीय पौधों में दरीढ़ एक अनोखा स्थान रखता है। यह शरीर को उष्णता प्रदान करने वाला माना जाता है और पारंपरिक रूप से इसे सर्दियों में खाने के लिए लड्डू बनाने या शिशु जन्म के बाद महिलाओं को दिया जाने वाला सूखे मेवों का मिश्रण 'सूंढ़' तैयार करने में उपयोग किया जाता रहा है। प्रसव के बाद इसका सेवन शरीर को शुद्ध करने में सहायक माना जाता है।

- **स्वास्थ्य और आजीविका का आधार**
- **गांव की धरती का प्राकृतिक टॉनिक**

## पहचान

दरीड़ एक बारहमासी या कभी-कभी एक वर्षीय झाड़ी जैसी हर्ब है, जिसकी ऊंचाई लगभग 0.5-1.5 मीटर तक होती है। इसका तना पतला और बालों वाला या कांटेदार होता है। पत्तियां हीरे के आकार (रोम्बस) की, मोटे किनारों वाली और हरी रंग की होती हैं। फूल छोटे, पीले रंग के और आमतौर पर 2-3 एक साथ आते हैं। फल छोटे, गोलाकार या वृत्ताकार सिलिक्युला होते हैं। बीज की विशिष्ट कंटीली संरचना के कारण यह कपड़े और पशुओं से चिपक जाता है। जड़ मोटी और शाखायुक्त होती है। यह पौधा आमतौर पर खाली जगहों, रास्तों के किनारे, बंजर भूमि और खेतों में पाया जाता है। अधिकांशतः इसे 'जंगली खरपतवार' माना जाता है। यह पश्चिमी हिमालय में 1200 मीटर तक की ऊंचाई पर पाया जाता है।



| पोषक तत्व | मात्रा प्रति 100 ग्राम पत्तियां (Per 100g) |
|---|---|
| ऊर्जा | 63 kcal |
| पानी | 80.24% |
| प्रोटीन | 7.4% |
| वसा | 1.4% |
| कार्बोहाइड्रेट | 9.4% |
| रेशा | 3.3% |
| राख | 1.6% |
| कैल्शियम | 466 mg |
| फास्फोरस | 58 mg |
| लोहा | 5 mg |
| थायमिन | 0.22 mg |
| राइबोफ्लेविन | 0.47 mg |
| नियासिन | 2.10 mg |
| एस्कॉर्बिक एसिड | 90 mg |





डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

## धार्मिक महत्व

**दरीढ़** न केवल औषधीय और आहारिक महत्व रखता है, बल्कि इसे एक धार्मिक पौधा भी माना जाता है। सैर त्योयार में इसकी विशेष रूप से पूजा की जाती है। क्योंकि हमारे पूर्वजों ने उन्हीं पौधों को पवित्र और धार्मिक श्रेणी में रखा, जिनके एक नही बल्कि अनेक औषधीय गुण हों, इसलिए पर्व और पारंपरिक अनुष्ठानों में इसका उपयोग श्रद्धा और आस्था के साथ-साथ इसके अपार औषधीय गुणों का भी प्रतीक है।

## औषधीय महत्व

दरीढ़ की पत्तियां और जड़ें बहुउपयोगी औषधीय गुणों से परिपूर्ण हैं। इनका स्वाद हल्का कड़वा होता है। ये शीतल, रुक्ष, रोमांचक और शरीर की शक्ति बढ़ाने वाले गुण रखते हैं। पारपरिक रूप से इन्हें वात, पित्त और कफ (त्रिदोष) के असंतुलन में लाभकारी माना जाता है। इसके औषधीय गुण एवं लाभ इस प्रकार हैं।



## उपयोग / लाभ

| | | |
|---|---|---|
| पत्तियां | कड़वी, शीतल, रुक्ष, टॉनिक, प्रोटीन | चाय के रूप में सेवन, शक्ति और ऊर्जा बढ़ाना, शरीर का टॉनिक, यौन शक्ति वृद्धि |
| बीज | पौष्टिक, शक्ति वर्धक, औषधीय | खीर, हलवा , लड्डू, सूखे मेवे के साथ घी में सेवन, प्रसूता महिलाओं के लिए शक्तिवर्धक |
| जड़ें | कड़वी, मीठी, रुक्ष, शीतल, टॉनिक, | संधिवात, गैस, पेट दर्द, दस्त, रक्तस्राव, यौन शक्ति बढ़ाना, ऊर्जा और ताकत बढ़ाना |
| संपूर्ण पौधा | एंटी-इन्फ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल, एनाल्जेसिक | संपूर्ण स्वास्थ्य सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना, विभिन्न रोगों में उपयोग |

**औद्योगिक और घरेलू उपयोगः** दरीढ़ के छाल से उच्च गुणवत्ता वाली रेशे वाली डोरी और फूस ((फूस की झोपड़ी) बनाई जाती है। सुबह तनों को इकट्ठा कर बंडलों में बांधकर झाड़ू बनाने में प्रयोग किया जाता है। दरीढ़ हमारे लिए केवल एक जंगली पौधा नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, आहार, आय और सांस्कृतिक धरोहर का बहुमूल्य स्रोत है।

## खाद्य उपयोग

**दरीढ़** की पत्तियां खाने योग्य हैं। इन्हें ताजा या सुखाकर चाय या सूप के रूप में प्रयोग किया जाता है। स्थानीय लोग इसके बीज का उपयोग सर्दियों में हलवा, खीर या लड्डू बनाने के लिए करते हैं। खीर सामान्यतः प्रसूता महिलाओं को शक्ति बढ़ाने के लिए दी जाती है। पत्तियां और बीज 7.4% प्रोटीन का अच्छा स्रोत हैं। स्थानीय लोग इनको विभिन तरह से पकाकर स्वास्थ्यवर्धक टॉनिक के रूप में उपयोग करते हैं। बीज से लड्डू या सूखे मेवों के साथ घी में मिश्रण तैयार किया जाता है। इसमें मिलाने वाले पोषक तत्व इस प्रकार हैं।

## आय का स्रोत

**दरीढ़** के बीज स्थानीय बाजार में लगभग 100 ग्राम के लिए 50 रुपए की दर से बिकते हैं, जिससे 1 किलो बीज से लगभग 400-500 रुपए की आय अर्जित की जा सकती है। यही कारण है कि यह पौधा ग्रामीण और स्थानीय लोगों के लिए आय का सस्ता और प्राकृतिक स्रोत माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से कई प्राकृतिक रूप से मिलने वाले खाद्य और औषधीय पौधों की संख्या में कमी आई है। इसी कारण, कई जानकार, विशेषकर मंडी जिले के सरकाघाट क्षेत्र और स्थानीय विक्रेता, जो इसे सैर में पूजा के लिए बेचते हैं, अब इसे आसानी से एकत्रित करने के लिए खेतों में उगाने लगे हैं। आजकल गांवों में भी लोग रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक अधिक उपयोग करने लगे हैं और प्राकृतिक भोजन के बजाय केवल खेती की हुई फसलों पर निर्भर होने लगे हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि भोजन की विविधता कम हो रही है और बीमारियां बढ़ रही हैं। गंभीर समस्या यह भी है कि खेती योग्य फसलों में से केवल कुछ ही वाणिज्यिक फसलों की खेती हो रही है, जिससे लगातार खेती करने पर उनकी उपज कम हो रही है।

ऐसे में हमारी आवश्यकता है कि हम कृषि में विविधीकरण की ओर कदम बढ़ाएं और जंगली पौधों जैसी फसलों की खेती करें। उदाहरण स्वरूप, दरीढ़ जैसी जलवायु-सहिष्णु फसलें, जिन्हें न्यूनतम देखभाल और कम लागत में उगाया जा सकता है, बाजार में अच्छी कीमत भी देती हैं। पिछले कुछ दशकों से इस तरह के इम्युनिटी-बूस्टर पौधों का उपयोग तेजी से घट रहा है, जबकि लोग तेजी से बढ़ते फास्ट फूड की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम इन पौधों का व्यापक रूप से संवर्धन, उपयोग और व्यवसायीकरण करें। इससे न केवल हमारा स्वास्थ्य मजबूत होगा, बल्कि पृथ्वी की स्थिरता और जैविक विविधता भी बनी रहेगी।



# स्वास्थ्य देखभालः दिनचर्या में छोटे बदलाव से करें बड़े सुधार

**आज** की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अपने काम, परिवार और जिम्मेदारियों में इतने उलझ जाते हैं कि अपने सबसे स्वास्थ्य की उपेक्षा करने लगते हैं। स्वस्थ शरीर और संतुलित मन ही सुखी जीवन की नींव है। लेकिन इसके लिए किसी बड़े प्रयास की आवश्यकता नहीं, बल्कि रोजमर्रा की दिनचर्या में कुछ छोटे-छोटे बदलाव चमत्कार कर सकते हैं। सबसे पहले दिन की शुरुआत सकारात्मक सोच और नियमित व्यायाम से करें। सुबह की सैर या हल्का योग शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखता है और मानसिक तनाव को कम करता है। 30 मिनट का व्यायाम न केवल हृदय की कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि डायबिटीज, मोटापा और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से भी बचाव करता है। संतुलित आहार दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। जंक फूड, अत्यधिक तले या मीठे पदार्थों से दूरी बनाएं। ताजे फल, सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और पर्याप्त पानी का सेवन करें। भोजन में विविधता रखें, लेकिन मात्रा सीमित रखें। अधिकतर बीमारियां पेट से शुरू होती हैं, इसलिए 'कम खाओ, सही खाओ' का सिद्धांत अपनाएं। आजकल तनाव (स्ट्रेस) हर व्यक्ति की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल भी शारीरिक स्वास्थ्य जितनी ही जरूरी है। ध्यान (मैडिटेशन), संगीत, प्रकृति में समय बिताना या अपनी पसंद का कोई शौक अपनाना मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। याद रखें, तनाव किसी भी दवा से नहीं, बल्कि सही जीवनशैली से कम होता है। पर्याप्त नींद शरीर की प्राकृतिक मरम्मत प्रक्रिया है। सात से आठ घंटे की नींद शरीर को ऊर्जा देती है और प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाती है। देर रात तक मोबाइल या टीवी देखने की आदत से बचें। नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना न भूलें। छोटी-सी असुविधा को नजरअंदाज न करें, क्योंकि समय रहते इलाज ही बड़ी बीमारी को रोक सकता है। स्वास्थ्य कोई एक दिन की उपलब्धि नहीं, बल्कि रोजाना की आदतों का परिणाम है। अपने शरीर को सम्मान दें, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और खुशहाल जीवन बसता है।





-डॉ. बीडी ठाकुर, आयुर्वेदाचार्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ, बिलासपुर

प्रस्तुति : अरुण डोगरा रीतू

# सूखी आंखें और होम्योपैथिक उपचार

**सूखी** आंखें आजकल एक आम समस्या बन गई हैं, विशेषकर उन लोगों में जो लंबे समय तक मोबाइल, कंप्यूटर या टीवी स्क्रीन के सामने रहते हैं। सामान्य स्थिति में हमारी आंखें आंखू (ears) के माध्यम से हमेशा नम रहती हैं। लेकिन जब किसी कारणवश आंसुओं का बनना कम हो जाए या वे जल्दी सूख जाएं, तो आंखों में सूखापन, जलन, चुभन और थकान जैसी समस्याएं महसूस होने लगती हैं।

## सूखी आंखों के प्रमुख कारण

- लंबे समय तक स्क्रीन देखना-कंप्यूटर, मोबाइल या टीवी पर लगातार देखने से पलकें कम झपकती हैं, जिससे आंखें सूख जाती हैं।
- उम्र बढ़ना (Ageing) : के साथ आंसुओं का उत्पादन कम हो जाता है।
- **हार्मोनल परिवर्तन** : विशेषकर रजोनिवृत्ति (Menopause) के बाद महिलाओं में यह समस्या बढ़ जाती है।
- कुछ दवाएं -एंटीहिस्टामिन, एंटीडिप्रेसेंट, और ब्लड प्रेशर की कुछ दवाएं आंसुओं की मात्रा घटा देती हैं।
- **पर्यावरणीय कारण** : धूल, धुआं, एयर कंडीशनर या तेज हवा से आंखों की नमी कम हो जाती है।
- **बीमारियांः** जैसे कि शोजग्रेन सिंड्रोम, डायबिटीज या विटामिन ए की कमी।




## लक्षण

- आंखों में जलन, चुभन या भारीपन
- रेत या धूल जैसी भावना
- लालपन या खुजली
- धुंधला दिखना
- आंखों में दर्द या थकान
- आंसू आना (कभी-कभी आंखें सूखी होने पर रिफ्लेक्स आंसू अधिक आते हैं।

## होम्योपैथिक उपचार

**होम्योपैथी** में सूखी आंखों का उपचार व्यक्ति के संपूर्ण लक्षणों, स्वभाव और कारणों को ध्यान में रखकर किया जाता है। यह केवल लक्षणों को दबाता नहीं, बल्कि आंसुओं के प्राकृतिक संतुलन को पुनः स्थापित करने में मदद करता है।

## घरेलू देखभाल और सुझाव



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

- पलकों को बार-बार झपकाएं- स्क्रीन के उपयोग के दौरान हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए दूर देखें (20-20-20 नियम)।
- धूप या धूल में चश्मा पहनें।
- पर्याप्त पानी पिएं और विटामिन ए से भरपूर भोजन (गाजर, पालक, शकरकंद) खाएं।
- आंखों को बार-बार रगड़ें नहीं।

सूखी आंखें केवल असुविधा नहीं, बल्कि लंबे समय तक रहने पर कॉर्निया को नुकसान भी पहुंचा सकती हैं, इसलिए समय पर पहचान और उचित होम्योपैथिक उपचार से इस समस्या को जड़ से ठीक किया जा सकता है। होम्योपैथी न केवल लक्षणों को कम करती है, बल्कि शरीर की प्राकृतिक आंसू बनाने की क्षमता को भी पुनर्जीवित करती है।

## सूखी आंखें क्या हैं?

सूखी आंखें एक ऐसी अवस्था है, जिसमें आंखों की नमी (Lubrication) कम हो जाती है। आंखू तीन भागों से बने होते हैं- तेलीय परत (Oily layer), जलीय परत (Aqueous layer) और म्यूकस परत (Mucous layer)। इनमें से किसी भी परत में असंतुलन होने से आंखें सूखने लगती हैं।

### Euphrasia officinalis

- यह दवा 'आई-ब्राइट' के नाम से प्रसिद्ध है।
- आंखों में जलन, चुभन, लालपन और आंसुओं में जलन होने पर उपयोगी।
- धूल या हवा से तकलीफ़ बढ़ने पर लाभकारी।

### Natrum muriaticum

- जब सूखापन के साथ आंसू निकलने में कमी हो और आंखों के आसपास जलन या चिपचिपाहट हो।
- मानसिक रूप से संवेदनशील और भावनात्मक व्यक्ति में प्रभावी।

### Belladonna

- अचानक होने वाले सूखेपन, लालपन और दर्द के साथ उपयोगी।
- प्रकाश सहन न होने की स्थिति में सहायक।

### Sulphur

- आंखों में जलन, खुजली और सुबह उठते समय चिपकी हुई पलकों के लिए।
- गर्मी से परेशानी बढ़े तो विशेष रूप से लाभकारी।

### Pulsatilla nigricans

- आंसुओं की असंतुलन के कारण सूखापन हो, और ठंडी हवा से आराम मिले।
- महिलाओं में हार्मोनल परिवर्तन या मासिक धर्म अनियमितता से जुड़े मामलों में उपयोगी।

### Aconitum napellus

- तेज हवा या धूल लगने के बाद अचानक आंखों में सूखापन और जलन होने पर।

# सर्वाइकल कैंसर के बचाव और निदान को डॉक्टर का परामर्श जरूरी

**सर्वाइकल** कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर रोग है, जिससे हर साल देश में कई महिलाएं प्रभावित होती हैं। इससे हमारा हिमाचल प्रदेश भी अछूता नहीं है। जानकारी के अभाव में यह बीमारी अधिक घातक साबित होती है। इसी कारण, जनवरी फरवरी माह को सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर लेकिन रोके जा सकने वाला कैंसर है। यह गर्भाशय के निचले हिस्से, जिसे ग्रीवा कहा जाता है, में विकसित होता है। यदि समय रहते इस बीमारी का पता चल जाए, तो इसका इलाज संभव है। स्वस्थ आहार और व्यायाम से प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है, जिससे हम इसे रोक सकते हैं।



## शुरुआती लक्षण

सर्वाइकल कैंसर की पहचान उसके शुरुआती लक्षणों से की जा सकती है। इसके सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं-असामान्य योनि रक्तस्राव, विशेष रूप से माहवारी के बीच या रजोनिवृत्ति के बाद संभोग के दौरान या बाद में रक्तस्राव (पोसकोयटल ब्लीडिंग) योनि स्राव में दुर्गंध और असामान्यता पैल्विक दर्द या संभोग के दौरान असहजता अगर इनमें से कोई भी लक्षण नजर आए, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।



डॉ. एनके गुप्ता।




## ऐसे करें निदान

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर का निदान विभिन्न परीक्षणों के माध्यम से किया जाता है।
**पैप स्मीयर टेस्टः** यह टेस्ट तीन साल में एक बार प्रत्येक यौन सक्रिय महिला को कराना चाहिए।
**एचपीवी टेस्टः** यह जांच वायरस की उपस्थिति का पता लगाती है।
**कोलपोस्कोपीः** यदि पैप स्मीयर टेस्ट में असामान्यता दिखती है, तो यह टेस्ट किया जाता है।
बायोप्सीः कैंसर की पुष्टि के लिए ऊतक का एक छोटा सा नमूना लिया जाता है।

## सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण

**यह** कैंसर मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है। इसके अलावा कुछ अन्य जोखिम कारक भी हैं। इसमें मुख्यता असुरक्षित यौन संबंध और एक से अधिक यौन साथी, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, धूम्रपान और तंबाकू का सेवन, लंबे समय तक ओरल कॉन्ट्रासेप्टिव का उपयोग और अनियमित चिकित्सा जांच और खराब स्वच्छता।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपाय

**सर्वाइकल** कैंसर से बचाव संभव है, यदि कुछ आवश्यक सावधानियां बरती जाएं। एचपीवी वैक्सीनः 9 से 26 वर्ष की महिलाओं को यह वैक्सीन लगवानी चाहिए। नियमित पैप स्मीयर टेस्टः प्रारंभिक जांच से बीमारी को जल्दी पकड़ा जा सकता है। सुरक्षित यौन संबंधः कंडोम का उपयोग करें और अनावश्यक जोखिम से बचें। धूम्रपान और तंबाकू से दूरीः यह आदतें कैंसर के खतरे को बढ़ा सकती हैं। स्वस्थ आहार और व्यायामः प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना आवश्यक है। सर्वाइकल कैंसर गंभीर बीमारी है, लेकिन यदि सही समय पर इसकी पहचान हो जाए, तो इसका उपचार संभव है। महिलाओं को नियमित जांच करानी चाहिए और एचपीवी वैक्सीन लगवानी चाहिए। जागरूकता और सतर्कता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है।

प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन

## सरकार ने चुनाव टालने के लिए रचा 'पुनर्गठन का ढोंग' : बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री व भाजपा के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने राज्य की सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर पंचायत चुनावों से पलायन करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार पुनर्गठन का बहाना बनाकर आसन्न हार के भय के कारण पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को विलंबित करने का कुत्सित प्रयास कर रही है।

बिक्रम ने रविवार को में सरकार के इस निर्णय की कटु आलोचना की। उन्होंने प्रश्न किया कि यदि पंचायतों का पुनर्गठन इतना ही आवश्यक था, तो सरकार इतने दीर्घकाल तक निष्क्रिय क्यों रही। उन्होंने स्मरण कराया कि माननीय उच्च न्यायालय ने चुनावों से तीन माह पूर्व रोस्टर जारी करना अनिवार्य निर्धारित किया है, परंतु सरकार अभी तक पंचायतों का रोस्टर सार्वजनिक नहीं कर पाई है।

# कांगड़ा और चंबा जिले के ढाई सौ आबादी वाले गांव सड़कों से जुड़ेंगे

### 78 सड़क मार्गों का भेजा प्रपोजल, 642 करोड़ की संभावित लागत से बनेंगी 356 किमी लंबी सड़कें

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** कांगड़ा और चंबा जिले के ढाई सौ आबादी वाले गांवों को सड़कों से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। इसके तहत दोनों जिलों से 78 सड़क मार्गों का प्रपोजल केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा है। उक्त सड़क मार्गों के निर्माण पर 642 करोड़ रुपए की संभावित लागत आने की संभावना है, जिससे 356 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण होगा।

ढाई सौ आबादी वाले गांवों को सड़कों से जोड़ने की प्रक्रिया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चरण चार के तहत पूरी की जाएगी, जबकि दोनों जिलों में चरण तीन के तहत स्वीकृत सड़कों का कार्य चल रहा है।

गौरतलब है कि कांगड़ा और चंबा जिले में कई ऐसे गांव हैं, जिनकी आबादी ढाई सौ के करीब है, लेकिन उनके लिए सड़क सुविधा नहीं है, ऐसे गांवों के लोगों का सड़क सुविधा का सपना पीएमजीएसवाई के चरण चार के तहत पूरा होने जा रहा है। योजना के तहत केंद्र सरकार ने ढाई सौ आबादी वाले गांवों को सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से ढाई सौ आबादी वाले गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग से डीपीआर मंगवाई थी, जिसे विभाग के जोन कार्यालय ने डीपीआर को एसटीए से स्वीकृति उपरांत केंद्र सरकार को भेज दिया है।

#### लक्ष्य के साथ दिशा-निर्देश जारी

**पीएमजीएसवाई** के चरण चार के लिए लक्ष्य तय करने के साथ ही केंद्र सरकार की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिसमें सड़क निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध हो, फोरस्ट क्लीयरेंस होनी चाहिए। साथ ही यदि चिन्हित भूमि निजी है तो लोक निर्माण विभाग के नाम उस भूमि का म्यूटेशन होना चाहिए।

> **पीएमजीएसवाई-4** के तहत 250 तक की आबादी वाले गांवों को सड़क से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। कांगड़ा और चंबा में 356 किलोमीटर लंबे 78 सड़क मार्गों की डीपीआर मार्ग, एसटीए से अनुमोदित करवाकर केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजी गई है। इस पर 642 करोड़ रुपए की लागत आने की संभावना है। उम्मीद है इन सड़कों को जल्द स्वीकृति मिलेगी।
>
> **-विकास सूद, चीफ इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग जोन कांगड़ा-चंबा**

## वृद्ध महिला से दुराचार का आरोपी चार दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**वृद्ध** महिला के साथ दुराचार करने वाले आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 64 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की ओर से पीड़ित महिला की मेडिकल जांच करवाने के बाद उसे घरवालों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं, दुराचार के आरोपी स्थानीय दुकानदार की भी मेडिकल जांच करवाई गई है।

**पुलिस ने महिला की करवाई मेडिकल जांच**

गौरतलब है कि शनिवार को बैजनाथ के एक दुकानदार ने 73 वर्षीय महिला के साथ दुराचार किया था। दुकानदार ने इस महिला को 9:30 बजे के करीब अपनी दुकान में बुलाया और इसके साथ दुराचार किया। बताया गया है पीड़ित महिला जब बैजनाथ मंदिर के परिसर में पहुंची तो कुछ लड़कियों ने उसकी बिगड़ी हालत के बारे में पूछा तो महिला ने उनको आप बीती सुनाई।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई तब पुलिस ने हरकत में आते हुए मौके पर पहुंची पूछताछ के बाद महिला ने बैजनाथ के बस अड्डे के समीप एक दुकानदार पर जबरन दुराचार का आरोप लगाया तथा आरोपी व्यक्ति की शिनाख्त भी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ-साथ बैजनाथ में लगे हुए कैमरे के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए हैं और पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। शाम को धर्मशाला से फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा छानबीन कर वहां से तथ्य भी जुटाए।

### हैप्पी बर्थडे



बनेहड़ (जोगिंद्रनगर) की वान्या को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### नई जोड़ी



हररायपुर के बलविंदर सिंह और सरसा नंगल की मनजीत कौर को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## युवा शक्ति होती संगठन की रीढ़ : विपिन परमार



धीरा में भारतीय जनता युवा मोर्चा का सम्मेलन आयोजित किया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** सुलह भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को युवा सम्मेलन का आयोजन सामुदायिक भवन धीरा में किया गया, जिसमें सुलह के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, भाजयुमो के जिला महामंत्री हरबंश राणा भी उपस्थित रहे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के सुलह मंडल के अध्यक्ष भुवन जम्वाल के नेतृत्व में युवा मोर्चा के सदस्यों ने मुख्यातिथि विपिन सिंह परमार का स्वागत किया और उन्हें शॉल तथा टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विपिन ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं और जमाना भी युवा शक्ति के पदचिन्हों पर चलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवा शक्ति अपनी विशेष भूमिका निभाने का कार्य कर सकती है। इस सम्मेलन को सुलह मंडल भाजपा अध्यक्ष चंद्र वीर कटोच,युवा मोर्चा के जिला महामंत्री हरबंश राणा, युवा मोर्चा अध्यक्ष भुवन जम्वाल, महामंत्री विशाल पुरी, प्रदीप कुमार ने भी संबोधित किया।

## कबीरपंथी कल्याण बोर्ड में प्रदेशाध्यक्ष को शामिल करने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश कबीरपंथी समाज सुधार सभा जिला कांगड़ा अध्यक्ष सेवानिवृत्त खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी प्रताप चंद कौशल ने कबीरपंथी कल्याण बोर्ड का गठन करने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं प्रदेश सरकार का स्वागत किया है। सभा इसके गठन बारे लंबे समय से मांग कर रही थी। अध्यक्ष ने बोर्ड में कांगड़ा जिले को सर्वाधिक (40 फीसदी) प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए सभी विधायकों एवं विधानसभा प्रभारियों की सक्रियता पर विशेष रूप से आभार प्रकट किया है।

पूर्व में समाज सुधार सभा के सभी निवर्तमान अध्यक्ष लगातार बोर्ड के सदस्य चुने जाते रहे हैं, लेकिन इस बार सभा के प्रदेशाध्यक्ष के नाम पर विचार न करने पर सभा में असंतोष है। जिला कांगड़ा इकाई का मुख्यमंत्री से आग्रह है कि प्रदेशाध्यक्ष, कबीरपंथी समाज सुधार सभा हिमाचल प्रदेश का नाम कबीरपंथी कल्याण बोर्ड में अवश्य शामिल किया जाए और छूटे हुए विधानसभा क्षेत्रों (शिमला, कुल्लू जैसे जिलों सहित) को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाए। उपरोक्त जानकारी जिला कांगड़ा इकाई के प्रेस सचिव एडवोकेट मुनीष कुमार वियाड़ू ने दी।

## ट्रैकिंग साइट ठठारना टॉप गए युवक रास्ता भटके, रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला के समीप खनियारा की खड़ौता वैली की ट्रैकिंग साइट ठठारना टॉप के लिए ट्रैक पर निकले तीन युवा रास्ता भटक गए, जिन्हें शनिवार देर रात ही एसडीआरएफ व पुलिस टीम की ओर से चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में सुरक्षित वापस लाया गया। तीनों युवकों शिवम (29) पुत्र राजेश कुमार, शुभम पुत्र राजेश कुमार (29) निवासी नगरी व विकास भंडारी (35) पुत्र विनोद भंडारी निवासी परौर शामिल हैं। जानकारी के अनुसार हेल्पलाइन के माध्यम से शनिवार को देर शात आठ बजे के करीब रास्ते भटके युवक के दोस्त विवेक ने मदद मांगी थी।

उन्होंने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ ठठारना ट्रैकिंग ट्रैक में ट्रैकिंग के लिए गए थे और इस दौरान कुछ युवक दोस्त वापस लौट आए थे, जबकि तीन लोग रास्ता भटक गए हैं। इस पर शनिवार देर रात साढ़े आठ बजे स्टेट डिजाजस्टर रिलिफ फोर्स व पुलिस की टीम ने ठठारना की तरफ सर्च ऑपरेशन चलाया।



सर्च ऑपरेशन चलाकर एसडीआरएफ ने रास्ता भटके युवाओं को सुरक्षित निकाला।

रास्ते भटके युवाओं की खोज को लेकर रातभर सर्च ऑपरेशन चला, जिसमें एसडीआरएफ ने युवाओं को सुरक्षित निकाला है। कांगड़ा जिले के ही नगरी व परौर के रहने वाले तीनों ही युवक अपने अन्य साथियों के साथ बिना गाईड के ही ट्रैकिंग पर निकल गए थे, जिनमें कुछ युवा वापस पहुंच गए थे। उन्होंने ही तीनों युवकों को रास्ता भटकने के बारे में 112 हेल्पलाइन में फोन कर मदद मांगी थी। इसके बाद जिला आपदा प्रबंधन अथॉरिटी कांगड़ा डीडीएमए ने एक्टिव होकर कार्य करते हुए युवकों को सुबह पांच बजे सुरक्षित खनियारा धर्मशाला में पहुंचाया। उधर, एसडीआरएफ कांगड़ा के डीएसपी सुनील राणा ने बताया कि डीडीएमए की ओर से रात साढ़े आठ बजे के करीब मिली सूचना के बाद टीम को स्थानीय पुलिस टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। रात को टीम ने युवकों को रेस्क्यू कर रविवार सुबह सुरक्षित धर्मशाला पहुंचाया है।

## बालक ध्रुव की भक्ति और दृढ़ निश्चय का सुनाया प्रसंग

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** गगलू खप्परनाला गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन का वातावरण पूर्णत: भक्ति, श्रद्धा और समर्पण से ओतप्रोत रहा। कथा व्यास आचार्य भवानी शंकर ने बालक ध्रुव की अनुपम भक्ति और दृढ़ निश्चय का प्रसंग सुनाया, तो पूरा पंडाल भावविभोर हो उठा। भजन, कीर्तन और जयकारों के बीच श्रद्धालुओं की आंखें भक्ति के अश्रुओं से नम थीं। आचार्य भवानी शंकर ने कहा कि भगवान को पाने का मार्ग किसी तर्क, युक्ति या बाहरी साधन से नहीं, बल्कि निष्कपट भक्ति और अडिग विश्वास से खुलता है। बालक ध्रुव ने मातृ अपमान के बाद जब ईश्वर को पाने का संकल्प लिया, तो उसकी साधना इतनी तीव्र थी कि ब्रह्मांड की हर शक्ति उसकी सहायता में जुट गई। उन्होंने समझाया कि ध्रुव की कथा हमें यह सिखाती है कि सच्चा भक्त जब निस्वार्थ भाव से प्रभु को पुकारता है, तो भगवान स्वयं उसके मार्ग में प्रकट होकर उसकी हर कठिनाई को दूर कर देते हैं।

## स्वयंसेवियों ने स्वच्छता के प्रति फैलाई जागरूकता

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

**राजकीय** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर में एनएसएस के स्वयंसेवियों ने रविवार को विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तहत स्वयंसेवियों ने दूसरे दिन स्वच्छ भारत, सुंदर भारत का संदेश देते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई।

इस दौरान स्वयंसेवियों ने विद्यालय प्रांगण, खेल मैदान एवं गांव की गलियों से कूड़ा-कचरा हटाया और लोगों से अपने आसपास सफाई बनाए रखने की अपील की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हरीश भारद्वाज (प्रवक्ता भूगोल)ने स्वयंसेवियों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक अच्छी आदत है, जो स्वस्थ समाज की नींव रखती है। कैंप के दौरान अमित, शांतनु आदित्य सौरव, मुस्कान, देवी, चैतन्य इत्यादि स्वयंसेवियों का बहुत योगदान रहा।



स्वयंसेवियों ने जयसिंहपुर स्कूल विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया।

## पदोन्नत प्रवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस हास्यास्पद : प्रवक्ता संघ

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा ने शिक्षा विभाग की ओर से पदोन्नत प्रवक्ताओं को उनकी गलत पदोन्नति के लिए जारी कारण बताओ नोटिस को हास्यास्पद करार दिया है। प्रवक्ता संघ ने कहा कि संपूर्ण पदोन्नति प्रक्रिया शिक्षा विभाग के द्वारा की जाती है। इसके लिए बाकायदा विभाग के द्वारा एक विभागीय पदोन्नति कमेटी का गठन किया जाता है, जिसकी जिम्मेदारी होती है कि वह सुनिश्चित करे कि किसकी पदोन्नति होनी है तथा किस वरिष्ठता क्रमांक तक होनी है।

विभागीय लेट-लतीफी के कारण प्रशिक्षित स्नातक की वरिष्ठता सूची समय पर जारी न होने के कारण पदोन्नति की आस लगाए अध्यापकों ने पुरानी वरिष्ठता सूची के आधार पर ही अपना नाम उचित माध्यम से विभाग को प्रेषित किया। जिसका निरीक्षण और अनुमोदन विभागीय पदोन्नति कमेटी ने किया। वरिष्ठता मामला कोर्ट में जाने के बाद कोर्ट की ओर से जवाब तलब करने पर विभाग द्वारा आनन-फानन में पदोन्नत प्रवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया जो हास्यास्पद है।

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, महासचिव बलजीत सिंह अटवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार एवं वित सचिव तिलक राज राणा समस्त उपमंडल अध्यक्षों एवं सचिवों ने संयुक्त रूप से कहा कि विभागीय गलती का ठीकरा पदोन्नत प्रवक्ताओं पर फोड़ना तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने मांग की कि विभाग इस कारण बताओ नोटिस को अविलंब वापस ले और पदोन्नत प्रवक्ताओं को तनावमुक्त करते हुए राहत प्रदान करे।

## दिवाली पर्व पर घर आए लोगों को कार्यस्थल पर पहुंचा रही एचआरटीसी

### विभिन्न क्षेत्रों के लिए 45 बसों से कार्यस्थल के लिए रवाना हुए लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**दीपावली** पर्व पर अपने घर आए बाहरी राज्यों में कार्यरत लोगों को उनके कार्यस्थल पहुंचाने का सिलसिला जारी है। एचआरटीसी की ओर से ऐसे लोगों को अपने कार्यस्थल पर जाने के लिए विशेष बसें चला जा रही हैं। इसी कड़ी में रविवार को भी एचआरटीसी की ओर से 45 विशेष बसों को रवाना किया गया। एचआरटीसी की ओर से दिवाली-भैयादूज पर्व के बाद लोगों को अपने कार्यस्थलों तक पहुंचाने के लिए यात्रियों की मांग के अनुसार स्पेशल बसें चलाई जा रही हैं।

रविवार को भी एचआरटीसी मंडल धर्मशाला के तहत चंडीगढ़, बद्दी, लुधियाना, शिमला व दिल्ली के लिए कुल 45 विशेष बसें गई हैं। डीएम एचआरटीसी मंडल धर्मशाला पंकज चड्डा ने बताया कि रविवार को जोगिंद्रनगर से चंडीगढ़ व लुधियाना के लिए 1-1 स्पेशल बस रवाना की गई। बैजनाथ से चंडीगढ़ के लिए 3 व दिल्ली के लिए 1 एचआरटीसी की स्पेशल बस ने यात्रियों के लिए सेवा प्रदान की।

इसके अलावा पालमपुर से चंडीगढ़ के लिए 5, बद्दी के लिए 2, दिल्ली के लिए 1 स्पेशल बस भेजी गई हैं। नगरोटा बगवां से चंडीगढ़ के लिए 5, बद्दी के लिए 2 व दिल्ली के लिए 2 स्पेशल बसें चलाई गईं। इसके साथ ही धर्मशाला से चंडीगढ़ के लिए 9, बद्दी के लिए 5, दिल्ली के लिए 3 व शिमला के लिए रविवार को एक स्पेशल बस चलाई गई। पठानकोट से चंडीगढ़ के लिए 2 व दिल्ली के लिए 1 स्पेशल बस चलाई गई व चम्बा से चंडीगढ़ के लिए एक स्पेशल बस भेजी गई, जिससे कि फेस्टिवल सीजन में घर आए लोग आराम से यात्रा करते हुए अपने कार्यस्थल तक पहुंच सकें।




फाइल फोटो

## व्यक्ति ने कंडी क्षेत्र की महिला पर किया हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान। धर्मशाला**

**धर्मशाला** के साथ लगते कंडी क्षेत्र की एक महिला पर दाड़ी निवासी व्यक्ति ने अचानक हमला कर दिया। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

महिला की ओर से इस संबंध में महिला पुलिस थाना धर्मशाला में शिकायत दर्ज करवाई गई है, जिस पर पुलिस ने जांच आरंभ कर दी है। महिला पुलिस थाना धर्मशाला में शक्ति नगर कंडी तहसील धर्मशाला निवासी महिला ने दर्ज शिकायत में आरोप लगाया है कि 23 अक्तूबर को उक्त आरोपी ने उस पर हमला किया। मेडिकल रिपोर्ट के बाद पीड़ित को लगी चोटें गंभीर पाई गई हैं। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

उन्होंने बताया कि आरोपी अभी गिरफ्तार नहीं हुआ है, जल्द ही उसे पकड़ा जाएगा।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अधिवेशन की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के 46वें प्रांत अधिवेशन को लेकर जिला कांगड़ा में तैयारियां पूरे उत्साह के साथ प्रारंभ हो चुकी हैं। आगामी अधिवेशन को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कांगड़ा जिला में व्यापक स्तर पर पोस्टर एवं दीवार लेखन अभियान चलाया गया। कांगड़ा की पावन गुप्त गंगा के निकट इस वर्ष प्रांत अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है, जो कि लगभग 8 वर्षों बाद पुन: कांगड़ा को अधिवेशन करवाने का गौरव मिला है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला कांगड़ा के प्रमुख स्थानों,शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया। जिले में एबीवीपी के रंग और ऊर्जा से भरा उत्साह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो संगठन की मजबूती और युवा नेतृत्व के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह प्रांत अधिवेशन दिनांक 31 अक्तूबर से 2 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से सैकड़ों कार्यकर्ता, प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। विभाग संयोजक जितेंद्र सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव सकारात्मक छात्र आंदोलनों, शिक्षा सुधारों तथा राष्ट्रहित के मुद्दों पर अग्रिम मोर्चे पर खड़ी रही है। 8 साल बाद कांगड़ा में पुन: अधिवेशन का आयोजन हमारे लिए सम्मान की बात है।

**वॉकाथन प्रतियोगिता** 70 से अधिक प्रतिभागियों ने वॉकाथन में दिखाया दम

## बाथू टिप्परी में फिटनेस का जोश, उम्र को मात

**60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अंजना देवी और पुरुष वर्ग में शकेश कुमार प्रथम**

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** सोशल वेलफेयर एवं अनेकविंग सोसायटी बाथू टिप्परी की ओर से रविवार को आयोजित वॉकाथन प्रतियोगिता में फिटनेस और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। गांव की गलियों से लेकर मुख्य मार्ग तक फिट बॉडी-फिट माइंड के नारों के साथ जब प्रतिभागी आगे बढ़े, तो पूरा क्षेत्र स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश से गूंज उठा।

इस वॉकाथन की सबसे खास बात यह रही कि 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं और पुरुषों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। सुबह की ठंडी हवाओं में भी प्रतिभागियों ने पसीना बहाकर यह साबित किया कि स्वास्थ्य के प्रति समर्पण उम्र का मोहताज नहीं। आयोजन में 70 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

इसमें 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में महिलाओं में अंजना देवी और पुरुषों में शकेश कुमार शर्मा प्रथम रहे। 51 से 60 वर्ष आयु वर्ग में गुरपाल सिंह और मिनाक्षी शर्मा, जबकि 40 से 50 वर्ष वर्ग में सुरेंद्र शर्मा और भावना शर्मा विजेता रहे। सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल प्रदेश में फिटनेस के प्रति नई सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस तरह के वॉकाथन आयोजनों की शुरुआत एक नई परंपरा बन सकती है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य के प्रति प्रेरणा मिलेगी और जीवनशैली में सुधार आएगा। समापन अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने घोषणा की कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किए जाएंगे ताकि हर वर्ग के लोग 'फिट हिमाचल, स्वस्थ समाज' के अभियान से जुड़ सकें।




सोशल वेलफेयर एवं अनेकविंग सोसायटी बाथू टिप्परी ने वॉकाथन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

## पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए करें सक्रिय प्रयास: मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

**जसवां**-परागपुर कांग्रेस की बैठक रविवार को लोक निर्माण विश्राम गृह परागपुर में आयोजित की गई। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता ठाकुर सुरिंदर मनकोटिया ने शिरकत की। यह बैठक विशेष तौर पर परागपुर जोन के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए रखी गई थी। बैठक का मुख्य उद्देश्य वोट छोड़ गद्दी छोड़ कार्यक्रम पर चर्चा करना और आगामी रणनीतियों को स्पष्ट करना था। बैठक में सदस्यों ने पार्टी की वर्तमान नीतियों का मूल्यांकन किया और जनता तक उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। मनकोटिया ने जोर दिया कि स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी जाए और हर वर्ग की समस्याओं का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। बैठक में आगामी पंचायत चुनाव रणनीतियों, जनसंपर्क कार्यक्रमों और सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

**जसवां-परागपुर कांग्रेस की बैठक आयोजित**

बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सक्रिय प्रयास किए जाएं। अंत में, कांग्रेस नेता मनकोटिया सभी सदस्यों को एकजुट होकर जनता के हित में काम करने और कांग्रेस की नीतियों को सही तरीके से प्रचारित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर मनकोटिया द्वारा विभिन्न बोर्डों में मनोनीत सदस्य कबीर पंथी बोर्ड के सदस्य सुशील कुमार, ब्राह्मण बोर्ड के सदस्य नरेश कुमार सुरिंदर शर्मा, व्यापार बोर्ड के सदस्य मोनू पटियाल को हार पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अश्विनी शर्मा, मोनू पटियाल, मुल्तान सिंह, अमित, निशा, मीतू, नरेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इच्छी में अहाता कर्मी पर हथियार से हमला टांडा में उपचाराधीन

**अनंत ज्ञान, गगल।** गत रात्रि इच्छी के वाइन शॉप के साथ लगते अहाते में दो युवक शराब पीने के लिए बैठ गए और जिस पर पैसों के लेनदेन में आपस में अहाता कर्मी व शराब पीने बैठे युवक आपस में भिड़ गए। इसके चलते अहाता कर्मी मिलन को काफी गंभीर चोटें आई हैं, उसे टांडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

गगल पुलिस थाना के कार्यवाहक प्रभारी विद्यासागर ने बताया कि रात 10:30 बजे के लगभग दो युवक शराब पीने के लिए अहाते में बैठ गए और 390 रुपए चिकन का बिल बना उसी के लेनदेन के लिए आपस में मिलन और दीपक में कहासुनी हो गई। लड़ाई इतनी बढ़ गई के उन्होंने अहाते के कर्मचारियों पर तेज हथियार से हमला कर के गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मिलन को टांडा मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए ले जाया गया, जहां वह उपचाराधीन है। अभी तक मेडिकल रिपोर्ट आई नहीं है, उसके आने पर ही कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया की दोनों गुटों के विरुद्ध मामला दर्ज कर के छानबीन शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### गरीब तबका न्याय से कोसों दूर: बालक राम

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। भारतीय जवान किसान पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और पार्टी प्रदेशाध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आज देश-प्रदेश में जैसे हालात हैं, वे न होते, अगर हमारे देश-प्रदेश के कायदे-कानून सब पर एक जैसे लागू होते। आज गरीब, असहाय समाज, मध्यम वर्ग और छोटे तबके के लोग परेशान हैं, क्योंकि शासन-प्रशासन बड़े लोगों की खुशामद करते नजर आते हैं। जी हुजूर करते हैं और बड़े लोग गुनाहगार भी हो तो भी उनको कोई नहीं पूछता बल्कि बचाने में लग जाते हैं। वहीं, गरीब असहाय समाज के लोगों को दबाने व डराने का काम करते हैं, जिसके कारण आज हमारे देश-प्रदेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं और आम समाज गरीब असहाय लोग बहुत परेशान होकर जिंदगी जी रहे हैं। बालक राम शर्मा ने कहा कि आज भ्रष्टाचार चरमसीमा पार कर चुका है और ईसाफ नाम की कोई चीज नहीं बची है। उन्होंने शासन और प्रशासन में बैठे लोगों को सभी से कानून के अनुसार व्यवहार करने का सुझाव दिया है।

### भटेड़-कनफारा बोट घाट मार्ग की हालत दयनीय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। श्री नयना देवी जी की समीपी पंचायत खरकड़ी के भटेड़ से कनफारा बोट घाट तक जाने वाले मार्ग की हालत बहुत दयनीय है। बरसात का मौसम बीत जाने के बाद भी इस मार्ग की कोई भी सुध नहीं ले रहा है। यह मार्ग भटेड़ से कनफारा बोट घाट प्राइमरी स्कूल हाई स्कूल को भी जोड़ता है। गांव वासियों का कहना है की बरसात के कारण यह मार्ग कई जगह से अवरुद्ध हो चुका है। गांव वासियों का कहना है कि इस रोड़ की समस्या के बारे कई बार लोक निर्माण विभाग, पंचायत प्रधान के पास भी मार्ग को दुरुस्त करवाने का आग्रह किया है लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों की मानें तो अब इस मार्ग पर आना.जाना बहुत ही मुश्किल हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि हर गांव के अंदर लोक निर्माण विभाग या पंचायत की मशीनरी लगी हुई है। उन्होंने बताया कि कमांद वाला भटेड़, चिल्ट इन किसी भी सड़कों की आज तक कोई भी मरम्मत बरसात के बाद नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि इस रास्ते की जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए ताकि लोगों को आवागमन की सुविधा हो सके। इस मार्ग से स्कूली बच्चे तथा अन्य लोग रोज आते जाते हैं तथा यह रोड पर घाट से सामने गोबिंद सागर झील से भी लोग आते जाते हैं। जिससे इसमें जनता को आन-जाने की बहुत ज्यादा कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग को जल्दी से जल्दी ठीक करवाया जाए ताकि उन्हें कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

### पदोन्नत प्रवक्ताओं से जवाब मांगना अन्यायपूर्ण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला बिलासपुर के अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने शिक्षा निदेशालय द्वारा हाल ही में 2019 से लेकर 2025 के मध्य 592 पदोन्नत प्रवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने की कड़ी निंदा की है। संघ ने कहा कि यह निर्णय पूर्णतः अनुचित, निराधार और शिक्षकों का मनोबल गिराने वाला है। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष नरेश ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलवंत ठाकुर, महासचिव सुशील चंदेल, वित्त सचिव विकास चैहान, चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह रणौत, मुख्य प्रेस सचिव यशपाल शर्मा, मुख्य वैब सचिव राजीव चैधरी, मुख्य एडवाइजर सुरेश कुमार, कानूनी सलाहकार संजीव कौशल तथा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया विभाग द्वारा सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद की जाती है। ऐसे में पदोन्नत शिक्षकों को प्रताड़ित करना विभागीय असंवेदनशीलता को दर्शाता है। जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि वरिष्ठता अथवा कनिष्ठता का निर्धारण करना विभाग का कार्य है न कि किसी शिक्षक का नहीं। यदि किसी स्तर पर त्रुटि हुई है तो उसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की बनती है न कि 2019 से 2025 के पदोन्नत शिक्षकों की। संघ के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि यह स्थिति विभाग द्वारा माननीय न्यायालयों के आदेशों का समय पर पालन न करने के कारण उत्पन्न हुई है। संघ ने यह भी कहा कि अनुबंध अवधि के वेतनवृद्धि एवं वरिष्ठता मामलों पर विभाग द्वारा न्यायालय के आदेशों के अनुरूप गंभीरता से कार्रवाई न किए जाने से भविष्य में भी ऐसी जटिलताएं उत्पन्न होने की पूरी आशंका बनी हुई है। संघ ने विद्यालय शिक्षा निदेशक से आग्रह किया है कि जारी निर्देशों को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए तथा पदोन्नत प्रवक्ताओं की स्थिति यथावत रखी जाए, साथ ही कनिष्ठ शिक्षकों की पदोन्नति के लिए विभाग को अन्य वैकल्पिक प्रक्रिया अपनाने का सुझाव दिया है।

# लोक धुनों, गीतों और नृत्यों से गूंज उठा बिलासपुर

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो


अंतरराज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव में अपनी प्रस्तुति देते एक दल के कलाकार।

बिलासपुर। बिलासपुर में उस समय लोक संस्कृति की झंकार और पारंपरिक नृत्य-तालों से वातावरण गुंजायमान हो उठा, जब बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर बिलासपुर में अंतराज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का विधिवत आरंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं कन्या पूजन के साथ किया गया। यह आयोजन जिला भाषा एवं संस्कृति अधिकारी, बिलासपुर के कार्यालय द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश, तथा हिम कला संगम, बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश के पूजा कला मंच, गांव शोघी (शिमला) के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों की लोक धुनों, गीतों और नृत्यों ने हिमाचल की सांस्कृतिक समृद्धि और मिट्टी की सोंधी खुशबू को सजीव कर दिया। मंच पर सजे रंग-बिरंगे नृत्य और गीतों की ताल पर दर्शक भी झूमते नजर आए।

**सांस्कृतिक परिसर में अंतराज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव का आगाज**

कार्यक्रम में मुख्यातिथि नीलम चंदेल, जिला भाषा अधिकारी बिलासपुर, कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश कौशल, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर तथा कार्यक्रम संरक्षक सतपाल शर्मा, अध्यक्ष हिम कला संगम उपस्थित रहे।

### इन राज्यों से आए कलाकारों ने भी बांधा समां

उत्सव में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों ने भी अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं की झलकियों ने इस उत्सव को रंगीन, जीवंत और उत्साहपूर्ण बना दिया। पूरा परिसर लोक संगीत की गूंज और पारंपरिक तालों की थाप से उत्सवमय हो उठा। दर्शकों ने पहाड़ी, हरियाणवी, पंजाबी और गढ़वाली नृत्यों सहित अनेक लोक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

विशेष अतिथि के रूप में प्रवीण कुमार (हरियाणा), प्रदीप कुमार (पानीपत), अधिवक्ता नरेश परिहार (नैना देवी), जगदीश शर्मा, आशीष राणा तथा हिम कला संगम के सभी पदाधिकारी और कलाकार मौजूद रहे। अपने संबोधन में राजेश कौशल ने कहा कि यह उत्सव लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और सम्मान की दिशा में एक सशक्त पहल है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और देश की विविध लोक परंपराओं की समृद्धता से परिचित कराना है। जिला भाषा एवं संस्कृति अधिकारी ने कहा कि विभाग का प्रयास रहता है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोक संस्कृति का संरक्षण और प्रचार-प्रसार हो। वहीं, सभी अतिथियों ने लोक कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हैं व आने वाली पीढ़ियों को अपनी परंपराओं से जोड़े रखते हैं।

### कृषि उपज विपणन समिति बिलासपुर ने सीएम आपदा राहत कोष में दिया दो लाख का अंशदान

# एपीएमसी ने आपदा के वक्त प्रदेश के साथ खड़े रहने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर


एपीएमसी के चेयरमैन सतपाल वर्धन व उनकी टीम मुख्यमंत्री को चेक भेंट करते हुए।

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जिला बिलासपुर की कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) ने एक सराहनीय और संवेदनशील पहल की है। समिति के जिला चेयरमैन सतपाल वर्धन ने आपदा प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए, प्रदेश के आपदा राहत कोष में दो लाख रुपए का आर्थिक योगदान दिया।

यह राशि तकनीकी शिक्षा, एवं नगर ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेंट की गई। मुख्यमंत्री को सौंपे गए इस चेक के साथ एपीएमसी बिलासपुर ने आपदा के समय प्रदेश के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एपीएमसी बिलासपुर के चेयरमैन सतपाल वर्धन और उनकी पूरी टीम के मानवीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में समाज के हर वर्ग का सहयोग प्रदेश सरकार के राहत और पुनर्वास प्रयासों को सशक्त बनाएगा। एपीएमसी का यह योगदान अन्य संस्थानों और संगठनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने हाल के महीनों में बाढ़, भूस्खलन और सड़क टूटने जैसी भीषण परिस्थितियों का सामना किया है। हजारों परिवारों को विस्थापन और नुकसान झेलना पड़ा। ऐसे में विभिन्न संस्थानों, संगठनों और नागरिकों द्वारा राहत कोष में किया गया सहयोग आपसी एकता और संवेदनशीलता का प्रतीक है।

एपीएमसी बिलासपुर के चेयरमैन सतपाल वर्धन ने कहा कि समिति हमेशा किसानों और आम जनता के हितों के लिए कार्य करती आई है। प्रदेश में आई इस प्राकृतिक आपदा के दौरान समिति ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए यह सहयोग राशि देने का निर्णय लिया, ताकि प्रभावित परिवारों की सहायता में थोड़ा योगदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी एपीएमसी समाजसेवा और लोकहित के कार्यों में अपनी भूमिका निभाती रहेगी।

### तेजी से आगे बढ़ रहा पुनर्वास कार्य : धर्माणी

मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि एपीएमसी बिलासपुर द्वारा दिया गया यह योगदान प्रदेश की जनता के प्रति उनकी सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाता है। जब समाज और संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो किसी भी कठिन परिस्थिति से निपटना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदा से प्रभावित हर व्यक्ति तक राहत पहुंचाने के लिए वचनबद्ध है और पुनर्वास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है।

# आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए बनाई जाए स्थायी नीति

अनंत ज्ञान घुमारवीं

**राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार से की मांग**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं इकाई की बैठक एसोसिएशन प्रधान ई. रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम बरठी के भल्लू बस में जान गवां चुके लोगों के प्रति व गुरुदेव कौशल के भाई दिनेश कुमार ग्राम पालथी के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया। उसके उपरांत बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुखराम महासचिव केएल शर्मा, उप प्रधान रूपलाल शर्मा, दिलाराम, चीफ इंजीनियर एक एस चंदेल, अरविंद शर्मा, एके महाजन, रमेश पजियाला में पेंशनर्स की लंबित पड़ी मांगों पर विस्तृत चर्चा व राज्य कार्यकारिणी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

पेंशनरों ने रोष व्यक्त किया कि 1 जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत्ति पेंशनरों को 30 जनवरी 2022 के मध्य तक संशोधित लाभ नहीं मिले हैं।सभी पेंशनर्स ने लंबित पड़ी देनदारियों का शीघ्र भुगतान करने का सरकार व बोर्ड प्रबंधन से आग्रह किया। इसके अलावा बिजली बोर्ड में शीघ्र पुरानी पेंशन को बहाल करने का निवेदन किया गया, ताकि पेंशनर्ज बुढ़ापे में आत्म सम्मान के साथ जीवन यापन में सक्षम रहे। वहीं आउटसोर्स कर्मचारी के लिए स्थाई नीति बनाने का भी प्रदेश सरकार से आग्रह किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान रामलाल शर्मा ने प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड प्रबंधन व पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक 30. 9.2025 को विद्युत भवन शिमला में हुई मीटिंग का विकसित विवरण दिया।

उन्होंने बैठक में बताया कि जिन मांगों पर बोर्ड प्रबंधन वर्ग की ओर से सहमति प्रदान की गई है, उन मांगों को प्रदेश सरकर जल्द से जल्द पूरा करे। इस बैठक में राम ठाकुर, रमेश शर्मा, रतनलाल महाजन, निकाराम, हरिराम, बलदेव राज समेत दर्जनों पेंशनर्स मौजूद रहे।

# आपदा में डॉ. अनिल बने प्रभावितों का सहारा

राकेश कुमार, अनंत ज्ञान



स्वारघाट। पिछले दिनों देवभूमि हिमाचल प्रदेश ने भयंकर मानसून आपदा का सामना किया, जिसने अनेक परिवारों को उजाड़ कर रख दिया। इस विनाशकारी आपदा के दौरान जहां कई लोग बेघर हो गए, वहीं कुछ संवेदनशील दिल इंसानियत की मिसाल बनकर सामने आए। इन्हीं में से एक हैं डॉ. अनिल ठाकुर, जो श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्वारघाट के उभरते हुए युवा नेता, श्री राम क्लिनिक स्वारघाट के संचालक एवं विचार विभाग हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के को-ऑर्डिनेटर हैं।

आपदा के दौरान डॉ. ठाकुर ने अपनी जिम्मेदारी से बढ़कर मानवता का परिचय दिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर घर-घर जाकर लोगों का हालचाल जाना और हर संभव सहायता प्रदान की। डॉ. ठाकुर ने न केवल पीड़ित परिवारों को राशन और आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई, बल्कि जिनके घर पूरी तरह से नष्ट हो गए थे, उनके पुनर्निर्माण के लिए भी आर्थिक व मानवीय सहयोग दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने भावुक होकर बताया कि जब सबने मुंह मोड़ लिया, तब डॉ. अनिल ठाकुर हमारे लिए फरिश्ता बनकर आए। उन्होंने हमारी मदद की, हमारी बातें सुनीं और हमें हिम्मत दी।

ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी पार्टी के बड़े नेता ने उस कठिन समय में क्षेत्र का रुख नहीं किया, लेकिन डॉ. ठाकुर ने बिना किसी राजनीतिक स्वार्थ के जनसेवा को प्राथमिकता दी। ग्रामीणों ने उन्हें मिलनसार और जमीनी युवा नेता बताते हुए आगामी चुनावों में उनका पूरा समर्थन देने की बात कही। स्वयं डॉ. अनिल ठाकुर का कहना है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। संकट की घड़ी में एक-दूसरे का सहारा बनना ही सच्ची राजनीति और सच्ची सेवा का प्रतीक है।

# भटोली से करलोटी पेयजल योजना का काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन : देशराज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सरकारें लोकहित में कई योजनाएं बनाती हैं, लेकिन संबंधित योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पाती, जिस कारण लोगों को उनका लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसा ही एक योजना भटोली से करलोटी के लिए पेयजल की बनाई गई है। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के निवर्तमान अध्यक्ष एवं औहर पंचायत के पूर्व प्रधान देशराज शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत बनने वाली इस योजना के लिए केंद्र सरकार ने 20 करोड़ लाख 30 हजार रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इस योजना से करलोटी, छत्त-छंजयार, हिम्मर, फटोह, कोटलू-ब्राह्मणा सहित अन्य पंचायतों को पानी की आपूर्ति की जानी थी। जानकारी के अनुसार, इस योजना का कार्य 25 जुलाई 2022 को शुरू हुआ था तथा योजना को 31 मार्च 2024 तक पूरा किया जाना था, लेकिन अभी तक यह योजना शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि जिला में अधिकांश पेयजल योजनाएं खड्डों पर निर्भर हैं तथा गर्मियों में जल स्तर कम होने के बाद संबंधित क्षेत्रों के लोगों को हर साल पेयजल किल्लत से जूझना पड़ता है तथा बरसात में खड्डों में बाढ़ आ जाने से पेयजल योजनाएं प्रभावित हो जाती हैं, जिसका खामियाजा भी लोगों को ही भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि योजना का काम शुरू नहीं हुआ तो वह आंदोलन की राह चुनेंगे।

# हार के डर से पंचायतीराज चुनाव से भाग रही सरकार: राजेंद्र गर्ग

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



पूर्व खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश सरकार पर पंचायत चुनाव टालने को लेकर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि दिसंबर में प्रस्तावित पंचायतीराज चुनावों को बार-बार बहाने बनाकर टालकर सरकार चुनाव से भाग रही है। गर्ग ने कहा कि सरकार को पहले से ही अपनी हार का अंदेशा है, इसलिए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल जनता का सामना करने से डर रहे हैं। पहले आपदा और अब पंचायतों के पुनर्गठन की आड़ में चुनाव प्रक्रिया को रोका जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित कर जनविरोधी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस पार्टी स्वयं लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रही है। सरकार को अपनी नाकामियों से भागने के बजाय जनता का सामना करते हुए तय समय पर पंचायत चुनाव करवाने चाहिए। कांग्रेस सरकार को पता है कि अगर पंचायत चुनाव समय पर हुए तो उसके समर्थित प्रत्याशी पराजित होंगे। यही कारण है कि पहले नगर निगम और निकाय चुनावों से किनारा किया गया और अब पंचायत चुनाव को भी टाला जा रहा है। गर्ग ने कहा कि सरकार सुनियोजित तरीके से चुनाव को दो वर्ष तक आगे ले जाने की तैयारी में है। पहले मंत्रिमंडल से प्रस्ताव, फिर चुनाव आयोग के साथ टकराव, वोटर लिस्ट पूरी न होने की दलील, जनगणना का हवाला, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और अब पंचायतों के पुनर्गठन के बहाने आदि सभी कदम चुनाव टालने की साजिश का हिस्सा हैं।

# प्रदेश में सड़क हादसों में बढ़ोतरी चिंता का सबब : मीरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं जानी-मानी समाजसेविका मीरा भोगल ने हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर गहरी चिंता और दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बीते 10 महीनों में प्रदेशभर में कुल 1,457 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें 1,457 लोग घायल हुए और 593 लोगों की असमय मृत्यु हुई है।

इनमें अधिकांश 34 वर्ष आयु वर्ग के युवा, व्यवसायी और जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्षरत लोग शामिल हैं। पत्रकारों से बातचीत में मीरा भोगल ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस अपने सीमित संसाधनों, प्रशिक्षण और संख्या के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का भरपूर प्रयास कर रही है। बावजूद इसके इस वर्ष आई भीषण प्राकृतिक आपदा के चलते हादसों में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके लिए किसी एक पक्ष को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि फिर भी यह स्पष्ट है कि इन दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयासों में कहीं न कहीं कमियां अवश्य रही हैं और सरकार को इस दिशा में अधिक गंभीर एवं ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

मीरा भोगल ने बताया कि इन हादसों के प्रमुख कारणों में ओवरस्पीड, ओवरटेकिंग, तीखे मोड़, सड़कों की खराब हालत और नशे की हालत में वाहन चलाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए प्रशासन को कठोर कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि इस गंभीर स्थिति पर प्राथमिकता से विचार किया जाए और सड़क सुरक्षा के लिए व्यवस्थित नीति व अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि बिगड़ैल वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करनी पड़े तो सरकार को इससे परहेज़ नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे हजारों लोगों की असमय मौतों को रोका जा सकता है।

# कड़े मुकाबले में कर्म सिंह ने रमेश चंद को 5 मत से हराया

### निर्वाचन अधिकारी शैलजा और सचिव पंकज की देखरेख में हुए दी लुहारवीं कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

दी लुहारवीं कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के चुनाव निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। पंचायत भवन लुहारवीं में आयोजित इस चुनाव में सभा के सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी शैलजा शर्मा और सचिव पंकज चंदेल की देखरेख में पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से किया गया। मतदान और मतगणना दोनों ही चरणों में कहीं भी कोई विवाद या आपत्ति सामने नहीं आई।

चुनाव में वार्ड नंबर 1 से जगत पाल, वार्ड नंबर 3 से दलेल सिंह, वार्ड नंबर 4 से नरेश कुमार और वार्ड नंबर 6 से आशुनील शर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वार्ड नंबर 2 में कर्म सिंह और रमेश चंद के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कुल 41 मत डाले गए, जिनमें से कर्म सिंह को 23 तथा रमेश चंद को 18 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार कर्म सिंह को 5 मतों के अंतर से विजेता घोषित किया गया। वार्ड नंबर 5 में कुल 77 मत पड़े, जिनमें देश राज को 59 मत तथा भाग सिंह को 18 मत प्राप्त हुए। देश राज ने 41 मतों के भारी अंतर से विजय हासिल की। वार्ड नंबर 7 मतवान में महेंद्र पाल रतवान और अमृत शर्मा के बीच कांटे की टक्कर रही। कुल 256 मत पड़े, जिनमें से 255 मत वैध और 1 मत अवैध घोषित किया गया।

मतगणना के अनुसार, अमृत शर्मा को 107 मत और महेंद्र पाल रतवान को 148 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार महेंद्र पाल रतवान ने 41 द्यमतों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए चौथी बार विजय का परचम लहराया।

# झंडूता में भाजपा को करेंगे सशक्त : हरीश

### भाजयुमो के नवनियुक्त अध्यक्ष ने विधायक कटवाल का जताया आभार

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



भारतीय जनता युवा मोर्चा झंडूता मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष हरीश अग्निहोत्री का रविवार को झंडूता में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। जैसे ही हरीश अग्निहोत्री अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई दी और कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। हरीश अग्निहोत्री अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा कार्यालय झंडूता पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक जीत राम कटवाल से मुलाकात की और उन्हें विश्वास जताने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह दायित्व उनके लिए गौरव और जिम्मेदारी दोनों है। पार्टी द्वारा जो भरोसा उन पर जताया गया है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा हमेशा से संगठन की रीढ़ रहा है और आने वाले समय में झंडूता मंडल के युवा कार्यकर्ताओं को संगठित कर बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और युवाओं की भूमिका इस विकास यात्रा में अहम है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी हरीश अग्निहोत्री को बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई।

**श्रद्धांजलि** बिलासपुर ही नहीं, पूरे हिमाचल में स्वच्छ और सच्चरित्र राजनीतिक जीवन की बने मिसाल

# स्वच्छ राजनीति के पथिक रहे स्वर्गीय डॉ. बाबूराम गौतम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं राज्य परिवहन निगम के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे स्व. डॉ. बाबूराम गौतम ने न केवल बिलासपुर, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में स्वच्छ और सच्चरित्र राजनीतिक जीवन का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। आज जब वे लंबी बीमारी के बाद इस संसार से विदा ले चुके हैं, हजारों लोग उनके आदर्शों को स्मरण कर उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

डॉ. बाबूराम गौतम ने आयुर्वेद में बीएएमएस की डिग्री प्राप्त की थी, किंतु पूर्व सांसद नारायण चंद पराशर के सान्निध्य में उन्होंने राजनीति का मार्ग चुना। राजनीति में प्रवेश के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के साथ उनकी निकटता ने उन्हें सार्वजनिक जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के अवसर दिए।

### जनसेवा को बनाया अपना लक्ष्य, 'विकास पुरुष' के रूप में रहेंगे याद



स्वर्गीय डॉ. बाबूराम ने सदैव जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाया और कभी व्यक्तिगत या पारिवारिक लाभ के लिए राजनीति का प्रयोग नहीं किया। वे हमेशा उन लोगों की मदद के लिए तत्पर रहे जो समाजसेवा की भावना से उनके पास पहुंचे। बिलासपुर के लोग उन्हें 'विकास पुरुष' के नाम से भी याद करते हैं। प्रदेश के अब तक के सबसे बड़े अली खड्ड पुल के निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके एक निकट सहयोगी बताते हैं कि इस पुल के निर्माण के लिए स्वयं तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बिलासपुर में एक जनसभा के दौरान 50 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री ने भी 50 लाख रुपए देने की घोषणा की, लेकिन राजनीतिक कारणों से तीन वर्षों तक शिलान्यास टलता रहा। इस स्थिति से व्यथित होकर डॉ. बाबूराम गौतम ने एक विधायक के नाते शिमला सचिवालय में मुख्यमंत्री के समक्ष धरना दिया और तब तक नहीं उठे जब तक मुख्यमंत्री ने शिलान्यास का वादा नहीं किया। उनके इस संघर्ष और वीरभद्र सिंह के आश्वासन का परिणाम था कि यह पुल बना और आज हजारों लोगों को यातायात सुविधा प्रदान कर रहा है।

### पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र सिंह के थे काफी करीब

उन्होंने अपने जीवनकाल में सादगी और ईमानदारी की मिसाल कायम की। उन्होंने कभी संपत्ति अर्जित नहीं की, न ही विधायक बनने के बाद अपने जीवन स्तर में कोई विशेष परिवर्तन किया। अपने अंतिम समय तक वे पूर्व विधायक परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे और पूर्व विधायकों के अधिकारों व सुविधाओं के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करते रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक नीरज नैय्यर की अपील: प्रभावित लोग लिखित में दें नुकसान की रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हाल ही में आई आपदा ने जिला चंबा के कई क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। लोगों के घर, खेत, पशुधन और आजीविका के साधनों को व्यापक नुकसान हुआ है। इस बीच सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने प्रभावित परिवारों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने नुकसान की जानकारी पटवारी, पंचायत प्रधान और वार्ड सदस्य को लिखित रूप में अवश्य दें, ताकि राहत और पुनर्वास कार्यों में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके। विधायक नैय्यर ने कहा कि प्रशासन लगातार नुकसान के आंकलन में जुटा है, लेकिन लोगों का सहयोग आवश्यक है ताकि किसी भी प्रभावित व्यक्ति को राहत से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी मामलों की रिपोर्ट त्वरित कार्रवाई के लिए भेजी जा रही है।



### हरदासपुरा में सुना प्रधानमंत्री का संदेश



**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा विधानसभा क्षेत्र के हरदासपुरा स्थित बूथ नंबर 47 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण उत्साह और अनुशासनपूर्ण माहौल में सुना गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता ने स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री का संदेश ध्यानपूर्वक सुना। वरिष्ठ नेता ने कहा कि 'मन की बात' देश के हर नागरिक को जोड़ने वाला प्रेरणास्रोत है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की।

### किलोड निवासी को जगी न्याय की उम्मीद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिकायतकर्ता विपिन शर्मा निवासी ग्राम पंचायत किलोड जिन्होंने किलोड पंचायत में बन रहे तीन आंगनबाड़ी भवन सीएससी भवन व समुदाय भवन तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लिल्ह के तीन कमरों के निर्माण कार्यों में हो रही धांधली के बारे में उपायुक्त चंबा व राज्यपाल को सौंपा था ज्ञापन। इसके निरीक्षण के लिए एक टीम गठित की गई है वह 28 अक्तूबर को ग्राम पंचायत किलोड में यह टीम निरीक्षण के लिए पहुंचेगी। शिकायतकर्ता विपिन शर्मा का कहना है की मीडिया की निगरानी में ही यह निरीक्षण होना चाहिए ताकि पारदर्शिता लोगों के समक्ष आ सके। ताकि दोषी पाए जाने वाले लोगों पर उचित कार्रवाई हो वह भविष्य में कोई भी इस तरह सरकारी धन का दुरुपयोग ना करें।

### यूथ क्लब सचूई ने करवाई वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमाणी यूथ क्लब सचूई द्वारा आयोजित एक दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। प्रतियोगिता में गांव सचूई, मालकोटा, भरमौर, पंजसेई, घरेड और छात्राड़ी की आठ टीमें भाग लीं। प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल खेलों के प्रति युवाओं में रुचि बढ़ाना था, बल्कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में खेलों के महत्व को भी उजागर करना था। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भरमाणी ने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर खेलों के प्रभाव को लेकर विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता के आयोजक आयुष पखरेटिया और शिमन ने मुख्य अतिथि को हार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कृष्ण पखरेटिया ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए 1100 रुपए की राशि प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम सुधार कमेटी अध्यक्ष ओम प्रकाश पखरेटिया, सलाहकार देस राज जपोतरा और सदस्य गगन सिंह दीनू राम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### शराब के नशे में किया झगड़ा, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के ग्राम तरक्वाड़ी (गाहरी) में शराब के नशे में हंगामा करने और परिवार को धमकाने का मामला सामने आया है। 91 वर्षीय विधी चंद ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र प्रशोतम चंद पिछले एक माह से लगातार नशे में गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियां दे रहा था। 26 अक्तूबर को आरोपी ने फिर से शराब पीकर हंगामा किया और आत्महत्या या हत्या की धमकी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी शांत नहीं हुआ। सार्वजनिक शांति भंग होते देख पुलिस ने प्रशोतम चंद को गिरफ्तार किया और सीएचसी भोरंज में मेडिकल करवाया, जहां पुष्टि हुई कि वह नशे में था। थाने लाने पर आरोपी ने अचानक अस्वस्थता की शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे डिस्चार्ज किया और पुलिस ने पुनः हिरासत में लेकर हवालात में बंद कर दिया। घटना की पुष्टि एसएचओ भोरंज प्रशांत ठाकुर ने की।

# अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण पर फोकस

## किहार में अल्पसंख्यक जागरूकता शिविर और ऋण मेले का किया आयोजन

आरके सहगल, अनंत ज्ञान



- निगम के प्रबंध निदेशक मनोज ने की अध्यक्षता
- युवाओं व महिलाओं को कम ब्याज दर पर ऋण की सुविधा

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम ने राज्य सरकार के जागरूकता अभियान के तहत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस किहार में रविवार को अल्पसंख्यक जागरूकता शिविर एवं ऋण मेला आयोजित किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जैन, बौद्ध, सिख, मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदायों के लोगों को उनके सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास के लिए उपलब्ध वित्तीय योजनाओं और लाभों की जानकारी देना था। शिविर की अध्यक्षता निगम के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार (आईएएस) ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार और निगम कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर युवाओं, महिलाओं और स्वरोजगार करने वालों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर चंबा और कांगड़ा के लोन एवं रिकवरी अधिकारी लियाकत खान ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि निगम लगातार प्रयास कर रहा है कि राज्य के हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी और सहायता समय पर पहुंचे।

लियाकत खान ने कहा कि हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि अल्पसंख्यक समाज के हर पात्र सदस्य को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले और कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों के ऋण से संबंधित औपचारिकताओं का भी निपटारा किया गया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर इस पहल की सराहना की। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के शिविर न केवल लोगों में जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समुदाय के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## लकड़ी का क्षतिग्रस्त पुल बनकर तैयार



बकाणी धिमला पंचायत को जोड़ने वाला लकड़ी का पुल बनकर तैयार किया गया।

अनंत ज्ञान, चंबा

बकानी धिमला पंचायत को जोड़ता लकड़ी का पुल जो बरसात के दिनों में क्षतिग्रस्त हो चुका था जिस पर पड़े लकड़ी के फट्टे निकल चुके थे। जिस कारण इस पुल पर आवाजाही बंद हो चुकी थी। ऐसे में स्थानीय लोगों को अपने गांव पहुंचने के लिए एक लंबी दूरी के पुल को पार करके एक लंबा सफर तय करके पहुंचना पड़ता था जिससे राहगीरों व स्कूली बच्चों को तथा स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं कई बार जान जोखिम में डालकर कई लोगों को लोहे की लगी केबल के सहारे पुल पार करते हुए भी देखा गया जो की मौत को चुनौती देने बराबर था, क्योंकि एक ओर इतनी ऊंचाई पर यह पुल है वहीं दूसरी तरफ नीचे रावी नदी। अब इस लकड़ी के पुल की रिपेयर होने से स्कूली छात्र-छात्राओं राहगीरों तथा बकाणीठु धिमला पंचायत के बहुत से लोगों का सफर सुगम हो गया है।

# खुंदेल में फर्जी वोटिंग की आशंका युवक ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, भरमौर

- आधार कार्ड से सत्यापन की मांग, केवल स्थानीय मतदाता को वोट का अधिकार मिले

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत खुंदेल के एक युवक ने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन देकर जताई फर्जी बोट बनाने की आशंका। शिकायतकर्ता सरवन कुमार का कहना है की खुंदेल पंचायत में वोट बनाने को लेकर बहुत धांधली हुई है।

सरवन कुमार का कहना है की जिनके आधार कार्ड पठानकोट लुधियाना कांगड़ा और जम्मू के हैं जो सिर्फ वोट के समय ही यहां दिखाई देते हैं। जिनके आधार कार्ड की पहचान होना बहुत जरूरी है कि वह निवासी जो खुंदेल पंचायत में वोट डाल रहा है क्या वह वाक्य में यहां का स्थानीय निवासी है। इस तरह की गतिविधियां न केवल लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन है बल्कि स्थानीय जनता के अधिकारों पर भी सीधा हमला है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि इन सभी फर्जी वोटों की जांच की जाए व वोटर लिस्ट का सत्यापन दोबारा किया जाए। पोलिंग बूथ के अंदर तभी प्रवेश मिलना चाहिए जब तक उनके आधार कार्ड का सही पता ग्राम पंचायत खुंदेल का नहीं पाया जाता है। शिकायतकर्ता सरवन कुमार का कहना है कि मैं किसी के खिलाफ नहीं हूं लेकिन हमारे गद्धी और गुज्जर भाई का कोई ठिकाना एक जगह नहीं होता है वह अपनी भेड़ बकरियां तथा भैंस के साथ जाते हैं और साल में कभी कवार ही घर आना होता है जो यहां से जाकर वहां बस गए हैं और अपना आधार पता वगैरा सब अपडेट कर लिया है और सिर्फ चुनाव के समय यहां आते हैं उन वोटरों को यहां वोट का अधिकार नहीं दिया जाए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जो भी वोट बने हैं एक भी वोटर फॉर्म पर सिग्नेचर सही नहीं है क्योंकि वोट बनाने के लिए कोई भी यहां नहीं आया है सभी फार्म पर सिग्नेचर निजी लोगों द्वारा किए गए हैं इसकी छंटाई और हस्ताक्षर वेरीफाई होने बहुत जरूरी हैं। ताकि ग्राम पंचायत खुंदेल में निष्पक्ष चुनाव हों जहां केवल असली मतदाता ही अपने अधिकार का प्रयोग करें। शिकायतकर्ता सरवन कुमार का कहना है की उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल ने विकासखंड मैहला के अधिकारी डॉ बशीर खान को जांच के आदेश दिए थे लेकिन उन्होंने जमीनी स्तर पर जांच ना करके सिर्फ टाल मटोल करने की बात की।

# नारी मन की संवेदना में गूंजी महिला सशक्तिकरण की आवाज

## डॉ. अनिल ने साहित्यिक संघर्ष व प्रेरणा की साझा, शाकंभरी व सरला ने जीवन अनुभवों से दी सीख

अनंत ज्ञान, चंबा

- कार्यक्रम का सफल संचालन और भविष्य की पुस्तक योजना
- मातृशक्ति और साहित्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव

महिला साहित्यकार संस्था, हिमाचल प्रदेश द्वारा नारी मन की संवेदना श्रृंखला भाग-6 का सफल आभासी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई, जिसे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, छात्रावास करियां की छात्रा रीनू ने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर संस्था की प्रांत अध्यक्षा डॉ. रीता सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध शिक्षाविद और साहित्य मर्मज्ञ डॉ. स्वर्ण अनिल उपस्थित रहीं। उन्होंने कोटखाई, शिमला से लेकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक अपने सशक्त साहित्यिक सफर और संघर्ष की प्रेरक गाथा साझा की।

रेडियो और दूरदर्शन के कई धारावाहिकों में लेखन, निर्देशन और अभिनय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के साथ उन्होंने साहित्य सृजन में भी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी प्रमुख कृतियों में बंद मुट्ठी की रेत, सात बहनों की लोककथाएं, एक जोड़ी आंखें और माटी फिर महकेगी विशेष रूप से चर्चित हैं। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति अपने दृढ़ संकल्प और कलम की शक्ति से समाज का स्वरूप बदल सकती है।

कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में कांगड़ा की लेखिका और रेडियो-टेलीविजन कलाकार शाकंभरी देवी ने अपने जीवन संघर्षों और अनुभवों को साझा करते हुए प्रतिभागियों को प्रेरक संदेश दिया। वहीं कुल्लू की लोक गायिका और लेखिका सरला चंबयाल ने बताया कि औपचारिक शिक्षा के अभाव के बावजूद उन्होंने स्वाध्याय से ज्ञान अर्जित किया और कुल्लू की लोक संस्कृति, बोली और परंपराओं को अपनी रचनाओं में जीवित रखा। उनकी पुस्तकों दोखड़िए और काति महीने री चांनंणिए को पाठकों द्वारा विशेष सराहना मिल रही है। वर्तमान में वे कुल्लूवी शब्दावली और औषधीय जड़ी-बूटियों पर एक शोधग्रंथ के लेखन में कार्यरत हैं।

कार्यक्रम का संचालन महिला साहित्यकार संस्था की जिला चंबा इकाई अध्यक्षा डॉ. कविता बिजलवान ने किया। समापन अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों और वक्ताओं का आभार प्रकट करते हुए बताया कि श्रृंखला के सभी चरण पूर्ण होने के बाद सभी वक्ताओं के जीवन संघर्ष और सृजन को संकलित कर संस्था द्वारा एक पुस्तक प्रकाशित की जाएगी।

प्रांत अध्यक्षा डॉ. रीता सिंह ने अपने समापन वक्तव्य में कहा कि महिलाएं पारिवारिक दायित्वों के साथ समाज और संस्कृति के संरक्षण में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। साहित्य के माध्यम से उनका योगदान न केवल प्रेरक है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करता है। यह आयोजन नारी सशक्तिकरण और साहित्य जगत में मातृशक्ति की सृजनशील भूमिका को रेखांकित करता है तथा यह संदेश देता है कि कलम की ताकत से महिलाएं हर क्षेत्र में नई पहचान गढ़ रही हैं।

## पर्यटक का आईफोन लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल



**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली घूमने आए जयपुर के पर्यटकों का खोया हुआ आई फोन लौटा कर मनाली निवासी टेम्पू ट्रेवलर चालक संजू बाबा ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। जयपुर के पर्यटक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग घूमने गए थे। यहां पर एक पर्यटक का फोन गुम हो गया था जो कि टेंपू ट्रेवलर चालक संजू बाबा को मिला। संजू बाबा ने पर्यटक को उनका मोबइल फोन दिया जिस पर पर्यटक ने संजू बाबा का आभार व्यक्त किया है। वहीं टेम्पू ट्रेवलर यूनियन मनाली के अध्यक्ष कपिल ठाकुर सहित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने चालक संजू बाबा के इस पुनीत कार्य की खूब सराहना की है।

# हरी सिंह, संजय, देव राज, रमेश और प्रेम चंद को मिली उपाध्यक्ष की कमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

- भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा स्नोर मंडल अध्यक्ष प्रेम दास ने विधानसभा क्षेत्र द्रंग विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, भाजपा स्नोर मंडल अध्यक्ष मेहर चंद भारती, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंडी अध्यक्ष खेम चंद संध्याना से विचार विमर्श करने के उपरांत मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है ।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा स्नोर मंडल अध्यक्ष प्रेम दास ने मंडल पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए हरी सिंह (जलाकाशना), संजय कुमार (मशोरा), देव राज (फर्श), रमेश कुमार (नागधार) व प्रेम चंद (टकोली) को उपाध्यक्ष व काशी राम (बालू) व डिम्मेश्वर (रैन्स) को महामंत्री व बलबीर कुमार (पियून) को कोषाध्यक्ष व दर्शन सिंह (शिवा), उत्तम राम (रैन्स), तीर्थ राम (भटवाड़ी), चिंता देवी (नाऊ) व तीर्थ राम (भरशी) को सचिव व रीत सिंह (शिवा) को कार्यालय सचिव व तुलसी राम (बाड़ी-शिवा) व प्रवक्ता, प्रेम सागर (राहला) को मीडिया प्रभारी व हुकम सिंह (काकू) चैहटीगढ़ को सह-मीडिया प्रभारी व टिकमे राम (हटौण) को सोशल मीडिया सयोंजक व मोहर सिंह (नाऊ) को सोशल मीडिया सह-सयोजक को सूरत राम (भटवाड़ी) को आईटी सयोंजक व खेम सिंह (शिवा) को मंडल का आईटी सह-सयोजक नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त मोर्चा अध्यक्ष ने मंडल की कार्यकारिणी में हुकमे राम (झीड़ी), चैने राम (भटवाड़ी), राम रत्तन (फर्श), संजीव कुमार (संजु) रोपा, गोविन्द राम (राहला), शारदा (टिक्कर), कृष्ण सूद (मझोगी), चौधरी राम (टकोली), चंद्रवीर (कोटाधार), कुर्म दत्त (हंसु), गुलाब (रानीधार), मोती राम (मैहणी), मेद राम (बिहण) व तिलक (सकिरन) को अनुसूचित जाति मोर्चा में मंडल कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रेम दास ने सभी नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उनके नव दायित्व की बधाई देते हुए कहा की यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। दरंग विधायक पूर्ण चंद ठाकुर जी व भाजपा स्नोर मंडल अध्यक्ष मेहर चंद भारती जी ने सभी नए दायित्ववान कार्यकर्ताओं को उनके नव दायित्व की बधाई दी है।

# अति दुर्गम क्षेत्र ढांगू में विधायक डॉ. जनक राज ने सुनी 'मन की बात'



अनंत ज्ञान, भरमौर

- 'घर-घर स्वदेशी' के संदेश के साथ कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के बीच जुड़ा संवाद

'घर-घर स्वदेशी' के संकल्प को साकार करने की दिशा में पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने रविवार को अपनी विधानसभा की अति दुर्गम पंचायत और बूथ गाँव ढांगू में पहुँचकर स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' के 127वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और लोकल उद्यमों को बढ़ावा देने के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाना ही सच्ची देशसेवा है। उन्होंने कहा कि पांगी-भरमौर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में भी अब विकास और संचार की लहर पहुंच चुकी है, जिससे हर नागरिक देश की मुख्यधारा से सीधे जुड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक के इस जनसंपर्क प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी क्षण है, जब उनके गांव से भी राष्ट्र के संवाद का हिस्सा बनने का अवसर मिला।

## डलहौजी में युवाओं को आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित करने की पहल



डलहौजी में युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान, चंबा

**युवा** हॉस्टल डलहौज़ी में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए प्रशिक्षित करना और उन्हें आपदा प्रबंधन में दक्ष बनाना है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव, अग्निशमन तकनीक तथा आपातकालीन राहत कार्यों से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि विक्रमजीत सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा मित्र समाज की सबसे सशक्त कड़ी हैं, जो संकट के समय प्रशासन की सहायता कर जन-जीवन और संपत्ति की रक्षा में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने का भी आग्रह किया।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी सुमित गुप्ता ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण वर्ग 26 अक्तूबर से 1 नवंबर तक चलेगा, जिसमें 41 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक दल द्वारा किया गया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने प्रस्तुत किया।

**अनदेखी** पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें, सड़क की दुर्दशा के लिए कांग्रेस व भाजपा जिम्मेदार: राठौर

# 15 सालों से बदहाली के आंसू बहा रहा एनएच-305

अनंत ज्ञान, बंजार

जिला कुल्लू में बरसात के कारण इस बार ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। हालांकि इन्हें अब रिस्टोर करने का काम किया जा रहा है, लेकिन अभी भी कई जगह हालात बेहद खराब हैं। वहीं, एनएच-305 पिछले 15 सालों से बदहाल होने के कारण पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। इस हाईवे की हालत में 15 सालों से कोई सुधार नहीं हुआ है। इस बरसात में हालात और भी बद से बदतर हो गए हैं।

बंजार घाटी के बागवान अजीत राठौर का कहना है कि इस सड़क की दुर्दशा के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों जिम्मेदार है, क्योंकि दोनों ही दलों की सरकार यहां रही है, लेकिन दोनों दलों ने ही इस सड़क को डबललेन करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। अगर दोनों दलों ने मिलकर केंद्र सरकार के सामने प्रयास किया होता तो आज 15 सालों के अंदर 100 किलोमीटर का सड़क मार्ग डबललेन हो सकता था। खराब सड़क के चलते इस साल बागवानों के सेब बगीचे में खराब हो गए और तीन माह तक सड़क पर बस सेवा भी शुरू नहीं हो पाई।

इन 15 सालों में प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों की सरकार रही, लेकिन दो उपमंडल की दर्जनों पंचायतों को जोड़ने वाली इस सड़क की सुध किसी भी सरकार ने नहीं ली।खराब सड़क के कारण राहगीरों को तो समस्या आ ही रही है, लेकिन किसानों-बागवानों को यहां खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, पर्यटन कारोबारी भी काफी परेशान हैं, क्योंकि सड़क की खराब हालत के चलते सैलानी भी आनी और बंजार के पर्यटन स्थलों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### 100 किमी हाईवे पर जगह-जगह लैंडस्लाइड

एनएच-305 न सिर्फ दो जिलों को आपस में जोड़ता है, बल्कि अन्य जिलों के लिए भी इसी हाईवे से आवाजाही की जाती है। करीब 100 किमी लंबे औट-बंजार-सैंज हाईवे-305 पर इस साल बरसात में 100 से ज्यादा जगहों पर भारी लैंडस्लाइड हुआ है। लारजी डैम से लेकर लुहरी-सैंज तक लैंडस्लाइड ने हाईवे की सूरत ही बदलकर रख दी है। ये हाईवे-305 चंडीगढ़-मनाली हाईवे-03 को औट में दूसरी और हाईवे-05 को सैंज में जोड़ता है।

### जल्द ही डबल लेन करने का काम होगा शुरू

एपीएमसी कल्लू के अध्यक्ष राम सिंह मियां का कहना है कि एनएच के अधिकारियों से इस बारे बात की गई है। फिलहाल सड़क मार्ग की हालत को सुधारा जा रहा है, ताकि औट से लुहरी तक गाड़ियों की आवाजाही सामान्य हो सके। इस मुद्दे को प्रदेश सरकार के समक्ष भी रखा गया है। मुख्यमंत्री द्वारा भी आश्वासन दिया गया है और जल्द ही इस सड़क मार्ग को डबल लेन करने का काम शुरू किया जाएगा।

### एनएच-305 को 120 करोड़ का नुकसान

कुल्लू जिले में समुद्र तल से 10,280 फीट ऊंचे जलोड़ी दर्रे से गुजरने वाले हाईवे-305 को बरसात ने गहरे जख्म दिए हैं। ये हाईवे जहां बाहरी सराज की 69 पंचायतों की 1.30 लाख आबादी को जिला मुख्यालय से जोड़ता है। वहीं, ये हाईवे बंजार, गाड़ागुशैणी, मंडी के बालीचौकी की करीब एक लाख आबादी की भी जीवन रेखा है। हाईवे-305 को हुए भारी नुकसान के जख्मों को भरना एनएच अथॉरिटी के लिए भी आसान नहीं है। करीब 100 किलोमीटर लंबे इस हाईवे को 120 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। हालांकि अभी हाईवे को गाड़ियों के लिए बहाल कर दिया गया है, लेकिन अभी भी इस सड़क से सफर करना खतरे से खाली नहीं है।

### 2010 में मिला था नेशनल हाईवे का दर्जा

**जिला** कुल्लू के उपमंडल बंजार के लिए जिला मंडी के औट से नेशनल हाईवे-305 गुजरता है। ये नेशनल हाईवे लारजी, बंजार, जलोड़ी दर्रा, आनी से होते हुए लुहरी तक जाता है, लेकिन बीते कई सालों से इस सड़क की हालत काफी खराब है। हालांकि साल 2010 में इस सड़क को नेशनल हाईवे का दर्जा दिया गया था। मगर अभी तक ना तो यह सड़क डबल लेन हो पाई और ना ही इसकी खराब हालत में कोई सुधार आया है।

> **बीते** दिनों बंजार भाजपा द्वारा सड़क के खराब हालत को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया था, लेकिन उसके बावजूद भी सड़क की हालत में कोई सुधार नहीं आया है। 'पूर्व में भी हमने एनएच अथॉरिटी के सामने सड़क मार्ग को डबल लेन करने का मुद्दा उठाया था। उसके बाद इसके निर्माण कार्य को लेकर दस्तावेज की प्रक्रिया को भी पूरा किया गया। वर्तमान में कांग्रेस सरकार बंजार के ग्रामीण सड़कों को भी बहाल नहीं कर पाई है। एनएच के डबल लेन को लेकर भाजपा अपने स्तर पर भी प्रयास कर रही है, लेकिन प्रदेश सरकार का इस बारे रवैया बिल्कुल भी सकारात्मक नहीं है।
>
> **- सुरेंद्र शौरी, विधायक, बंजार**

> **इस** साल औट-लुहरी सड़क मार्ग को 120 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। फिलहाल सड़क मार्ग को गाड़ियों के लिए खोल दिया गया है, लेकिन अभी भी सड़क की मरम्मत का कार्य जारी है। सड़क को डबल लेन करने की प्रक्रिया के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है।
>
> **- केएल सुमन, अधिशासी अभियंता एनएच-305**

# ओपिनियन



**जिस** प्रकार बिना जल के धान नहीं उगता, उसी प्रकार बिना विनय के प्राप्त की गई विद्या फलदायी नहीं होती। -**भगवान महावीर**

## संपादकीय

# रिश्तों को निगलता चिट्टा

पंजाब और हिमाचल में चिट्टा यानी हेरोइन का कहर अब भयावह रूप ले चुका है। यह नशा अब सामाजिक, पारिवारिक और मानवीय मूल्यों को चीरने वाला जहर बन गया है। पहले चिट्टे की चर्चा सीमित इलाकों तक सीमित थी, लेकिन अब यह गांव-गांव तक पहुंच चुका है। हालत यह है कि लोग नशे की तलब में अपने रिश्ते, मान-सम्मान और यहां तक कि अपने ही खून के रिश्तों को भी बेचने से गुरेज नहीं कर रहे। हाल ही में पंजाब के बुढलाडा कस्बे में घटी घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।

एक नशेड़ी पति-पत्नी ने चिट्टे की लत मिटाने के लिए अपने छह महीने के मासूम बच्चे को 1.80 लाख रुपए में बेच डाला। यह सुनकर मन सन्न रह गया कि एक मां, जो कभी राज्यस्तरीय पहलवान रह चुकी थी, वह भी इस कदर नशे की गिरफ्त में आ गई कि अपने जिगर के टुकड़े को बेचने से भी नहीं हिचकिचाई। यह दंपती करीब दो साल से चिट्टे के आदी थे। एक कबाड़ी, जो उन्हें नशा सप्लाई करता था, ने बच्चे को खरीदने की पेशकश की और नशे की तलब में अंधे हो चुके दंपती ने बिना सोचे-समझे सौदा तय कर दिया। बच्चे को बेचने के ढाई महीने बाद जब महिला का नशा कुछ कम हुआ, तो उसे अपनी गलती का एहसास हुआ और वह थाने पहुंची। उसने गुहार लगाई कि उसका बच्चा उसे वापस दिलाया जाए। दूसरी ओर, बच्चे को लेने वाले व्यक्ति का कहना था कि उसने बच्चे को खरीदा नहीं बल्कि गोद लिया है, पर सच्चाई जो भी हो, इस घटना ने यह साफ कर दिया कि चिट्टा अब इंसान की संवेदनाओं और रिश्तों को निगल चुका है।

इस घटना ने हिमाचल प्रदेश में भी हलचल मचा दी, क्योंकि कुछ वर्ष पहले शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र से भी ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां एक व्यक्ति ने नशे की लत के चलते अपनी पत्नी के गहने बेच दिए थे। जब पत्नी ने विरोध किया तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा। अंततः आहत होकर महिला ने अदालत से तलाक ले लिया। यह दोनों घटनाएं महज अपराध नहीं, बल्कि समाज के पतन की निशानी हैं। जब व्यक्ति नशे के लिए अपने घर का सामान, आभूषण, जमीन-जायदाद बेचने लगे तो यह उसकी आत्मा के क्षरण की सीमा है, लेकिन जब वह अपने ही बच्चे को बेच दे, तो यह उस समाज की चेतना के मरने का प्रमाण है। यह केवल कानून और पुलिस का मामला नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना के गिरते स्तर का आईना है।

चिट्टे ने पंजाब और हिमाचल के युवाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। बेरोजगारी, साथियों का दबाव, अवसाद और आधुनिक जीवन की भागदौड़ ने इस जहर को और गहराई से फैलाया है। यह नशा व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से खोखला बनाता है। पहले यह लत सिर्फ अपराधियों या समाज के निचले तबके में मानी जाती थी, लेकिन अब यह पढ़े-लिखे, नौकरीपेशा और खेलकूद में सक्रिय युवाओं तक फैल चुकी है। जब एक पहलवान महिला तक चिट्टे की गिरफ्त में आ सकती है, तो यह बताता है कि यह बीमारी कितनी गहरी जड़ें जमा चुकी है। चिट्टा सिर्फ शरीर को नहीं, आत्मा को भी खा जाता है। यह इंसान को ऐसा बना देता है कि उसे सही-गलत की पहचान तक नहीं रहती। नशे की तलब में व्यक्ति अपने परिजनों को मारने, लूटने या बेचने तक से नहीं हिचकता। यही कारण है कि अब यह सिर्फ कानून व्यवस्था की नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व की लड़ाई बन चुकी है।

सरकारें इस दिशा में लगातार कदम उठा रही हैं। पंजाब और हिमाचल दोनों ही राज्यों में एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। ड्रग्स सप्लायर और तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है, सीमाओं पर निगरानी बढ़ाई गई है, और नशा मुक्ति केंद्रों का विस्तार किया जा रहा है। लेकिन सच यह है कि केवल कानून से यह जहर खत्म नहीं होगा। पुलिस कितनी भी कार्रवाई करे, जब तक समाज खुद जागरूक नहीं होगा, तब तक यह लत जिंदा रहेगी। असली जंग घरों के भीतर लड़ी जानी है। जब तक माता-पिता अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर नहीं रखेंगे, उनकी संगत नहीं जानेंगे, और समय रहते उन्हें सही मार्गदर्शन नहीं देंगे, तब तक नशे का यह सिलसिला नहीं रुकेगा। बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया के आभासी संसार में छोड़ देना, उन्हें अकेलेपन की ओर धकेलना, कहीं न कहीं उन्हें नशे की ओर ले जा रहा है।

जरूरत इस बाती की है कि परिवार और समाज मिलकर इस जहर के खिलाफ मुहिम चलाएं। हर स्कूल और कॉलेज में नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य किए जाने चाहिए। पंचायत स्तर पर नशा विरोधी समितियां बनाई जाएं, जो गांवों में जाकर लोगों को समझाएं, नशे के दुष्परिणामों पर चर्चा करें और पीड़ित परिवारों की मदद करें। जो लोग नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें तिरस्कृत करने की बजाय इलाज और पुनर्वास की ओर ले जाना चाहिए। नशा छोड़ना केवल इच्छाशक्ति का सवाल नहीं, बल्कि एक सामूहिक सहयोग की प्रक्रिया है। समाज को ऐसे लोगों के लिए सहानुभूति रखनी चाहिए ताकि वे फिर से सामान्य जीवन की राह पर लौट सकें। आज सबसे बड़ी जरूरत यह है कि हम चिट्टे के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ें। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### दिल्ली की राजनीति के सजग प्रहरी

**मदन** लाल खुराना भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री थे। उनका जन्म 15 अक्तूबर 1936 को फैसलाबाद (तत्कालीन लायलपुर, पाकिस्तान) में हुआ था। भारत विभाजन के बाद उनका परिवार भारत आ गया और दिल्ली के कीर्ति नगर स्थित रिफ्यूजी कॉलोनी में बस गया। उस समय वे मात्र 12 वर्ष के थे।



मदन लाल खुराना
**जन्म :** 15 अक्तूबर,1936
**निधन:** 25 अक्तूबर,2018

छात्र जीवन में ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ से जुड़े। राजनीति में उनकी शुरुआत छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुई, जहां से वे आगे बढ़ते हुए जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी के महत्वपूर्ण नेता बने। मदन लाल खुराना 1977 से 1980 तक दिल्ली के कार्यकारी पार्षद रहे। बाद में वे दो बार महानगर पार्षद चुने गए। जब दिल्ली को राज्य का दर्जा मिला, तो 1993 में वे इसके पहले मुख्यमंत्री बने और 1996 तक इस पद पर रहे। मुख्यमंत्री पद से उन्होंने हवाला कांड में नाम आने के बाद इस्तीफा दे दिया, हालांकि बाद में वे निर्दोष साबित हुए। वर्ष 2004 में वे राजस्थान के राज्यपाल भी बने। 2005 में पार्टी नेतृत्व से मतभेदों के कारण उन्हें भाजपा से निकाल दिया गया, पर कुछ महीनों बाद पुनः शामिल कर लिया गया। वे लंबे समय तक अस्वस्थ रहे और 27 अक्तूबर 2018 को नई दिल्ली में उनका निधन हो गया। 82 वर्ष की आयु में उनका जीवन देश की राजनीति में एक सादगीपूर्ण और संघर्षशील अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। ■



गजल

## किस्सा-ए-गम

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार, हिमाचल प्रदेश

**किस** कदर उठा है शोर देखिए
किस्सा-ए-गम इक और देखिए
सदा दर्दमंदों की है कौन सुनता
कागज के टुकड़ों का जोर देखिए
हिस्से के दाने भी खा जाते गुपचुप
बरकों में बंद अब गौर देखिए
मंजिल का मिलना न आसां है कोई
चलो और दूजा कोई ठोर देखिए
सुना था के माझी भंवर से बचाता
सफीना डुबोता अब छोर देखिए
यह मेरी जमीं है, मेरा आसमां है
है जुमला पुराना कोई और देखिए

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

# मुनाफे के लालच में मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़

लोग अपनी सेहत का ख्याल तो खूब रखते हैं, लेकिन जब वे बीमार हो जाते हैं तो वह सरकारी और निजी अस्पतालों की ओर रुख करते हैं, जहां डॉक्टर उनकी बीमारी की जांच करके दवाइयां लिखकर देते हैं। मरीज डॉक्टरों के बताए अनुसार दवाइयां समय-समय पर लेते हैं और विश्वास करते हैं कि इनसे उनकी तबीयत ठीक हो जाएगी, लेकिन जब वही दवाइयां नकली निकलती हैं तो यह विश्वास टूट जाता है।



दरअसल, देशभर में नकली दवाइयों का कारोबार कोई नई बात नहीं है। यह एक ऐसा खेल है जो कई दशकों से चल रहा है और जिसका जाल इतना गहराता जा रहा है कि आम आदमी की जिंदगी अब सीधे इसके निशाने पर है। कुछ मामले उजागर होते हैं, तो कुछ पैसे और प्रभाव के दम पर दबा दिए जाते हैं। नतीजा यह कि बाजार में आज भी बड़ी मात्रा में डुप्लीकेट दवाइयां बिक रही हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में कई देसी कंपनियां ब्रांडेड कंपनियों के नाम का इस्तेमाल करके नकली दवाइयां बना रही हैं। यह सब सिर्फ पैसे के लालच में हो रहा है। असली दवाओं की आड़ में नकली उत्पाद बाजार में उतारे जा रहे हैं। इस पूरे खेल में कई स्तरों पर मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कई बार ड्रग इंस्पेक्टरों और अधिकारियों की आंखें पैसे से बंद कर दी जाती हैं, जिससे यह घिनौना कारोबार फलता-फूलता रहता है।

देश में दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल कोई पहली बार नहीं उठे हैं। कुछ समय पहले केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ ने अक्तूबर महीने का ड्रग अलर्ट जारी किया था। इसमें बताया गया कि देशभर में 112 दवाओं के सैंपल फेल पाए गए हैं, जिनमें से 49 सैंपल हिमाचल प्रदेश की फार्मा कंपनियों में निर्मित दवाओं के थे। यह बेहद चिंताजनक है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश देश का सबसे बड़ा दवा निर्माण केंद्र बन चुका है। बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ के उद्योग न केवल पूरे भारत में बल्कि विदेशों में भी दवाएं सप्लाई करते हैं। ऐसे में अगर यहां बनी दवाएं फेल पाई जा रही हैं तो यह न सिर्फ प्रदेश की प्रतिष्ठा पर सवाल है, बल्कि पूरे भारतीय फार्मा उद्योग की विश्वसनीयता पर भी धब्बा है। फेल सैंपलों में दिल की बीमारी, स्तन कैंसर, गैस्ट्रो, दर्द निवारक, कैल्शियम और पेट दर्द जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं शामिल हैं। जिन दवाओं से मरीजों की जान बचनी चाहिए, वही दवाएं मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही हैं।

ड्रग कंट्रोलर और स्वास्थ्य अधिकारी दावा करते हैं कि दवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं, सैंपलिंग प्रक्रिया तेज की जा रही है और दोषी कंपनियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि यह सब ज्यादातर कागजी कार्रवाई बनकर रह जाता है। अगर वाकई सख्त कार्रवाई होती तो बार-बार सैंपल फेल होने की नौबत ही क्यों आती? सच्चाई यह है कि यह सैंपलिंग का खेल बन चुका है। हर बार सैंपल भरे जाते हैं, जांच होती है, रिपोर्ट आती है, कुछ कंपनियां फेल होती हैं, नोटिस दिए जाते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों में मामला ठंडा पड़ जाता है। फिर वही कंपनियां दोबारा उत्पादन शुरू कर देती हैं और वही नकली दवाइयां फिर से बाजार में बिकने लगती हैं। अगर दोषी कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएं और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए तो नकली दवाओं का यह सिलसिला जल्द ही रुक सकता है, लेकिन ऐसा शायद ही कभी होगा। जब तक देश में भ्रष्टाचार और घूसखोरी का चलन है तब तक तो यह संभव नहीं लगता।

### यथार्थ



समरजीत

सीडीएससीओ की रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 80 से 90 प्रतिशत फेल दवाएं भारतीय फार्माकोपिया और पीएच मानकों के अनुरूप नहीं बनाई गईं। खराब गुणवत्ता वाला कच्चा माल, निर्माण प्रक्रिया में लापरवाही, तय तापमान पर दवाओं का स्टोरेज न होना और उत्पादन इकाइयों में सुरक्षा मानकों का अभाव इन दवाओं के फेल होने के प्रमुख कारण हैं। हिमाचल में, जहां हजारों करोड़ का दवा कारोबार होता है, वहां अगर आधी से ज्यादा दवाएं गुणवत्ता में खामी लिए हों तो यह केवल औद्योगिक समस्या नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का संकट है।

इन हालातों को देखकर लगता है कि भारत में दवाओं की निगरानी के लिए जो तंत्र बना है, वह बेहद कमजोर साबित हो रहा है। ड्रग इंस्पेक्टरों की संख्या सीमित है और उनकी जवाबदेही तय नहीं है। कई जगह एक ही अधिकारी को कई जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में दवा निर्माण इकाइयों की नियमित जांच होना लगभग असंभव है। ऊपर से जब पैसा बोलता है, तो नियमों की किताबें भी बंद कर दी जाती हैं। सरकारें चाहे केंद्र की हों या राज्य की, हर बार आश्वासन देती हैं कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी, लेकिन सच्चाई यह है कि कार्रवाई के नाम पर केवल दिखावा होता है। जो जांच समितियां बनती हैं, उनकी रिपोर्ट महीनों तक दबा दी जाती है या फिर उसमें ऐसे तकनीकी शब्दों का इस्तेमाल कर दिया जाता है कि आम जनता समझ ही नहीं पाती कि असल में हुआ क्या।

आंकड़ों की बात करें तो सीडीएससीओ के मुताबिक, 2023-24 में देशभर से करीब 55 हजार दवाओं के सैंपल लिए गए, जिनमें लगभग तीन प्रतिशत सैंपल फेल पाए गए। इनमें से केवल पांच से दस प्रतिशत मामलों में ही ठोस कार्रवाई हुई। बाकी फाइलों में बंद होकर रह गए। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बिकने वाली कुल दवाओं में लगभग दस से पंद्रह प्रतिशत नकली या सबस्टैंडर्ड होती हैं। यानी हर दस में से एक दवा किसी न किसी रूप में खामी लिए हुए है। यह आंकड़ा बेहद भयावह है, क्योंकि भारत को दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है और यहां से बड़ी मात्रा में जेनेरिक दवाएं विदेशों में निर्यात की जाती हैं। अगर भारत की दवा गुणवत्ता पर भरोसा कमजोर हुआ तो उसका असर न सिर्फ अर्थव्यवस्था बल्कि अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी पड़ेगा।

सरकार ने पिछले पांच वर्षों में नकली दवाओं की पहचान और नियंत्रण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। 'नेशनल ड्रग सर्वे', 'ड्रग अलर्ट' और 'स्पेशल, क्रैकडाउन ऑपरेशन' जैसे अभियान चलाए गए। दवाओं की ट्रैकिंग के लिए क्यूआर कोड आधारित 'ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम' शुरू करने की घोषणा भी की गई, जिससे उपभोक्ता दवा के असली या नकली होने की जांच कर सकें, लेकिन यह व्यवस्था जमीनी स्तर पर बहुत धीमी गति से लागू हो रही है। फार्मासिस्टों को इसकी जानकारी नहीं है, उपभोक्ता जागरूक नहीं हैं और जिन कंपनियों पर यह व्यवस्था लागू करनी है, वे तकनीकी या आर्थिक कारणों का हवाला देकर इसे टाल रही हैं।

नकली दवाओं का मुद्दा केवल स्वास्थ्य प्रणाली की नाकामी नहीं, बल्कि नैतिक दिवालियापन का प्रतीक भी है। दवा उद्योग में कुछ लालची तत्व त्वरित मुनाफे की लालसा में मानव जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। खास तौर पर ग्रामीण और छोटे शहरों में यह समस्या अधिक गंभीर है, जहां लोगों को असली और नकली दवाओं में फर्क तक नहीं पता। कई बार मेडिकल स्टोर पर बिना जांच के दवाएं बिक जाती हैं, क्योंकि निगरानी का तंत्र कमजोर है और भ्रष्टाचार ने जड़ें जमा ली हैं।

ऑनलाइन फार्मेसी के बढ़ते प्रचलन ने भी इस समस्या को और जटिल बना दिया है। इंटरनेट पर सस्ती दवाओं के नाम पर नकली उत्पादों की भरमार है, जिन पर नियंत्रण लगभग नामुमकिन हो गया है। ऐसे में जरूरी है कि सरकार डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम के साथ-साथ ऑनलाइन बिक्री के लिए एक केंद्रीकृत प्रमाणन व्यवस्था लागू करे।

जनजागरण भी उतना ही आवश्यक है। जब तक उपभोक्ता सतर्क नहीं होंगे, तब तक नकली दवाओं का कारोबार फलता-फूलता रहेगा। स्कूलों, कॉलेजों और स्वास्थ्य केंद्रों में इस विषय पर जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। असली परिवर्तन तभी आएगा जब हर नागरिक यह समझे कि दवा खरीदना केवल लेन-देन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा से जुड़ा निर्णय है।

नकली दवाएं केवल मरीज की बीमारी का इलाज नहीं रोकतीं, बल्कि कई बार नई बीमारियां पैदा कर देती हैं। गलत रासायनिक तत्वों के सेवन से मरीजों के शरीर पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ते हैं। कई मामलों में नकली दवाओं के कारण मरीजों की मौत तक हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि नकली दवाओं की वजह से हर साल दुनिया में करीब ढाई लाख लोगों की जान चली जाती है। भारत में इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि यह संख्या हजारों में हो सकती है।

जरूरत इस बात की है कि अब केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर कार्रवाई हो। सरकार को चाहिए कि नकली दवा बनाने वालों पर केवल जुर्माने या नोटिस तक सीमित न रहकर सख्त सजा का प्रावधान करे। जिन कंपनियों के सैंपल बार-बार फेल होते हैं, उनके लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द किए जाएं। ड्रग इंस्पेक्टरों की जवाबदेही तय की जाए और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए। दवा निर्माण प्रक्रिया को डिजिटल निगरानी प्रणाली से जोड़ा जाए ताकि हर चरण का रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। उपभोक्ताओं को भी जागरूक किया जाए कि वे किसी भी दवा की शिकायत ऑनलाइन कर सकें और उसकी जांच की स्थिति ट्रैक कर सकें।

भारत का दवा उद्योग विश्वसनीयता की नींव पर खड़ा है। यह केवल व्यापार नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी से जुड़ा क्षेत्र है। अगर यहां से निकली दवाओं पर भरोसा उठ गया तो यह पूरे देश के लिए शर्म की बात होगी। असली दवा शरीर को ठीक करती है, जबकि नकली दवा विश्वास को मार देती है। यह केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि मानवता का भी सवाल है। इसलिए सरकार, उद्योग और उपभोक्ता-तीनों को मिलकर इस जहर के कारोबार को रोकने का संकल्प लेना होगा, क्योंकि हर नकली दवा किसी मरीज के जीवन के साथ धोखा है और समाज की आत्मा पर एक घाव। अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो वह दिन दूर नहीं जब दवा के नाम पर जहर बेचा जाएगा और भरोसे की मौत हो जाएगी।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# बचपन बिक रहा है, बच्चों से भीख मंगवाना सामाजिक अपराध

हमारे समाज में बच्चों का बचपन उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उनका खेलना, सीखना और सुरक्षित वातावरण में बढ़ना उनका मौलिक अधिकार है, लेकिन आज यही बचपन शोषण और मजबूरी की जंजीरों में जकड़ा हुआ है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सड़कों पर भीख मांगते मासूम चेहरे यह सवाल उठाते हैं कि क्या हमने बच्चों को उनका अधिकार दिया है या उन्हें एक व्यवसाय का साधन बना दिया है? भीख मंगवाना अब केवल गरीबी की समस्या नहीं, बल्कि एक संगठित कारोबार बन चुका है। छोटे-बड़े शहरों में यह दृश्य आम हो गया है-नन्हे हाथों में कटोरा, चेहरे पर मासूमियत और आंखों में उम्मीद और लोग दया दिखाकर पैसे डाल देते हैं, पर यह दया नहीं, एक गहरी सामाजिक भूल है। यह बच्चों के शोषण को और मजबूत करती है। समाज की असंवेदनशीलता, जागरूकता की कमी और आर्थिक मजबूरियां इस समस्या को जन्म देती हैं। कई बार परिवार भी गरीबी या लालच में बच्चों को भीख मंगवाने भेज देते हैं। इससे न केवल उनका बचपन छिनता है, बल्कि उनका मानसिक और शारीरिक विकास भी रुक जाता है।

बचपन किसी भी जीवन का सबसे कोमल और रचनात्मक काल होता है। इसी समय में बच्चे सीखते हैं, सोचते हैं और अपनी पहचान गढ़ते हैं, लेकिन जब वही बचपन भीख या श्रम में झोंक दिया जाता है, तो एक पीढ़ी का भविष्य अंधकार में चला जाता है। मासूमियत का फायदा उठाकर पैसे कमाना किसी अपराध से कम नहीं। लोगों को यह समझना होगा कि भीख देने से मदद नहीं होती, बल्कि शोषण को बढ़ावा मिलता है। दया दिखाने की बजाय सही दिशा में कदम उठाना जरूरी है। जब भी कोई बच्चा भीख



मांगते दिखे, तो उसे पैसा देने के बजाय चाइल्डलाइन (1098) या किसी सामाजिक संस्था को सूचना दें। भारत में बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम और पोक्सो कानून जैसे कई प्रावधान हैं जो बच्चों के अधिकारों की रक्षा करते हैं, लेकिन कानून तभी प्रभावी होंगे जब समाज साथ दे। जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी ही इस कुरीति को मिटा सकती है। एनजीओ और सामाजिक संगठन लगातार बच्चों को शिक्षा और सुरक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन यह प्रयास तब अधूरे रह जाते हैं जब हम, नागरिक के रूप में, अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते। जो लोग बच्चों को भीख देने के बजाय शिक्षा, पोषण या सहायता संस्थाओं से जोड़ते हैं, वे वास्तव में परिवर्तन के वाहक बनते हैं।

कई रिपोर्टों में पाया गया है कि बच्चों से भीख मंगवाने वाले गिरोह प्रतिदिन हजारों रुपए तक कमाते हैं। यह एक तरह का मानव व्यापार है। बच्चे इस जाल में फंसकर नशे, हिंसा और अपराध की ओर धकेले जाते हैं। यह न सिर्फ बच्चों के जीवन को तबाह करता है, बल्कि समाज की आत्मा को भी चोट पहुंचाता है।

जरूरी है कि स्कूल, अभिभावक, समुदाय और प्रशासन एक साथ मिलकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। हर बच्चे को शिक्षा, खेल और आत्मसम्मान का अधिकार मिले-यह हम सबकी जिम्मेदारी है। बचपन किसी का व्यापार नहीं, बल्कि राष्ट्र का भविष्य है। जब हम किसी बच्चे को सड़क पर भीख मांगते देखते हैं, तो हमें सिर्फ दया नहीं, जिम्मेदारी महसूस करनी चाहिए। समाज, सरकार और नागरिक अगर मिलकर जागरूकता फैलाएं, कानूनों का पालन सुनिश्चित करें और बच्चों को सही अवसर दें, तो वह दिन दूर नहीं जब कोई बच्चा भीख मांगने पर मजबूर नहीं होगा। बचपन को बचाना सिर्फ संवेदनशीलता नहीं, बल्कि हमारी नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी है। हर बच्चा मुस्कुराने, सीखने और सपने देखने का हकदार है और यही किसी सभ्य समाज की असली पहचान है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# सोशल मीडिया का नशा, आधुनिक समाज के लिए खतरे की घंटी

डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, परंतु इसका अंधाधुंध और असंयमित उपयोग अब एक मानसिक रोग का रूप ले चुका है। आज समाज में खासकर युवतियों और महिलाओं के बीच सेल्फी, रील और वायरल पोस्ट डालने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। शर्म, जो कभी महिला का गहना मानी जाती थी, अब सोशल मीडिया पर दिखावे और अश्लीलता में बदलती जा रही है। यह प्रवृत्ति समाज के नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा बन गई है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

देश के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बीआर गवई ने भी स्वीकार किया है कि डिजिटल युग में लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं। सोशल मीडिया पर उनका डेटा आसानी से लीक होकर अपराधियों के हाथों में पहुंच जाता है, जिससे साइबर अपराध, ब्लैकमेलिंग और ऑनलाइन शोषण जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस और प्रशासनिक तंत्र को डिजिटल सुरक्षा में निपुण बनाना अब समय की आवश्यकता है।

सोशल मीडिया पर बढ़ती अश्लीलता ने युवा पीढ़ी को लक्ष्यहीन बना दिया है। कुछेक महिलाएं और लड़कियां अपने फॉलोअर्स और प्रसिद्धि की चाह में मर्यादा की सीमाएं लांघ रही हैं। इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म अब सामाजिक मूल्यों के बजाय लोकप्रियता और कमाई का माध्यम बनते जा रहे हैं। पारिवारिक रिश्ते, संस्कार और मर्यादा को रीलों के जरिए तार-तार किया जा रहा है।

सुक्खू सरकार द्वारा स्कूलों में सेल्फी और रील बनाने पर लगाया गया प्रतिबंध सराहनीय कदम है। शिक्षा के मंदिरों में मोबाइल के गलत उपयोग पर रोक लगाकर सरकार ने युवा पीढ़ी को सही दिशा देने का प्रयास किया है। ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी नाबालिग बच्चों को




स्मार्टफोन देने पर रोक लगाने की जरूरत है, ताकि वे कम उम्र में इस डिजिटल नशे का शिकार न बनें।

सोशल मीडिया की लत ने लोगों के व्यवहार, खान-पान और पारिवारिक संबंधों को गहराई से प्रभावित किया है। लोग घंटों तक फोन में खोए रहते हैं, जिसके कारण नींद की कमी, तनाव, चिड़चिड़ापन और हृदय रोग जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। गर्दन झुकाकर फोन चलाने से शारीरिक दर्द आम हो चुका है। यह नशा व्यक्ति को धीरे-धीरे सामाजिक जीवन से काट रहा है। दूरसंचार कंपनियां लगातार इंटरनेट डेटा पैक बढ़ाकर मुनाफा कमा रही हैं, जबकि खासकर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में सिग्नल की भारी कमी है। मोबाइल कंपनियों की प्रतिस्पर्धा ने उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। हर साल नए स्मार्टफोन खरीदने की होड़ लगी है, जबकि पुराने फोन रेडिएशन छोड़कर स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। स्मार्टफोन का गलत उपयोग न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक खतरे भी पैदा कर रहा है। रातभर चार्जिंग पर रखे फोन के फटने की घटनाएं आम हो चुकी हैं। रेडिएशन से नींद में बाधा और दिमागी थकान बढ़ती है। कोरोनाकाल में ऑनलाइन पढ़ाई ने बच्चों में फोन की लत को और गहरा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप आत्मविश्वास की कमी, गुस्सा और अनुशासनहीनता जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। आज सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी, ब्लैकमेलिंग और धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बी-1 परीक्षा की खामियों ने खोली व्यवस्था परिवर्तन की पोल : जयराम

## कहा- जब 4000 लोगों की परीक्षा का आयोजन ढंग से नहीं हो रहा, तो बड़ी परीक्षाएं कैसे होंगी?

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

मंडी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल पुलिस की विभागीय प्रोन्नति परीक्षा (बी-1) सरकार की नाकामी और अव्यवस्था का प्रतीक बन गई। बिना किसी समुचित तैयारी के परीक्षा आयोजित करना सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाता है।

उन्होंने बताया कि कई परीक्षा केंद्रों में सर्वर लिंक नहीं हुआ, उत्तर सबमिट नहीं हो रहे थे, प्रश्नों में त्रुटियां थीं और पहली पारी के अभ्यर्थियों को दोबारा बैठाया गया। तकनीकी खामियों के चलते परीक्षा रद्द करना सरकार की विफलता का प्रमाण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि 4000 से अधिक अभ्यर्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिनमें कई छोटे बच्चे भी शामिल थे। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार इतनी छोटी परीक्षा सही तरीके से नहीं करवा पा रही है, तो लाखों नौकरियों के वादे कैसे पूरे होंगे? कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक विद्वेष में कर्मचारी चयन आयोग को भंग किया और अब युवाओं को रोजगार से वंचित किया जा रहा है। यह सरकार लोगों से नौकरियां छीन रही है, दे नहीं रही। उन्होंने शिमला स्थित अपने निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए कहा कि यह मंच देश की प्रतिभाओं को सामने लाने का सबसे बड़ा माध्यम है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण बताया और सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी में भाग लेने का आह्वान किया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनते पूर्व सीएम व अन्य।

### मंडी में युवा मोर्चा की परिचय बैठक में शामिल हुए जयराम

जयराम ठाकुर ने भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मंडी की बैठक में कहा कि युवा मोर्चा संगठन की सशक्त नींव है। नवनियुक्त पदाधिकारियों संग चर्चा में उन्होंने संगठन को और प्रभावी बनाने पर बल दिया तथा विश्वास जताया कि युवाओं का अनुशासन और समर्पण पार्टी को नई दिशा देगा।

## वॉलीबाल में स्यांज, कबड्डी में गोहर बना विजेता

अनंत ज्ञान, गोहर। खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित 'मेरा युवा भारत' कार्यक्रम के तहत गोहर में भीमा ईको क्लब ने तीन दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाईं। पहले दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम चेलचौक में हुई। इसका उद्घाटन चैलचौक की प्रधान इंदिरा देवी ने किया। इसमें पवन विजेता और उमेश उपविजेता रहे। दूसरे और तीसरे दिन वॉलीबाल, कबड्डी, रस्साकशी और 400 मीटर दौड़ करवाई गई। इसका उद्घाटन यतीश चंदेल ने किया। वॉलीबाल में स्यांज की टीम विजेता और कोटली उपविजेता रही। कबड्डी में गोहर की टीम विजेता और चैलचौक उपविजेता रही। 400 मीटर दौड़ में यदोपती विजेता और हेमंत उपविजेता रहे। रस्साकशी में जागृति महिला मंडल चच्योट विजेता रहा। प्रतियोगिता का समापन चैलचौक व्यापार मंडल के प्रधान राजकुमार ने किया। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया।

## 13वीं जैक राइफल बटालियन के पूर्व सैनिकों ने मनाया स्थापना दिवस

# शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए किया नमन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी


13 जैक राइफल बटालियन का 59वां स्थापना दिवस पूर्व सैनिकों ने डडौर में मनाया।

13 जैक राइफल ब्रेवेस्ट ऑफ द ब्रेव (कारगिल) बटालियन का 59वां स्थापना दिवस पूर्व सैनिकों द्वारा डडौर में मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता कैप्टन राजेंद्र सकलानी ने की। जिसमें 50 से अधिक पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। स्थापना दिवस के मौके पर पूर्व सैनिकों ने जहां भारत माता की रक्षा के शहीद हुए रणबांकुरों को याद किया, वहीं राष्ट्रीय और यूनिट गीत के साथ सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कैप्टन राजेंद्र सकलानी ने बताया कि 27 अक्टूबर 1966 को हैदराबाद के गोलकुंडा में 13 जैक राइफल की स्थापना की गई थी और बटालियन के रणबांकुरों ने 1971 के युद्ध में पूंछ क्षेत्र में भाग लिया। इसके बाद इन्हें कारगिल युद्ध में भाग लेने का मौका मिला। कारगिल ऑपरेशन में बटालियन के जवानों ने द्रास और मुश्कोह जैसी दुर्गम घाटियों में पर दुश्मनों को धूल चटाकर तिरंगा फहराया था। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा भी इसी बटालियन का हिस्सा रहे जिन्होंने ये दिल मांगे मोर की गर्जना के साथ देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के कारण ही उनकी यूनिट को ब्रेवेस्ट ऑफ ब्रेव की पहचान मिल पाई है। कारगिल वार के बाद 13 जैक राइफल बटालियन के जवानों के पराक्रम को 2 परमवीर चक्र, 8 वीरचक्र और 21 सेना मेडल से नवाजा गया था। यह इकलौती ऐसी बटालियन बनी थी जिसने एक ही आपरेशन में 2 परमवीर चक्र प्राप्त किए थे। कैप्टन ने कहा कि जब-जब देश पर संकट आया है देश के रणबांकुरे आगे खड़े मिले हैं और आगे भी खड़े मिलेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधान नीलकमल किए जाएंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान, महादेव। सचिव राजेश चौहान ने बताया की ग्राम पंचायत महादेव के प्रधान नील कमल को उनकी समाज सेवा और विकास कार्यों के मध्य नजर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में जिला की प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने की योजना है। जिसमें समाज सेवा के लिए ग्राम पंचायत महादेव के प्रधान नीलकमल को सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि नीलकमल छोटी उम्र से ही समाज सेवा के लिए समर्पित हो गए थे। वह अन्याय के खिलाफ न्याय का पक्ष लेने वालों के लिए तन मन धन से खड़े हो जाते थे। यह स्मरणीय है कि स्मृति सम्मान उन प्रतिभाओं को दिया जाता है जिन्होंने समाज सेवा, खेल, पर्यावरण की रक्षा, साहित्य संगीत में विशिष्ट कार्य किए हो। स्मृति सम्मान स्व. रूलदू राम शेरडवाल की स्मृति में उनके परिवार द्वारा प्रदान किए जाते हैं। इससे पूर्व अनेक प्रतिभाओं को यह पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। क्षेत्रवासियों ने नीलकमल को स्मृति सम्मान दिए जाने पर बहुत खुशी जाहिर की है।

### टिक्करी सधवानी में एनएसएस शिविर शुरू

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिक्करी सधवानी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह ने अपने कर-कमलों द्वारा किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य विनोद शर्मा तथा प्रवक्ता गणित मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और मूलमंत्र की याद दिलाते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, सेवा और सहयोग का मार्ग दिखाने वाला माध्यम है। विद्यार्थी इसे अपने जीवन शिविर के दौरान स्वयंसेवी प्रतिदिन विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, गोद लिए गए गांव में स्वच्छता अभियान, बाभड़ी की सफाई, वृक्षारोपण, बौद्धिक सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे। कार्यक्रम में कुल 18 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी मनोज कुमार और महिला प्रभारी जुल्मी देवी उपस्थित रहीं।

### लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। नशा मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत आज पुलिस थाना हटली में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आईईसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और समाज से नशे को समाप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य शिक्षिका अंचला कुमारी ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए विनाशकारी है, इसलिए इससे दूर रहना ही समझदारी है। इस अवसर पर डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम और थाना प्रभारी हटली बृज लाल शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों सहित स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### विधायक ने कार्यकर्ताओं संग सुनीं मन की बात

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के बाहोट बूथ नंबर 21 में भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' के 127वें एपिसोड को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संवाद करोड़ों भारतीयों के मन की आवाज़ है। 'वंदे मातरम' की भावना ने राष्ट्रगौरव को नई चेतना दी है। सरदार पटेल की एकता की प्रेरणा आज आत्मनिर्भर भारत के रूप में दिख रही है। राकेश जम्वाल ने कहा कि 'मन की बात' अब जनआंदोलन बन चुकी है, जो सेवा, स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति की भावना को हर घर तक पहुँचा रही है।

# ब्यास नदी में छोड़े महाशीर मछली के बीज

## रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत मत्स्य पालन विभाग मंडी की पहल



रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत ब्यास नदी में छोड़े गए 5 हजार महाशीर मछली बीज।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मत्स्य पालन विभाग, हिमाचल प्रदेश के मत्स्य मंडल मंडी द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत नदीय मत्स्य पालन कार्यक्रम (रिवर रैंचिंग कार्यक्रम) के तहत शनिवार को औट बाजार के समीप व्यास नदी में 5,000 महाशीर मछली बीज छोड़े गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नदीय मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ावा देना और मत्स्य व्यवसाय से जुड़े मत्स्यकारों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत औट के उपप्रधान श्याम लाल बैद्य, ट्राउट अंग्लिंग एसोसिएशन के सदस्य नितिन, सहायक निदेशक मत्स्य मंडल मंडी नीतू सिंह, महाशीर मत्स्य फार्म मछयाल के मत्स्य उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, मत्स्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मछली बीज का संचयन विभागीय महाशीर मत्स्य फार्म मछयाल में किया गया था। इन महाशीर मछलियों को व्यास नदी में पुनः स्थापित करने का उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना, मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाना और जैव विविधता का संरक्षण करना है।

मत्स्य मंडल मंडी की सहायक निदेशक नीतू सिंह ने बताया कि रिवर रैंचिंग कार्यक्रम न केवल पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि यह मत्स्य व्यवसाय को सुदृढ़ बनाने और स्थानीय मत्स्यकारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए स्वच्छ छवि के लोगों को मिले मौका: चमन राही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी


पंचायत चुनावों को लेकर बैठक करते अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता चमन राही।

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब आम जनता को स्वच्छ छवि वाले और ईमानदार उम्मीदवारों को अवसर देना होगा। उन्होंने कहा कि बीते कार्यकाल में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए, जिससे जनता का विश्वास डगमगाया है। ऐसे में अब पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का समय आ गया है। नाचन विधानसभा क्षेत्र में चमन राही के नेतृत्व में आधा दर्जन बैठकों का आयोजन किया गया, जिनमें पूर्व आजाद प्रत्याशी ज्ञान चौहान सहित विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे। इन बैठकों में स्थानीय विकास, पारदर्शिता और पंचायतों में स्वच्छ प्रशासन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

चमन राही ने ग्राम पंचायत कनैड के प्रधान विशनदास और बड्सू पंचायत के प्रधान गोबिंद बर्धन से भी मुलाकात कर पंचायतों की मौजूदा स्थिति और जनहित कार्यों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि जब तक ईमानदारी को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, तब तक मंडी जिले को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना संभव नहीं है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे पंचायती चुनावों में ऐसे लोगों को आगे लाएं जो समाज के प्रति समर्पित हों और जनता के टैक्स के पैसों का सही उपयोग करें।

राही ने कहा कि प्रदेशभर में ऐसे कई लोग हैं जिन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है, और अब समय आ गया है कि हर नागरिक ऐसे प्रयासों में सहयोग करे। चमन राही ने कहा कि परिषद जनता के बीच जाकर ईमानदारी, सेवा और स्वच्छ प्रशासन के संदेश को फैलाने का कार्य जारी रखेगी ताकि पंचायती राज व्यवस्था को नई दिशा मिल सके।

### भ्रष्टाचार मुक्त मंडी के लिए ईमानदार उम्मीदवारों के चयन का आह्वान

# एक विचार और परिवार है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : राकेश प्रभाकर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

### पवन मिन्हास को मिली जिला सेवा भारती की कमान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक विचार है तथा एक परिवार है। इस नीति के तहत ही संग अपने कार्य कर रहा है । मंडी के सनातन धर्म सभा सभागार हाल में जिला सेवा भारती की आम सभा को संबोधित करते हुए सेवा भारती हिमाचल प्रदेश के प्रांत संगठन मंत्री राकेश प्रभाकर ने बौद्धिक प्रदान करते हुए यह विचार सांझा किए। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु केवल भगवा ध्वज है। सेवा भारती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बैनर तले सेवा कार्य करती है तथा पूरे विश्व भर में एक विचारधारा और एक परिवार के तहत कार्य किए जाते हैं । उन्होंने कहा की सेवा भारती हिमाचल प्रदेश में दीन हीन की सेवा करने के लिए अनेक प्रकार की मदद की है । जिसमें सेवा भारती जिला मंडी का योगदान प्रमुख है। इससे पूर्व सेवा भारती जिला मंडी की आमसभा का आयोजन हुआ जिसमें पूरे वर्ष भर का लेखा-जोखा जिला सचिव डॉ देवेंद्र ठाकुर और कोषाध्यक्ष अमरचंद ने रखा। पूरे लेखें जोखे का अनुमोदन हाउस ने किया। इसके पश्चात जिला सेवा भारती के अध्यक्ष पवन मिन्हास ने पुरानी कर्यकारिणी को भंग करने का ऐलान किया तथा नई कार्यकारिणी के गठन के लिए हाउस से प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध किया। चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के किए डीएन कपूर और कृष्णा शर्मा को अधिकृत किया गया। आम सभा ने पवन मिन्हास को जिला सेवा भारती की दूसरी कमान दी। इसके अलावा डॉक्टर देवेंद्र ठाकुर को सचिव अमरचंद ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया । आम सभा ने चुनी हुई टीम से अपनी नई कार्यकारिणी शीघ्र गठित करने के लिए भी अधिकृत किया । इस अवसर पर सेवा भारती मंडी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## स्वस्थ शरीर ही धर्म का मार्ग: रितु गुप्ता

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव। चौगान में आयोजित एक बैठक में रितु गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही धर्म का मार्ग है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि तन और मन को स्वस्थ रखना हर व्यक्ति का पहला कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पहला सुख निरोगी काया तभी संभव है जब हम अपने दैनिक जीवन में संतुलित भोजन, फल, सूखे मेवे और नियमित व्यायाम को शामिल करें। बैठक में कृष्ण चंद ने कहा कि मांसाहार, मदिरा और नशीले पदार्थ मनुष्य की प्रकृति के विपरीत हैं। इनके सेवन से शरीर, मन और धन—तीनों का विनाश होता है। उन्होंने सही पोषण के महत्व पर बल देते हुए हरवलाइफ के उत्पादों की सराहना की। पोहलो राम ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्लांट बेस्ड फूड अपनाने से उन्होंने अपनी शुगर और आंखों की समस्या पर नियंत्रण पाया। बैठक में ममता, मीना कौशल, कल्पना, रेखा रानी और बी.एस. चौहान भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष रितु गुप्ता ने कहा कि लोगों को स्वस्थ रहने की प्रेरणा देना एक सच्चे नागरिक का कर्तव्य है।

# एथलेटिक्स मीट में छाए चौंतड़ा स्कूल के एथलीट

## जिलास्तरीय अंडर-14 प्रतियोगिता में चौंतड़ा बना ओवरऑल चैंपियन

अनंत ज्ञान, चौंतड़ा


चौंतड़ा स्कूल के विजेता एथलीट प्रधानाचार्य व स्टाफ के साथ।

जिला स्तरीय अंडर14 छात्र (बॉयज) एथलेटिक्स मीट का अयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में हुआ। इस प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौतड़ा का उत्कृष्ट प्रर्दशन रहा है। इस एथलेटिक प्रतियोगिता में नागेंद्र बबरेल ने 600 और 400 मीटर मे गोल्ड मेडल, रजत ने 600 मीटर मे ब्रॉन्ज मेडल, अक्षित ने 100 मीटर ब्रॉन्ज और शॉटपुट में सिल्वर मेडल हासिल किया।

4×100 रिले रेस में नागेंद्र, रजत, अक्षित और ऋषभ ने गोल्ड मेडल हासिल किया। बॉक्सिंग में शौर्य 32 किग्रा मे गोल्ड मैडल, 38 किग्रा में मयंक ने सिल्वर, सूर्यांश 40 किग्रा और मोहित ने 46 किग्रा में ब्रॉन्ज मैडल जीता। इसके साथ अंडर 14 ब्वॉयज जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतडा जिला ओवर आल चैंपियन बना। इन सफलता के लिए विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाल सिंह, डीपीई संतोष ठाकुर, पीईटी राजेंद्र सिंह व धर्म सिंह विद्यालय स्टाफ, ऑफिस स्टाफ, होनहार खिलाड़ी और उनके माता-पिता बधाई के पात्र हैं। प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया की स्कूल के 4 छात्रों का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है जिसका आयोजन 4 नवंबर से धर्मशाला में आयोजित होगा।

### राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चार एथलीट चयनित

# सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता कर रही ठगा महसूस : सीमा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

### सरकाघाट में भाजपा प्रवक्ता का कांग्रेस पर तीखा प्रहार

### बल्द्वाड़ा स्कूल को सीबीएसई में न बदलने पर जताई नाराजगी

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. सीमा ठाकुर ने सरकाघाट में जारी अपने प्रेस बयान में कांग्रेस सरकार पर क्षेत्रीय भेदभाव और जनविरोधी नीतियों के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्द्वाड़ा में 350 से अधिक विद्यार्थियों की संख्या और सभी आवश्यक सुविधाएं होने के बावजूद भी स्कूल को सीबीएसई में बदलने की घोषणा न करके कांग्रेस सरकार ने बल्द्वाड़ा क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकाघाट में कई घोषणाएं की थीं, लेकिन ढाई माह बीत जाने के बावजूद किसी भी घोषणा पर अमल नहीं हुआ है, जिससे जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। डॉ. सीमा ठाकुर ने प्रदेश की सड़कों की बदहाली, बेरोजगारी में वृद्धि, पेंशनरों के धरनों और सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन से वंचित रखने पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सुखू सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और प्रदेश में ड्रग माफिया बेखौफ सक्रिय हैं। डॉ. सीमा ने आरोप लगाया कि पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार देने की बजाय सरकार केवल अपने चहेतों की भर्ती कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग, यहां तक कि कांग्रेस के कार्यकर्ता भी व्यवस्था परिवर्तन से निराश हैं और जल्द ही जनता इस सरकार को जवाब देगी।



## जानकारी: प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन की बैठक में राज्यस्तरीय स्पर्धाओं की घोषणा

# जुब्बल में होगी कबड्डी प्रतियोगिता: राज कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



मंडी जिला परिषद भवन में प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन की बैठक के दौरान उपस्थित अध्यक्ष राजकुमार ब्रांगटा और अन्य पदाधिकारी।

प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन की बैठक मंडी के जिला परिषद भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार ब्रांगटा ने की। बैठक में प्रदेश सचिव कुलदीप राणा, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, मंडी जिला अध्यक्ष श्याम लाल ठाकुर, महासचिव नेत्र सिंह ठाकुर और कोषाध्यक्ष अरविंद चौहान सहित प्रदेश के सभी जिलों से आए अध्यक्ष, सचिव और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इससे पहले, मंडी जिला के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को सम्मानित किया गया।

बैठक में आगामी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिताओं की घोषणा की गई। राज्य स्तरीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता नवंबर माह में शिमला जिले के जुब्बल में आयोजित की जाएगी, जबकि जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता मंडी में होगी। सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता कांगड़ा में और सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता हमीरपुर में कराई जाएगी। जिला बिलासपुर से संबंध रखने वाली अंडर-18 कबड्डी खिलाड़ी प्रीति ठाकुर को तीसरी यूथ कबड्डी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी सम्मानित करेगी।

इसके अतिरिक्त, प्रदेश संगठन द्वारा जिला मंडी के प्रो कबड्डी खिलाड़ी महेंद्र सिंह ठाकुर और शिवांश ठाकुर को भी जिला भवन में सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार ब्रांगटा ने कहा कि पूर्व प्रदेश कबड्डी सचिव कृष्ण लाल खिलाड़ियों को गुमराह कर रहे हैं और संघ के लेटर हेड का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा पाया गया तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पडल ग्राउंड में जूनियर और सब जूनियर लड़कों और लड़कियों का राज्य स्तरीय कबड्डी के लिए ट्रायल जिला कबड्डी अध्यक्ष श्याम लाल ठाकुर की देखरेख में लिया गया। इस मौके पर जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर ने बताया की जूनियर और सब जूनियर में 100 लड़कों और 42 लड़कियों ने भाग लिया इसमें जो उम्मीदा प्रदर्शन जिन खिलाड़ियों ने किया है उनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस मौके पर जिला के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सुंदरनगर में कवियों ने कविता पाठ कर समाजिक मुद्दों पर उठाई आवाज

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

### साहित्यिक चर्चा और बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन

महादेव। सुंदरनगर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में साहित्यिक चर्चा और बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश एवं सुकेत साहित्यिक, सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर नगर द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के पहले सत्र में डॉ विजय विशाल के पत्र वाचन जिसका विषय था वर्तमान समय में लेखकों की भूमिका और डॉ गंगा राम राजी की कहानी किस्सा दो भाईयों का को पढ़ा।

इस पर सारगर्भित टिप्पणी करने वालों में जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी, गणेश गनी, छबीर चंद, कृष्णा, सुशील पुंडीर, सीता राम वर्मा, मुरारी शर्मा, रवि राणा शाहीन और कृष्ण चंद्र महादेविया प्रमुख रहे। जिसमें खासतौर पर यही बात निकलकर सामने आई कि पीत पत्रकारिता न हो क्योंकि सच को सच और झूठ को झूठ लिखा जाना चाहिए वहीं तमाम लेखन समाज के बीच में स्वतंत्र, निडर व निष्पक्ष होना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है।

इसके साथ ही दूसरे सत्र में बहुभाषी कवि सम्मेलन में करीब साठ कवियों ने भ्रष्टाचार, महिला सशक्तिकरण, देश भक्ति, अपराधिक प्रवृत्ति, नशा, सामाजिक बुराई तथा हास्य-व्यंग्य आदि पर अपनी अपनी रचनाओं जिसमें कुल्लू के कवि गणेश गनी व राजू मस्ताना सहित बिलासपुर से आए कवियों अरुण डोगरा, रविंद्र जय शर्मा, सुशील पुंडीर नीना शर्मा ने मंडी जिला के कवियों के बीच खासे तंग कसकर वाहवाही लूटी। इस अवसर के मुख्य अतिथि बिलासपुर लेखक संघ के महासचिव रविन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर उक्त साहित्यिक चर्चा कार्यक्रम एवं बहुभाषी कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया।

## न्यूज ब्रीफ

### चुरुडू स्कूल में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल अंब के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुरुडू में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन विद्यालय के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक धर्मपाल शर्मा ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन, सहयोग और समाज सेवा की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य असलम मोहम्मद ने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों को स्वच्छता, पौधरोपण, स्वास्थ्य जागरूकता, जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास में निखार आएगा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पूनम शर्मा और विशाल चौधरी ने कहा कि शिविर के दौरान गांव चुरुडू व आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान, नशा निवारण रैलियां, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं और एनएसएस वालंटियर उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और सेवा भाव का संचार



**अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियानी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ तहसीलदार अमित शर्मा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और साक्षरता जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यालय प्रवक्ता देवेंद्र सिंह बेली ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करता है। स्वयंसेविका स्वाति पुरी और सिमरन ठाकुर ने कहा कि ऐसे शिविर समाज की समझ और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। स्वयंसेवक आदित्य ठाकुर, अंकुश शर्मा और विवेक कुमार ने इसे जीवन में सकारात्मक अनुभव बताया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### चंदन का पौधा लगाकर किया शिविर का शुभारंभ

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा की राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने दीप प्रज्वलन और चंदन का पौधा लगाकर शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में अनुशासन, समाजसेवा और नेतृत्व की भावना को सशक्त करता है तथा यह शिक्षा को व्यवहारिक रूप से जोड़ने का माध्यम है। कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, साक्षरता, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। सह-कार्यक्रम अधिकारी संयोगिता शर्मा ने इसे 'संस्कारों का यज्ञ' बताते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का संचार करता है। स्वयंसेवक शबनम, वनीता, तमन्ना, वंश, अंकुश और विशाल ने समाज सेवा को अपना संकल्प बताया। विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### चक गांव की सौ वर्षीय समस्या देवी का निधन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत बेहड जसवां के गांव चक की समस्या देवी (100) पत्नी स्व. इंदर सिंह का निधन हो गया। बुजुर्ग महिला की अंतिम यात्रा रविवार को भावुक माहौल में निकाली गई। बैंड-बाजे की धुनों के बीच गांववासियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान हर आंख नम थी और पूरा गांव शोक में डूबा नजर आया। परिजनों के अनुसार, समस्या देवी अपने अंतिम दिनों तक सक्रिय और आत्मनिर्भर रहीं। वे प्रतिदिन सुबह चार बजे उठकर स्नान करतीं, मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं और हल्का नाश्ता करने के बाद अपने घर के पास स्थित बगीचे में पौधों की देखभाल करती थीं। जीवन के सौ वर्ष पूरे होने के बावजूद उनकी मानसिक और शारीरिक चेतना प्रशंसनीय थी। समस्या देवी के चार पुत्र और चार पुत्रियां हैं, जिनमें से दो पुत्रों का पहले ही निधन हो चुका है।

# चिंतपूर्णी में उमड़ा जनसैलाब, 20 हजार से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**विश्व** विख्यात माता श्री चिंतपूर्णी जी में रविवार को भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महीने के अंतिम रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन प्राप्त किए। सुबह से ही श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में लगकर मां के दरबार में पहुंचे और मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। लगभग 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी भरी।

दोपहर 2:00 बजे तक श्रद्धालुओं की डबल लाइन लुधियाना धर्मशाला के नजदीक तक पहुंच गई। मंदिर प्रशासन द्वारा चलाई जा रही सुगम दर्शन प्रणाली के तहत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पास बनाकर लिफ्ट मार्ग के द्वारा मां के सुगम दर्शन प्राप्त किए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाबलों द्वारा रस्सी और वेरी गेट लगाकर श्रद्धालुओं को लाइन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए अपील की गई। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरे की मदद से शरारती तत्वों और अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मुख्य पुजारी एवं पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंदर शिंदा, ट्रस्टी तिलक राज कालिया, ट्रस्टी विनोद कालिया, ट्रस्टी नरेंद्र कालिया, ट्रस्टी अमित कालिया, पूर्व ट्रस्टी निरंजन कालिया, भूषण कालिया, जीवन प्रकाश कालिया, पूर्व प्रधान विनोद कालिया, उप प्रधान संजय कालिया आदि ने मंदिर प्रशासन से आग्रह किया है कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन मंदिर के सौंदर्य करण और विस्तारीकरण के कार्य को जल्दी शुरू करें, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान हो सके।



मां श्री चिंतपूर्णी के दर्शनों के लिए लाइनों में लगे भक्त।

#### जवानों की तैनाती

**पुलिस** विभाग द्वारा कुछ चिन्हित जगहों पर जवानों की तैनाती की गई थी, जहां पर ट्रैफिक जाम की समस्या सबसे ज्यादा रहती है। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा सके।

## वन विभाग ने अवैध लकड़ी से भरे छह वाहन किए जब्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



वन विभाग की टीम ने जब्त की गाड़ी।

**वन** रेंज अधिकारी राहुल ठाकुर ने वन माफिया पर शिकंजा कसते हुए बिना वैध कागजात लकड़ी लेकर जा रहे छह वाहन पकड़ने में सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है कि वन माफिया ने वन रेंज अधिकारी पर दवाब बनाने का भी प्रयास किया, लेकिन वन रेंज अधिकारी ने बिना भय के कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वन रेंज अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि रात के अंधेरे का लाभ उठाकर वन माफिया वन संपदा की तस्करी कर लकड़ी से लदी गाड़ियां पंजाब को ले जाने की फिराक में है। सूचना के बाद वन रेंज अधिकारी ने वन कर्मियों व वन मित्रों पर आधारित तीन टीमें गठित कीं और रविवार सुबह चार बजे से लेकर सात बजे तक अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी करवा दी। चार गाड़ियां जिला ऊना के विभिन्न स्थानों से चौड़ी पत्ती वाली मिश्रित प्रजाति की लकड़ी व दो वाहन कांगड़ा व हमीरपुर जिले से लकड़ी लेकर जाते पकड़े गए। लकड़ी संबंधित वैध कागजात मांगे तो कोई भी वाहन चालक कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। वन मंडल अधिकारी सुशील राणा ने बताया कि वन माफिया पर विभाग की पूरी नजर है। उन्होंने स्थानीय जनता का भी आह्वान किया कि लकड़ी तस्करी संबंधी कोई भी सूचना हो तो लोग इसे वन विभाग के साथ साझा करें।

### विद्यार्थियों ने दिया 'जल ही जीवन है' का संदेश

**अनंत ज्ञान, जोल।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा जल एवं ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहडा में छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया व जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनिल कुमार के प्रेरणादायक संबोधन से हुई।

उन्होंने जल के महत्व और उसकी घटती उपलब्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल जीवन का मूल आधार है और यदि समय रहते जल संरक्षण के ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। प्रधानाचार्य अनिल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को विद्यालय प्रांगण से रवाना किया।

रैली स्कूल प्रांगण से शुरू होकर मुख्य बाजार से होती हुई पंचायत कार्यालय खरयालता पर जाकर समाप्त हुई। रैली में जल ही जीवन है, बूंद-बूंद से सागर बने, आज बचाओ पानी, कल बचेगी जिंदगानी, जैसे उत्साहवर्धक नारों से आमजन को जल संरक्षण का संदेश दिया।

## तय समयसीमा में पूरे हों कार्य : विवेक

### विधायक ने थानाखास में किया नालियों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने खुरवाई के पास गांव थानाखास गोशाला के समीप सुपर हाईवे पर बन रही नालियों का स्थल निरीक्षण किया। विधायक विवेक शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधायक ने कहा कि बरसात के मौसम में जल निकासी की समस्या को ध्यान में रखते हुए इन नालियों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभाग के इंजीनियरों से कहा कि सड़क की सुरक्षा और स्थायित्व के लिए नालियों का निर्माण मजबूत एवं टिकाऊ होना चाहिए, ताकि बरसात के दौरान पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके और सड़क को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। विवेक ने निर्देश दिए कि कार्य को तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। विधायक ने अपने पैतृक गांव में महिला प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, महिला सशक्तिकरण योजनाओं एवं ग्रामीण सुविधाओं से जुड़ी कई बातों पर चर्चा हुई। महिलाओं ने अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं जैसे पेयजल, सड़क रखरखाव, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा संबंधी मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने महिलाओं की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास और महिला कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने आश्वासन दिया कि उठाई गई सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए, ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा हो सके। विवेक ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति निरंतर बढ़ रही है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर गांव तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग दें और सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेते विधायक विवेक शर्मा।

### बड़ूही चौक पर दो ट्रक टकराए, दो हुए घायल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** चंडीगढ़-धर्मशाला नेशनल हाईवे पर शुक्रवार रात बड़ूही चौक के समीप दो ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस में डालकर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, पंजाब नंबर ट्रक (पीबी 65बीई 8457) पटियाला की ओर जा रहा था, जबकि हिमाचल नंबर ट्रक (एचपी 69-6766) ऊना से कांगड़ा की दिशा में जा रहा था।

बताया जा रहा है कि कांगड़ा की ओर जाने वाला ट्रक बड़ूही चौक पर अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे पंजाब नंबर ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ समय के लिए दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल भेजने के साथ-साथ दोनों ट्रकों को सड़क किनारे करवाकर यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## धंधड़ी पंचायत को मिला अपना भवन

### विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की नवगठित ग्राम पंचायत धंधड़ी को अपना पंचायत भवन मिल गया है। पंचायतीराज विभाग द्वारा इस भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ 14 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसमें से 42 लाख रुपए की पहली किस्त जारी की गई। करीब 41 लाख रुपए की लागत से भवन के प्रथम तल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। रविवार को इस भवन का विधिवत उद्घाटन विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया। विधायक ने कहा कि पंचायत को अब अपने भवन की सुविधा मिलने से इसकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति आएगी। उन्होंने बताया कि भवन में एक कॉमन सर्विस सेंटर भी स्थापित किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही छत के नीचे प्राप्त होंगी।

विधायक ने घोषणा की कि भवन के ऊपर एक और मंजिल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें एक बहुउद्देशीय हॉल बनाया जाएगा। यह हॉल पंचायत बैठकों के साथ-साथ ग्रामीणों के विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के स्तर को बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। विधायक ने यह भी बताया कि धंधड़ी स्कूल के पास 100 कनाल से अधिक भूमि उपलब्ध है, जिस पर डे बोर्डिंग स्कूल खोलने पर विचार किया जा रहा है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों की जनसमस्याएं भी सुनीं और संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस प्रधान डॉ. रविंद्र शर्मा, प्रधान प्रियदर्शनी, पूर्व बीडीसी चेयरमैन देवेंद्र लाठ, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश कुमारी, जल शक्ति विभाग एसडीओ नीरज धीमान, पंचायतीराज एसडीओ मनजीत सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



विधायक ने भवन के ऊपर एक और मंजिल का जल्द निर्माण करने की घोषणा की।

### गोंदपुर बनेहड़ा में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोंदपुर बनेहड़ा में सात दिवसीय एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल ओम राज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गुरबख्श सिंह तथा महिला कार्यक्रम अधिकारी परबजोत ने शिविर की जानकारी दी। शिविर के दौरान रविवार को स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर एवं बाहरी संपर्क मार्गों में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत फूलों की क्यारियों की सफाई की गई तथा प्लास्टिक एकत्रित कर उसका उचित निपटान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शिविर के दौरान विद्यार्थियों को अनुशासन, सामूहिक जीवन, तथा रहन-सहन और भोजन व्यवस्था संबंधी कौशल सिखाए जाते हैं। लगभग 50 छात्र-छात्राएं इस शिविर में भाग ले रहे हैं। पंचायत सदस्य एडवोकेट राज कुमारी शर्मा ने स्वयंसेवकों के अनुकरणीय एवं अनुशासित व्यवहार की सराहना की और कहा कि एनएसएस समाज सेवा का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के एनएसएस दल ने पूर्व में राज्य स्तरीय 26 जनवरी परेड प्रतियोगिता, शिमला में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया था। इस शिविर से छात्रों में सेवा, स्वच्छता और जिम्मेदारी की भावना का विकास होगा।

## भाजपा मंडल गगरेट के अध्यक्ष पर विवादित टिप्पणी करने से माहौल हुआ तनावपूर्ण

### कार्यकर्ताओं ने गगरेट पुलिस थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की उठाई मांग

**सन्नी पुरी, गगरेट**

भाजपा मंडल गगरेट के अध्यक्ष नितिन नंबरदार पर टटेहड़ा के एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से माहौल तनावपूर्ण हो गया है। रविवार को कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाना गगरेट पहुंचकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग कर डाली।

यही नहीं बल्कि युवक के इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी कुछ ऐसे वीडियो मिले हैं, जिसमें देसी कट्टे सहित पिस्टल आदि दर्शाए गए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इन वीडियो की भी जांच करने की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुछ युवक क्षेत्र के शांत माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। अगर पुलिस ने इस प्रकरण में त्वरित कार्रवाई न की तो उन्हें धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन नंबरदार जहां ट्रांसपोर्टर हैं, वहीं वह इमीग्रेशन कारोबारी हैं। शनिवार को टटेहड़ा के एक युवक ने फेसबुक पर नितिन के विरुद्ध विवादित पोस्ट कर डाली, जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया। नितिन ने इसके विरुद्ध गगरेट पुलिस थाना में लिखित शिकायत दी है और पुलिस ने युवक को जांच के लिए रविवार सुबह पुलिस थाना तलब किया था। इसके चलते भारी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता नितिन के साथ पुलिस थाना पहुंचे लेकिन युवक तय समय पर थाने में नहीं आया। पुलिस युवक के घर भी गई, लेकिन उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ था, जबकि वह घर पर भी नहीं था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जब उसका इंस्टाग्राम अकाउंट खंगाला तो उस पर हथियारों के साथ कुछ पोस्ट भी डाले गए थे। इस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस से इसकी भी जांच कर मामला दर्ज करने की मांग कर डाली। भाजपा मंडल गगरेट के महामंत्री अतुल शर्मा ने कहा कि गगरेट के शांत माहौल को कुछ लोग खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी गुंडागर्दी पर चुप नहीं बैठेगी। अगर इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच न हुई तो भाजपा को मजबूरन धरना प्रदर्शन करने पर विवश होना पड़ेगा।



भाजपा मंडल गगरेट के अध्यक्ष के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने पर पुलिस थाने पहुंचे कार्यकर्ता।

## तकनीकी शिक्षा आज की आवश्यकता : डॉ. अरुण



सात दिवसीय एनएसएस शिविर में उपस्थित प्रतिभागी और आयोजक।

**अनंत ज्ञान, पंजावर**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा जसवाला में सात दिवसीय एनएसएस स्पेशल कैंप के दूसरे दिन पॉलिटेक्निकल कॉलेज अंबोटा के आर्किटेक्चर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या अरुणा राणा ने की। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चरणों में द्वीप प्रचलित कर कार्यक्रम का आगाज हुआ। एनएसएस स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध किया। डॉ. अरुण राणा ने छात्रों को तकनीकी शिक्षा के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीकी शिक्षा का है, इसलिए हमें अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार अपना कौशल विकास करते रहना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजीव राणा ने कैंप में चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर समस्त एनएसएस स्वयंसेवी अंजलि अंतरराष्ट्रीय का सिमरन दीक्षित मृदुल कार्तिक इत्यादि तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन 3 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं के लिए 3, 4 और 6 नवंबर को अंब कॉलेज में कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। ऑडिशन 3 नवंबर को महाराणा प्रताप राजकीय कॉलेज अंब के सभागार में प्रातः 11 बजे से आरंभ होंगे। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऑडिशन के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी ऊना की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला भाषा अधिकारी ऊना, अंब कॉलेज की म्यूजिकल वोकल की सहायक प्रोफेसर तथा तहसीलदार अंब को सदस्य बनाया गया है। ये समिति सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों के ऑडिशन का जिम्मा देखेगी। उन्होंने कहा कि नामी कलाकारों और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों व पुरस्कार विजेताओं को ऑडिशन से छूट रहेगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कलाकार एसडीएम कार्यालय अंब में आवेदन कर सकते हैं। ईमेल पते माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर भी आवेदन भेजे जा सकते हैं।

बता दें, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव इस वर्ष 14 से 16 नवंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 26 से 28 सितंबर तक अंब मैदान में आयोजित महोत्सव का प्रथम संस्करण अत्यंत सफल रहा था। महोत्सव ने आस्था और लोक-संस्कृति के समन्वय से एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

## चिंतपूर्णी में एचआरटीसी की बस खराब होने से लगा लंबा जाम



एचआरटीसी बस के रेही में सड़क के बीचो-बीच खराब होने से लगा जाम।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**चिंतपूर्णी** में रविवार को उस समय भारी जाम लग गया, जब एचआरटीसी की देहरा डिपो की बस रेही में सड़क के बीचो-बीच खराब हो गई।

इस कारण नया बस स्टैंड चिंतपूर्णी तक और दूसरी तरफ भरवाईं तक जाम लग गया। जाम में श्रद्धालुओं की गाड़ियां और रूट की बसें फंस गईं। स्थानीय दुकानदारों ने चिंतपूर्णी पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद ट्रैफिक इंचार्ज दीपक राणा और उनकी टीम मौके पर पहुंची। ट्रैफिक इंचार्ज ने जेसीबी की मदद से बस को सड़क से हटाकर किनारे किया, जिससे जाम खुल गया।

ट्रैफिक इंचार्ज दीपक राणा की कार्य कुशलता के कारण जाम जल्दी खुल गया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

रविवार को भारी तादाद में श्रद्धालु मां के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचते हैं, जिससे रोड पर वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। इस दौरान जाम की स्थिति और भी खराब हो सकती थी, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से स्थिति नियंत्रण में रही।

### पीएम मोदी की 'मन की बात' हर भारतीय के दिल को छूने वाला संवाद: राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ सेवा संगठन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र ठाकुर उर्फ रिंकू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के दिल को छू लेने वाला प्रेरणादायक संवाद है। यह कार्यक्रम केवल एक प्रसारण नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने वाला जनसंवाद है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल बचाओ, महिला सशक्तिकरण और सैनिकों के योगदान की चर्चा करते हैं, तो हर भारतीय का हृदय गर्व से भर उठता है।

'मन की बात' ने गांव-गांव तक सकारात्मक सोच और आत्मनिर्भरता का संदेश पहुंचाया है, जिससे हर वर्ग राष्ट्रसेवा से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी की वाणी में संवेदनशीलता और जनभावना झलकती है, जो हर नागरिक को प्रेरित करती है। राजेंद्र ठाकुर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भी 'मन की बात' सुनकर इसे जीवन में मार्गदर्शन के रूप में अपनाएं।

# बंजार में ढाई मंजिला मकान आग से राख

## ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू वरना हो सकता था बड़ा हादसा व प्रशासन ने प्रभावित परिवार को 5 हजार की राहत दी

शीला कौल, अनंत ज्ञान

**बंजार।** उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत कलवारी के गांव कलवारी में अचानक आग लगने से एक ढाई मंजिला मकान जलकर राख हो गया। यह मकान नरोतम सिंह पुत्र वेद राम का बताया जा रहा है, जिसमें एक किरायेदार निक्का राम पुत्र नारायन्नू भी रह रहा था। अग्निकांड की घटना सुबह करीब 10 बजे के बीच हुई, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में मकान आग की लपटों से घिर गया।

मकान स्लेट चादरपोश लकड़ी और पत्थर से बना ढांचा था, जिससे आग ने शीघ्र ही अंदरूनी तरफ से विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने सूझबूझ और साहस दिखाते हुए बाल्टियों और पाइपों की मदद से आग पर काबू पाया, अन्यथा आसपास के घरों तक आग पहुंच सकती थी और नुकसान कहीं अधिक होता। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है, ग्रामीणों ने तुरंत प्रशासन सहित दमकल को सूचना दी तब तक ग्रामीणों ने काफी हद तक आग पर नियंत्रण पा लिया था। अग्निकांड में मकान मालिक नरोतम सिंह के अनुसार करीब 10 लाख रुपए का नुकसान बताया गया है। वहीं किरायेदार निक्का राम का लगभग 2 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। घर के बिस्तर, रसोई का सामान, बर्तन, कपड़े और सहित आवश्यक घरेलू सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

इसके अलावा मकान की निचली मंजिल में रखा घास-फूस और पशुओं का चारा भी आग की भेंट चढ़ गया। हालांकि किसी जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन आग ने ग्रामीणों को सर्दी की इस शुरुआत में बड़ा झटका दिया है।

तहसीलदार बंजार नीरज शर्मा ने कहा कि मौके पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। वहीं प्रभावित परिवार को 5 हजार की राहत राशि सहित एक तिरपाल दिया गया है।


बंजार के कलवारी गांव में ढाई मंजिला मकान में लगी आग को बुझाते ग्रामीण।

# शामीनाला में कॉटेज में लगी आग, छह कमरे और दो स्टोर सामान समेत नष्ट

अनंत ज्ञान, मनाली

कुल्लू-मनाली वामतट मार्ग पर स्थित शामीनाला में बनी एक कॉटेज में रविवार को अचानक आग लग गई। आग इतनी भमकर थी कि देखते ही देखते पूरी काटेज को चपेट में ले लिया। आग लगने से कॉटेज के छह कमरे व दो स्टोर रुम नष्ट हो गए। भीतर रखा सामान भी नहीं निकाला जा सका। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार रविवार को शामीनाला में ऋतुराज वर्मा की नौ कमरों वाली कॉटेज में अचानक आग भड़क गई। आग लगने से पूरा इलाका धुएं के आगोश में समाज गया। आग की खबर मिलते ही वहां अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन केंद्र मनाली से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास तेजशुरू किए। स्थानीय लोगों की मदद से लगभग ढाई घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना मे 50 लाख से अधिक का नुकसान होने का प्रारंभिक आकलन किया गया है। जबकि साथ लगती लगभग दो करोड़ की संपति को बचा लिया गया। अग्निशमन अधिकारी सरणपत सिंह ने बताया की लगभग 50 लाख का नुकसान हुआ है। चार मंजिला कॉटेज की ऊपरी तीन मंजिल में बने छह कमरे, दो स्टोर रूप नष्ट हो गए। धरातल मंजिल को बचा लिया गया है।


शामीनाला में निजी कॉटेज में लगी आग को बुझाते हुए।

# ब्वॉयज स्कूल ढालपुर की लोकनृत्य टीम राज्यस्तरीय कला उत्सव के लिए चयनित


चंबा में होने वाले कला उत्सव में लोकनृत्य प्रतियोगिता में कुल्लू जिला का प्रतिनिधित्व करेगी चयनित टीम।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

शहीद बालकृष्ण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) ढालपुर कुल्लू की लोकनृत्य टीम का चयन राज्य स्तरीय कला उत्सव के लिए हुए है।

चंबा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कला उत्सव में लोकनृत्य प्रतियोगिता में ढालपुर स्कूल की यह टीम कुल्लू जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। जिला संस्थान शिक्षा प्रशिक्षण ज़रड में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे शहीद बालकृष्ण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुल्लू ने लोकनृत्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता के लिए इस विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक श्याम सुंदर द्वारा इन कलाकारों को तैयार किया गया था।

इसके साथ ही शिक्षक जया देवी, गोपाल कृष्ण और पुष्पा ने भी सहयोग किया। विद्यालय प्राचार्य प्रकाश व समस्त विद्यालय परिवार को इस दल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

# मनाली के महिला मंडलों को आज किया जाएगा सम्मानित

अनंत ज्ञान, मनाली

- विंटर कार्निवल में बांटी जाएगी 30-30 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि
- समारोह में विधायक भुवनेश्वर गौड़ मुख्य रूप से रहेंगे मौजूद

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल की शोभा बढ़ाने वाले महिला मंडलों को प्रदेश सरकार की ओर से सम्मानित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए 27 अक्तूबर यानी सोमवार को खासतौर पर आभार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में विंटर कार्निवल में भाग लेने वाली महिला मंडलों को 30-30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी बांटी जाएगी।

सनद रहे कि जनवरी महीने में हर साल विंटर कार्निवल का आयोजन किया जाता है। इस उत्सव में महिला मंडलों की अहम भूमिका रहती है। महिला मंडलों की झांकी, फैशन शो और महानाटी आकर्षण का केंद्र रहती है। इस साल जनवरी में हुए कार्निवल में 200 से अधिक महिला मंडलों ने भाग लिया था। सभी को प्रोत्साहन राशि के रूप में 30-30 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके लिए सोमवार को मनुरंगशाला में आभार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ समारोह में मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने बताया कि कार्निवल में स्थानीय महिला मंडलों की अहम भूमिका रहती है।

महिला मंडलों के बिना कार्निवल अधूरा है। इसी के चलते इस आभार समारोह के माध्यम से सभी महिला मंडलों को सम्मानित करके विंटर कार्निवल को और जानदार बनाने के लिए आभार जताया जाएगा। साथ ही प्रोत्साहन राशि भी आवंटित होगी। उन्होंने बताया कि आपदा की वजह से यह राशि अभी तक नहीं बांटी जा सकी थी।

# पंचतत्व में विलीन हुए शहीद जवान इंद्र सिंह

## दिवाली के बाद ड्यूटी पर लौटे थे, दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** कुल्लू जिले की ऊझी घाटी के कराल (शिरड़) गांव के निवासी और भारतीय सेना के जांबाज सिपाही इंद्र सिंह का असामयिक निधन हो गया है। 37 वर्षीय जवान इंद्र सिंह का निधन हिसार में उनकी तैनाती के दौरान हृदय गति रुकने (दिल का दौरा) से हुआ।

जानकारी के अनुसार, इंद्र सिंह हाल ही में दिवाली का पर्व अपने परिवार के साथ बिताने के बाद हिसार स्थित अपनी ड्यूटी पर वापस लौटे थे, जहां अचानक उनकी मृत्यु हो गई। छुट्टी से लौटकर राष्ट्र सेवा में जुटे इस जवान का यूं अचानक दुनिया से चले जाना पूरे क्षेत्र के लिए एक गहरा सदमा है। उनके निधन की खबर से कराल गांव और पूरे कुल्लू में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

देश के लिए अपनी सेवाएं देते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीद इंद्र सिंह का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कराल में पूरे राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ हुआ। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। इस वीर सपूत के अंतिम दर्शन के लिए स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। सेना के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

जवान इंद्र सिंह अपने पीछे एक बेटी और दो बहनें छोड़ गए हैं। उनके पिता तुलसी राम वन विभाग से सेवानिवृत्त हैं और माता गृहणी हैं। इस अचानक हुई क्षति से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पूरे गांव और क्षेत्र ने इस दुख की घड़ी में शहीद के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है ।


अंतिम संस्कार से पूर्व जवान इंद्र सिंह को सलामी देते हुए जवान।

- कुल्लू जिला की उझी घाटी के कराल गांव में शोक की लहर

# सर्दियों में लाहौल-स्पीति के स्कूलों की छतों से बर्फ हटाने का किया जाए प्रावधान: अरुण कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहुल घाटी के जाहलमा में जिला पीटीएफ लाहौल-स्पीति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पीटीएफ प्रधान अरुण कुमार ने की। बैठक में जिले के चारों ब्लॉकों के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।बैठक के दौरान शिक्षकों ने शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। प्रमुख बिंदु इस प्रकार रहे। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त सभी मुद्दों को औपचारिक रूप से विभाग को भेजा जाएगा ताकि इन पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

शीतकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों की छतों से बर्फ हटाने के लिए विशेष प्रावधान करने की मांग रखी गई। इसके अलावा विद्यालयों में कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए मल्टी टास्क वर्कर्स पदों पर शीघ्र भर्ती करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। शिक्षकों ने कहा कि अधिकांश कार्य अब ऑनलाइन माध्यम से किए जा रहे हैं, इसलिए मोबाइल भत्ता देने का प्रावधान किया जाना चाहिए। जिले की भौगोलिक व जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए विंटर एवं ट्राइबल अलाउंस भत्तों में वृद्धि की मांग की गई।


जिला लाहौल-स्पीति पीटीएफ संघ की बैठक के दौरान पदाधिकारी।

### अंडर-12 खेलों की फिर से हो शुरुआत

विद्यालय स्तर पर छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अंडर-12 खेल प्रतियोगिताओं को दोबारा शुरू करने का सुझाव दिया गया। इस मौके पर सीएचटी एवं एचटी पदोन्नति शिक्षकों ने यह मुद्दा उठाया कि जिले में सीएचटी और एचटी पदोन्नतियां लम्बे समय से रुकी हुई हैं, जबकि अन्य जिलों में यह प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। विभाग से आग्रह किया गया कि लाहौल-स्पीति जिले में भी शीघ्र पदोन्नति प्रक्रिया शुरू की जाए।

# गुजरात के सूरत निवासी संदीप ने जीती मनाली मैराथन

## महिला वर्ग में डोलमा ने मारी बाजी, 680 धावकों ने दिया क्लीन मनाली ग्रीन मनाली का संदेश

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** गुजरात के सूरत निवासी संदीप ने मनाली मैराथन जीत ली है। उन्होंने 3 घंटे 39 मिनट समय में दौड़ पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। हेमंत 4 घंटे 10 मिनट 20 सेकेंड का समय में दौड़ पूरी कर दूसरे स्थान पर रहे जबकि कमलेश 4 घंटे 43 सैंडक 50 सेकेंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंशुल 4 घंटे 43 मिनट 52 सेकेंड का समय लेकर चौथे स्थान पर रहे।

महिला वर्ग में कोठी की डोलमा ने मारी बाजी। उन्होंने 3 घंटे 43 मिनट 52 सेकेंड में दौड़ पूरी की। अमेरिका की लिया ने 4 घंटे 45 मिनट 56 सेकेंड का समय लेकर दूसरा तो दीक्षा ने 5 घंटे 12 मिनट का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। तीसरी बार आयोजित इस मनाली मैराथन में 680 धावकों ने भाग लेकर क्लीन मनाली ग्रीन मनाली का संदेश दिया। सुबह छह बजे माइनस तापमान में धावक मनाली के माल रोड में एकत्रित हुए। साढ़े सात बजे एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने मनाली मैराथन को हरी झंडी दी। हालांकि 21 किमी हाफ मैराथन में धावकों की कड़ी परीक्षा नहीं रही लेकिन फुल मैराथन में धावकों को बर्फ से ढके रोहतांग क्षेत्र के गुलाबा तक जाना पड़ा। इस बार विदेशी धावकों की संख्या में सही रही। विदेशी धावकों ने भी अलग अलग वर्गों की प्रतियोगिता में भाग लिया। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा सहित व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने मेधावी धावकों को सम्मानित किया।




- एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने सम्मानित किए मेधावी धावक

एसडीएम रमण ने आयोजकों की सफल आयोजन की बधाई दी।

# पार्वती घाटी की महिलाओं ने जरी स्थित क्लिनिक में लगे शिविर में करवाई जांच

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

- रघुनाथ हॉस्पिटल एवं रघुनाथ फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

रघुनाथ हॉस्पिटल एवं रघुनाथ फाउंडेशन की ओर से रघुनाथ क्लिनिक जरी में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर पार्वती घाटी की महिलाओं और युवतियों के लिए आयोजित किया गया था। इस शिविर का नेतृत्व रघुनाथ हॉस्पिटल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. ललिता बंसल ने अपनी समर्पित टीम के साथ किया। शिविर में 50 से अधिक गर्भवती महिलाओं, युवतियों एवं अन्य महिलाओं ने भाग लिया और निःशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का लाभ उठाया। इस अवसर पर महिलाओं में मातृ स्वास्थ्य, नियमित जांच एवं स्त्री रोग संबंधी जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। डॉ. ललिता बंसल ने स्थानीय महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर खुशी व्यक्त की और रघुनाथ हॉस्पिटल की ओर से भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। रघुनाथ हॉस्पिटल एवं रघुनाथ फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए अब से हर शनिवार को रघुनाथ क्लिनिक, जरी में एक विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसी कड़ी में आगामी शनिवार, 1 नवंबर को आयोजित होने वाले शिविर में रघुनाथ हॉस्पिटल के सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉ. नासिर अली उपलब्ध रहेंगे और मरीजों को सर्जरी एवं सामान्य शल्य चिकित्सा से संबंधित परामर्श एवं उपचार प्रदान करेंगे।

# दलजीत ठाकुर बने भाजपा युवा मोर्चा निरमंड के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** भाजपा मंडल निरमंड का रविवार को संगठनात्मक विस्तार किया गया। जिसमें विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री सहित कुल 21 पदाधिकारियों एवं सदस्यों की घोषणा की गई। भाजपा युवा मोर्चा में दलजीत ठाकुर को अध्यक्ष तथा ओम प्रकाश ठाकुर और जितेंद्र चौहान को महामंत्री नियुक्त किया गया। भाजपा महिला मोर्चा में कमला वर्मा को अध्यक्षा तथा योमा ठाकुर और उतरा देवी को महामंत्री बनाया गया।अनुसूचित जाति मोर्चा में भूपेंदर सिंह को अध्यक्ष तथा तेजस्वी कश्यप और भूपेंदर सिंह चीलाआगे को महामंत्री नियुक्त किया गया। भाजपा किसान मोर्चा में जगदीश नेगी को अध्यक्ष तथा मोहर सिंह ठाकुर और मान सिंह ठाकुर को महामंत्री बनाया गया। वहीं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिम्मेदारी देव राज नेगी को अध्यक्ष व संगीता नेगी व केवल नेगी को महामंत्री के रूप में सौंपी गई। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोतम ठाकुर, मंडल महामंत्री विदेश निगम व जीवन चौहान ने हार्दिक बधाई दीं।

**कला उत्सव** कलाकृति में दिखेगी प्रदेश के 12 जिलों के आराध्या देवी-देवताओं के मोहरों व गर्भ की झलक


# पेरिस में पेंटिंग में होंगे हिमाचल के देवी-देवताओं के दर्शन

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** पेरिस में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय कला उत्सव में कलाकृति के माध्यम से हिमाचल के सभी आराध्य देवी देवताओं के मोहरों के एक साथ दर्शन होंगे। नवंबर से दिसंबर माह तक पेरिस में आयोजित होने जा रहे इस अंतरराष्ट्रीय कला उत्सव में हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय चित्रकार दीप धनंजय द्वारा बनाई गई कलाकृति पेरिस में प्रदर्शित होगी।

कुल्लू जिला के शमशी निवासी दीप धनंजय द्वारा बनाई गई हिमाचल के 12 जिलों के प्रसिद्ध देवी देवताओं के मोहरों व गर्भ की कलाकृति का चयन पेरिस में आयोजित होने वाली अंतरर्राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए हुआ है। स्पंदन आर्ट मुंबई के अनंत जैन इस कला उत्सव के क्यूरेटर हैं। दीप धनंजय व अनंत जैन के अनुसार यह पेंटिंग पेरिस में नवंबर माह से दिसंबर माह तक प्रदर्शित होगी। इस प्लेटफॉर्म पर दीप धनंजय को भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए हिमाचल की संस्कृति और देव परंपरा को प्रदर्शित करने का एक अंतरराष्ट्रीय मंच मिला है। धनंजय का कहना है कि यह एक हिमाचल की पवित्र गूंज है। इस पेंटिंग में हिमाचल प्रदेश के सभी प्रमुख आराध्य देवी देवताओं के दर्शन एक साथ करवाती है। बकौल दीप धनंजय यह पेंटिंग हिमाचल की हर घाटी की देव आस्था की एक कहानी समेटे हुए है। कुल्लू की खराहल घाटी के आराध्य देवता बिजली महादेव के बिजली से प्रभावित शिवलिंग से लेकर त्रेता युग के रघुनाथ जी की मूर्ति, मां जी की अखंड ज्योतियों से लेकर नाग देवताओं के मोहरों और रथों तक, हर रूप सदियों की भक्ति का प्रतीक है। वहीं, शक्ति पीठ हडिम्बा, भीमा काली, चिंतपूर्णी, नैना देवी, बगलामुखी, शूलिनी और ज्वाला जी, सनातन रक्षक के रूप में विराजमान हैं, जबकि लक्ष्मी नारायण, कमरुनाग, त्रिलोक नाथ और किन्नर कैलाश हिमालय की जीवंत पवित्रता के प्रतीक हैं। यह केवल कला ही नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक सिम्फनी है जहां देवता लोगों के साथ यात्रा करते हैं। अनुष्ठान प्रकृति से मिलते हैं, और दिव्यता दैनिक जीवन में प्रवाहित होती है। धनंजय ने आज से पहले विश्व के कई देशों में हिमाचल की संस्कृति और परंपरा को हमेशा से ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन किया हुआ है।

### पेंटिंग के जरिए संस्कृति, देव आस्था व परंपरा से करवा रहे रू-ब-रू




**गौर** रहे कि दीप धनंजय ने हमेशा से ही अपनी संस्कृति, प्राचीन परंपरा, खूबसूरती और वेशभूषा को अपने देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी पेंटिंग के ज़रिए दिखाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। धनंजय का मानना है कि हम अपनी खूबसूरत संस्कृति को चित्रकला, संगीत कला, नृत्य कला, वाद्य कला, मूर्ति कला आदि कई कलाओं के ज़रिए देश-विदेश में प्रदर्शित कर सकते हैं इससे हमारी संस्कृति को चार चांद लग जाएंगे और विश्व स्तरीय पहचान भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल की संस्कृति बहुत ही धनी है और इसे और ज्यादा मूल्यवान बनाने के लिए हमें इस पर विशेष रूप से काम करना चाहिए ताकि देश-विदेशों में हमारी यह मूल्यवान संस्कृति हमेशा चमकती रहे और पर्यटन को भी बढ़ावा मिले।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री कल सोलन जिला के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 28 अक्तूबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू 28 अक्तूबर, 2025 को दोपहर 12.15 बजे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सायरी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री तदोपरांत दोपहर 12.45 बजे मिनी स्टेडियम ममलीग में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बशील तथा वन विश्राम गृह सायरी घाट का लोकार्पण करेंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू तत्पश्चात मिनी स्टेडियम ममलीग में ही राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल ममलीग की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री तदोपरांत ममलीग के मिनी स्टेडियम में एक जनसभा को सम्बोधित भी करेंगे।



### स्पेल विजार्ड में कदौर, मैथ में कुफ्टू स्कूल अव्वल

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडाघाट में ब्लॉक स्तरीय स्पेल विजार्ड और मैथ विजार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला प्रारंभिक शिक्षा विभाग और भारती एयरटेल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसमें शिक्षा खंड कंडाघाट के 11 स्कूलों के 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य कुलदीप सूर्या मुख्य अतिथि रहे, जबकि अश्वनी (बीआरसीसी) और लोकिंदर सिंह चौहान (एयरटेल फाउंडेशन) विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। निर्णायक मंडल में संतोष और युगल शामिल रहे। मुख्यातिथि कुलदीप सूर्या ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने शिक्षकों से स्वयं को निरंतर अपडेट रखने का आग्रह किया ताकि विद्यार्थियों का बेहतर मार्गदर्शन हो सके।

### युवाओं का मार्गदर्शन हम सबकी जिम्मेदारी: अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है और युवाओं का सही मार्गदर्शन करना हम सभी का उत्तरदायित्व है। वे ग्राम पंचायत धुन्धन में शिवा क्लब धुंधन द्वारा आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर बोल रहे थे। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल और कबड्डी मुकाबले आयोजित किए गए। अवस्थी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद युवाओं के समग्र विकास का आधार हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी गतिविधियां युवाओं को मंच प्रदान करती हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। विधायक ने नशे को समाज की बड़ी चुनौती बताते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों में रुचि बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए डाइट मनी में बढ़ोतरी जैसे कई कदम उठा चुकी है। इस अवसर पर संजय अवस्थी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और शिवा क्लब धुंधन को कबड्डी मैट देने की घोषणा की। साथ ही दो लाइट, एक लाख रुपए पथ निर्माण के लिए और 21 हजार रुपए क्लब को प्रोत्साहन राशि के रूप में देने की घोषणा भी की।

### नाहन मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करने का फैसला जनविरोधी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नाहन मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करने के निर्णय के विरोध में नवभारत युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भावन शर्मा ने सरकार पर जनविरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। नाहन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कैबिनेट का यह फैसला सिरमौर की जनता के साथ अन्याय है। भावन शर्मा ने पूछा कि क्या सरकार ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से इसके लिए मंजूरी ली है? उन्होंने बताया कि नाहन मेडिकल कॉलेज के नाम पर पहले से ही 118 बीघा भूमि उपलब्ध है, जहां कॉलेज भवन निर्माण का काम सरकारी लापरवाही के कारण वर्षों से अधर में लटका हुआ है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के लिए वेटरनरी अस्पताल की 7 बीघा जमीन पार्किंग निर्माण हेतु हस्तांतरित की जानी थी, परंतु वह भी अब तक नहीं हो पाई। वहीं, 11 मंजिला निर्माणाधीन भवन का कार्य भी तीन साल से ठप पड़ा है। भावन शर्मा ने सरकार को दो साल का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि मेडिकल कॉलेज का निर्माण शीघ्र शुरू नहीं किया गया, तो व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा।

### समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद महत्वपूर्ण: वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह ने कहा कि आयुर्वेद विश्व को भारत की अनुपम देन है और समग्र स्वास्थ्य के लिए इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह बात सनातन धर्म सभा रबौन और भारद्वाज परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निशुल्क मैगा स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए कही। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि आयुर्वेद हमारे जीवन का विज्ञान है जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर केंद्रित है। यह न केवल रोगों के उपचार में मदद करता है, बल्कि बीमारियों की रोकथाम और बेहतर जीवनशैली को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा अपनाएं, क्योंकि इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है और यह व्यक्ति पर सकारात्मक असर डालती है। न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि योग, प्राणायाम, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या आयुर्वेद में विशेष महत्व रखते हैं। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रखने और जागरूक करने के लिए न्यायपालिका के तहत जिला विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आयुर्वेदिक 316, होम्योपैथिक 150 और मधुमेह के 105 रोगियों की जांच की गई, साथ ही रोगियों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर स्वाधीन चंद्र गौड़, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. लोकेश ममघई और अतुल भारद्वाज ने भी अपने विचार साझा किए।

### नगर निगम में विलय किए ग्रामीण क्षेत्रों को पंचायतों में किया जाएगा शामिल : डॉ राजेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विधानसभा क्षेत्र सोलन से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजेश कश्यप ने बसाल मेले के समापन अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनकी मांगों को जायज ठहराया। ग्रामीणों ने बताया कि नगर निगम में कई ऐसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिनका औचित्य नहीं था। विलय के समय केवल सड़कों के साथ विकसित क्षेत्रों को शामिल करने का आश्वासन था, लेकिन बाद में कृषिहारी क्षेत्रों को भी नगर निगम में जोड़ दिया गया, जिससे लोगों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. राजेश ने कहा कि बसाल पंचायत के लोग मुख्य रूप से कृषि से जुड़े हैं और उनका क्षेत्र एक अलग पहचान रखता है। यदि आने वाले समय में उन्हें लोगों का आशीर्वाद मिला, तो नगर निगम में विलय किए गए ग्रामीण क्षेत्रों को फिर से पंचायत में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनहित उनकी प्राथमिकता है और वे हमेशा स्थानीय लोगों के साथ जुड़े रहेंगे। डॉ. राजेश ने बसाल मेले की सभी को बधाई दी और मेला समिति की सराहना की। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

# नगर निगम में खाली पड़े पदों को सरकार से नहीं मिल रही मंजूरी

## निगम का दर्जा तो मिला, पर तकनीकी स्टाफ परिषद से भी कम

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** सरकार ने वर्ष 2020 में सोलन को नगर परिषद से अपग्रेड नगर निगम का दर्जा तो दिया पर तकनीकी स्टाफ, क्लेरिकल और सफाई कर्मचारियों के आवश्यक पद आज भी रिक्त पड़े हैं।

निगम बनने के बाद एमसी सोलन का कार्य बढ़ गया है, लेकिन पर्याप्त कर्मचारियों की कमी इसमें आड़े आ रही है। नगर निकाय आय के साधन जुटाने को फील्ड स्टाफ की मांग कर रहा है, लेकिन लगातार राज्य सरकार से इसकी मंजूरी नहीं मिल रही है। निगम ने अधिक पदों के सृजन के लिए अगस्त 2022 में सामान्य सदन में एक प्रस्ताव पारित किया था। 17 वार्डों वाले सोलन शहर की जनसंख्या करीब 60 हजार है, जबकि घरों की संख्या भी बढ़कर लगभग 14,000 हो गई है। काम में कई गुना वृद्धि के कारण प्रभावी सेवाओं के साथ-साथ आय के साधन जुटाने के लिए अधिक कर्मचारियों की आवश्यकता थी। पानी की बिल बकाया वसूलने के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त संख्या में मीटर रीडर नहीं हैं।

हालत ये हैं कि निगम का स्टेट्स मिलने के बावजूद परिषद जितने कार्य भी नहीं हो रहे हैं। नगर निगम सोलन में कई अहम पद खाली होने से विकास कार्यों सहित नक्शा पास, रिकवरी, डॉग स्टरलाइजेशन महत्वपूर्ण, पेंशन और ई-ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो रहे हैं। निगम ने एक प्रस्ताव पास कर राज्य सरकार से तहसीलदार (वसूली), पशु चिकित्सा सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी, कंप्यूटर प्रोग्रामर, फोरमैन (इलेक्ट्रिक), सहायक सामाजिक विकास अधिकारी, सर्वेक्षक, पांच कनिष्ठ कार्यालय सहायकों के पद सृजित करने का आग्रह किया था। इसके अलावा दो सेनेटरी इंस्पेक्टर और चार चपरासी की भी मांग है। बावजूद इसके सरकार से पदों को भरने की मंजूरी नहीं मिल पाई है।

कनिष्ठ अभियंताओं की कमी के कारण शहर में विकास कार्यों की डीपीआर, मकानों के नक्शे, पानी और सीवरेज के तकनीकी कार्य लंबित हो रहे हैं। हालात यह है कि निगम के चार कनिष्ठ अभियंताओं के भरोसे शहर के 17 वार्ड हैं, जबकि इससे अधिक की है। लोगों को अपने कार्यों के लिए बार बार कार्यालय की चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है। सफाई निरीक्षकों और कर्मचारियों की कमी से भी शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाना चुनौती बन चुका है। नगर निगम में पहले 206 स्वीकृत पद सृजित थे, जिसमें से 56 रिक्त है। निगम बनने के बाद कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 231 कर दी गई है, पर अभी भी 84 पद रिक्त है। स्टाफ की कमी से पार्किंग स्थल, परिवहन नगर, फुटपाथ निर्माण की योजनाएं अधर में है।



### क्या कहती हैं मेयर उषा?

**नगर** निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा का कहना है कि राज्य सरकार से रिक्त पदों को भरने की मांग की गई है। स्टाफ की कमी से निगम के कार्य लंबित हो रहे हैं। निगम में सबसे अधिक तकनीकी स्टाफ की मांग है।



# समग्र शिक्षा के मंदिर बनेंगे राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल : संजय अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**



विजेता छात्रा को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि छात्र शिक्षा अर्जन को अंक प्राप्ति का नहीं अपितु ज्ञान प्राप्ति एवं भविष्य के मार्ग को सरल करने का माध्यम बनाएं। संजय अवस्थी आज कुनिहार स्थित शिव तांडव गुफा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के ज़िला स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

विधायक ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक बनती है जब नैतिक एवं जीवन मूल्य की जानकारी उसमें समाहित हो। यह उद्देश्य समृद्ध सनातन संस्कृति का ज्ञान प्राप्त कर पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान ही हमारी संस्कृति है तथा इसके संरक्षण के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कृति इतिहास और भविष्य के मध्य सेतु का कार्य करती है तथा संस्कृति का ज्ञान भावी पीढ़ी के जीवन को सुरक्षित बनाता है।

उन्होंने संस्कृति संवर्द्धन में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के प्रयासों की सरहना की। उन्होंने कहा कि प्राचीन मूल्य, परंपराओं को पुनर्जीवित करना समय की मांग है।

अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को समग्र शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि हिमाचल के युवा नैतिक एवं जीवन मूल्यों के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा प्राप्त करें। इस दिशा में प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित किए जा रहे राजीव गांधी डे बोर्डिंग विद्यालय मील का पत्थर साबित होंगे।

विधायक ने उपस्थित युवाओं एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता की प्राप्ति के लिए लक्ष्य का निर्धारण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई केवल अंक प्राप्त करने के लिए न करें अपितु ज्ञान प्राप्ति के उद्देश्य से करें। उन्होंने छात्रों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहकर आगे बढ़ने की सलाह दी। संजय अवस्थी ने अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार को अपनी ओर से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।

विधायक ने इस अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेताओं को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुनिहार के प्रधान राकेश ठाकुर, ग्राम पंचायत कोठी के पूर्व प्रधान अनिल तंवर, कांग्रेस पार्टी के राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस-भाजपा ने प्रदेश को कर्ज में डुबोया : बलदेव राम सूद

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने कांग्रेस और भाजपा सरकारों पर प्रदेश को भारी कर्जे में डुबाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दोनों दल जनता पर बढ़ते वित्तीय बोझ की अनदेखी कर अपने वेतन और भत्तों में मनमानी वृद्धि कर रहे हैं। प्रेस विज्ञप्ति में सूद ने कहा कि हिमाचल सरकार वित्तीय संकट का हवाला देकर बार-बार कर्ज ले रही है, अब फिर 200 करोड़ रुपए का नया कर्ज लेने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश पहले ही 1,01,575 करोड़ रुपए के कर्ज तले दबा है, जबकि विधायक और मंत्री अपने वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी करते जा रहे हैं।

सूद ने कहा कि वर्ष 2019 में 60 प्रतिशत वेतन वृद्धि के बाद, हालिया बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने मिलकर 30 प्रतिशत की और बढ़ोतरी कर ली। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री और विधायक अब लाखों रुपए वेतन ले रहे हैं, जबकि आम जनता टैक्स के बोझ तले है। उन्होंने कहा कि जनता के टैक्स के पैसों पर ऐश करना असंवैधानिक है। मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक जनता के सेवक हैं, मालिक नहीं। सूद ने जनता से आह्वान किया कि वे इस मनमाने फैसले के खिलाफ एकजुट होकर विरोध दर्ज करें।

## सुक्खू सरकार अब तुगलकी फरमान लगी सुनाने : विनय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय कुमार गुप्ता ने सुक्खू सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में नई पंचायतों के गठन का बहाना बनाकर पंचायती राज चुनाव टालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस फैसले को सरकार का 'तुगलकी फरमान' करार दिया।

गुप्ता ने कहा कि इससे पहले सरकार ने आपदा का हवाला देते हुए कई जिलों के उपायुक्तों से रिपोर्ट मंगवाकर चुनाव स्थगित करवाने का नोटिफिकेशन जारी कराया था। अब नई पंचायतों के गठन की आड़ में फिर से चुनाव रोकने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कभी पंचायती राज मंत्री समय पर चुनाव की बात करते हैं, तो कभी अधिकारी अध्यादेश जारी कर चुनाव स्थगित करते हैं, यह सरकार की ढुलमुल नीति और जनता को गुमराह करने की कोशिश को दर्शाता है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पंचायतीराज अधिनियम के 73वें और 74वें संशोधन का उद्देश्य स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाना है, लेकिन सुक्खू सरकार इन प्रावधानों की धज्जियां उड़ाकर संस्थाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि दिसंबर में प्रस्तावित पंचायत चुनावों के लिए मतदाता सूचियां पहले ही संशोधित की जा चुकी हैं, फिर भी सरकार नई पंचायतों का बहाना बनाकर अत्यधिक आर्थिक बोझ डाल रही है।

गुप्ता ने कहा कि हिमाचल के लोग सरकार की निकम्मी कार्यप्रणाली से तंग आ चुके हैं और अब समय आ गया है कि जनता इस सरकार को विदाई देने की तैयारी करे।

## अंडर-19 माइनर गेम्स का शुभारंभ करेंगे रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** 66वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 माइनर गेम्स का आयोजन सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में 27 अक्तूबर से 30 अक्टूबर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली और ज्वाइंट डायरेक्टर डा. जगदीश नेगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

चार दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के चयनित सैकड़ों खिलाड़ी वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, कुराश और ठोडा में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय दलीप छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन द्वारा किया जा रहा है, जबकि उच्च शिक्षा उपनिदेशक गोपाल सिंह चौहान ने तैयारियों की पुष्टि की है। मुख्यातिथि रोहित ठाकुर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे और खिलाड़ियों को प्रेरक संबोधन देंगे। प्रतियोगिता का समापन 30 अक्टूबर को स्वास्थ्य मंत्री डा. कर्नल धनीराम शांडिल करेंगे। आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया है।

## प्रभात फेरियों की गूंज से भक्तिमय हुआ सोलन



गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व को लेकर प्रभात फेरियां निकालती संगत।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन शहर रविवार को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की तैयारियों से भक्तिमय हो उठा। सिखों के प्रथम गुरु को समर्पित प्रभात फेरियों की गूंज पूरे शहर में सुनाई दी। जिले के विभिन्न गुरुद्वारों से रवाना हुई 12 प्रभात फेरियां श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून पहुंचीं, जहां संगत ने मिलकर गुरबाणी कीर्तन किया और गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर चलने का आह्वान किया।

इन प्रभात फेरियों में गुरुद्वारा सिंह सभा अपर बाजार, संगत साहिब, नानक दरबार, सलोगड़ा, धर्मपुर, गढ़खल, सुबाथू, चंबाघाट और शाही गुरुद्वारा की संगतों ने भाग लिया। सपरून पहुंचने पर सभी प्रभात फेरियों का पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ और संगत के लिए लंगर सेवा का आयोजन किया गया।

गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून के प्रधान गुरमीत सिंह ने बताया कि 5 नवंबर को गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। 2 नवंबर को बच्चों के लिए चित्रकला और पगड़ी बांधने की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रभात फेरियों में सभी धर्मों के लोगों की भागीदारी ने भक्ति, सेवा और भाईचारे का सुंदर संदेश दिया।

## प्रदेश में व्यवस्था पतन चरम पर : अभिषेक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन भाजपा प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था पतन का सबसे बड़ा उदाहरण आज बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक बन चुका है। जिस प्रकार इस बैंक के हजारों खाताधारक अपनी मेहनत की कमाई के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, वह प्रदेश सरकार की असंवेदनशीलता और प्रशासनिक उदासीनता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान में हुआ भ्रष्टाचार हमारे बघाट को कलंकित कर रहा है। यह न केवल शासन-प्रशासन की विफलता का प्रमाण है, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी गहरा आघात पहुंचा रहा है।

कुछ लोगों को तथाकथित तरीके से हिरासत में लेना और मामूली राशि लेकर उन्हें छोड़ देना यह न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि बैंक प्रबंधन की विफलता और खाताधारकों के प्रति असंवेदनशीलता को भी उजागर करता है। ठाकुर ने कहा कि सरकार के पास न तो कोई ठोस कार्य योजना है और न ही पीड़ित खाताधारकों को राहत देने की कोई स्पष्ट मंशा दिखाई देती है। जनता का विश्वास जिस संस्थागत व्यवस्था पर था, वही आज व्यवस्था पतन और प्रशासनिक निष्क्रियता का प्रतीक बन गई है।

खाताधारक बार-बार अपनी जमा राशि की वापसी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, परंतु अब तक केवल चुप्पी ही मिली हैं। सरकार का यह मौन रुख दर्शाता है कि जनहित अब उसकी प्राथमिकता नहीं रह गयी है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि कि बघाट अर्बन कोऑपरेटिव बैंक प्रकरण में तुरंत ठोस निर्णय लिया जाए, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो तथा खाताधारकों को उनकी मेहनत की कमाई शीघ्र लौटाई जाए, अन्यथा जनता को आंदोलन का मार्ग अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## स्वास्थ्य मंत्री ने की सीएम के प्रस्तावित सायरी और ममलीग दौरे की समीक्षा

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**



सीएम सुक्खू के दौरे की समीक्षा करते हुए डॉ. धनीराम शांडिल।

**कंडाघाट।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ठाकुर सोलन विधानसभा क्षेत्र के अपने प्रस्तावित प्रवास में कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत ममलीग व सायरी में करोड़ों रुपए की योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

डॉ. शांडिल रविवार को मुख्यमंत्री के सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रस्तावित प्रवास के दृष्टिगत ममलीग में जिला प्रशासन व स्थानीय जन के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोक निर्माण, जल शक्ति, पुलिस, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, विद्युत बोर्ड सहित अन्य विभागों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने प्रस्तावित प्रवास के दौरान ममलीग में एक विशाल जनसभा को संबोधित भी करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा सायरी में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नवनिर्मित भवन तथा वन विश्राम गृह सायरीघाट का लोकार्पण किया जाएगा। ममलीग में निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के भवन, ग्राम पंचायत ममलीग के कायसु में सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास तथा ग्राम पंचायत ममलीग के गांव बशील में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ भी किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व नवनिर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सायरी के भवन तथा प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण भी किया।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सायरी की प्रधान अंजू राठौर, प्रधान हरि चंद ठाकुर, प्रधान रीता ठाकुर, ग्राम प्रधान चम्पा देवी आदि उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक परिवर्तन विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में हिमालय क्षेत्र में आधुनिकीकरण, विकास और सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन हिमालयन काउंसिल फॉर साइंटिफिक रिसर्च और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। 25-26 अक्तूबर को यह सम्मेलन ऑनलाइन मोड में और 28 अक्तूबर को ऑफलाइन रूप में संपन्न होगा। उद्घाटन सत्र में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सम्मेलन प्रभारी सहायक आचार्य पुनीत ठाकुर को शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने हिमालय को सांस्कृतिक और पारिस्थितिक विरासत का प्रतीक बताते हुए इसके संतुलित विकास की आवश्यकता पर बल दिया। पुनीत ने बताया कि यह मंच शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं को हिमालय क्षेत्र के तीव्र सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय परिवर्तनों पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा। डॉ. रेणुका थपलियाल ने कहा कि विकास और संरक्षण के बीच संतुलन ही सतत भविष्य की कुंजी है।

**दुर्दशा** — अंतरराष्ट्रीय रेणुका जी मेले में पहुंचने के लिए पर्यटक कर रहे कई दिक्कतों का सामना

# सतौन-रेणुकाजी सड़क की हालत खस्ता, लोग परेशान

**हेमराज राणा, अनंत ज्ञान**

**शिलाई।** जिला सिरमौर के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्थल श्री रेणुकाजी की जो धार्मिक स्थल अपनी आस्था और श्रद्धालुओं के विश्वास के लिए देश-भर में प्रसिद्ध माना जाता है। यह स्थान माता रेणुकाजी और भगवान परशुराम जी का पवित्र धार्मिक स्थल माना जाता है, परंतु अगर हम इस विश्वस्तरीय रेणुकाजी के मुख्य सड़क मार्ग सतौन से रेणुका जी की स्थिति का आंकलन करें तो स्थिति बहुत गंभीर है। ऐसे में आगामी दिनों में शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय रेणुकाजी मेले में पहुंचने में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को खासी दिक्क़ते झेलनी पड़ेगी।

हैरानी की बात है कि इस सड़क मार्ग की दशा सुधारने के लिए जनता के मतानुसार दशकों से किसी भी सरकार ने कुछ खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। सड़क मार्ग की दहनीय स्थिति लगभग बीस से तीस किलोमीटर अधिक जर्जर हालात में हैं। जिससे राहगीर चालकों और यात्रियों को खासी दिक्कते पेश आती है। जानकारी अनुसार साठ के दशक में बनी सड़क आज भी धूल ही धूल उड़ती दिखाई देती है। इससे स्थानीय लोग भी बीमारियों की जकड़ में आ चुके हैं। सड़क की स्थिति का खामियाजा हर रोज सफर करने वाली स्थानीय जनता और देश प्रदेश से आ रहे पर्यटकों को धुल और गड्ढों इत्यादि के रूप में मजबूरन भुगतना पड़ रहा है। जनता का मत है कि समय-समय पर विभिन्न सरकारों के समक्ष मिलकर आवाज बुलंद की जा रही है,परन्तु स्थिति हम आपके सामने आज भी जस की तस बनीं हुई हैं, यहां देखने एवं समझने का विषय यह भी है कि न जाने किन कारणों से क्षेत्र समाज को इस सुविधा से विभिन्न सरकारें क्यों महफूज रख रही है, जबकि अनेकों क्षेत्रों में सड़कों की बेहतर सुविधाएं शिलाई, रेणुका जी के अनेकों क्षेत्रों में देखने को मिलती हैं, तो वहीं इस गंभीर मुद्दे को लेकर सरकार और प्रशासन अभी तक जमीनी स्तर पर पुख्ता कदम नहीं उठा पाई। रेणुका जी से विधायक एवं वर्तमान सरकार में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार और शिलाई के विधायक एवं सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सरकार के महत्वपूर्ण पद पर आसीन हैं इसी परिप्रेक्ष्य राजनीति से ऊपर उठकर स्थानीय जनता और युवाओं ने दोनों जनप्रतिनिधियों से सड़क के चौड़ीकरण और मेटलिंग करवाने की मांग की है।



खस्ताहाल हुई सतौन-रेणुकाजी सड़क की खस्ता हालात से उड़ती धूल।

### सीएम-राज्यपाल का हर वर्ष होता है आगमन

सड़क के चौड़ीकरण और पक्की होने से निसंदेह पर्यटकों के रूप में सरकार और स्थानीय जनता को भी भविष्य में काफी हद तक आर्थिक रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होते रहेंगे, क्योंकि इस गंभीर मुद्दे को लेकर हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय रेणुका जी मेले के आसपास ही संबंधित विभाग सड़कों के गढ़ों को मिट्टी से भरने का नाममात्र प्रयास करता हैं, जिस धार्मिक स्थल में प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल का आगमन हर वर्ष होता है। परंतु दुख होता है कि दशकों बाद भी इस मुख्य सड़क मार्ग की दशा बेहतर नहीं हो पा रही हैं, साथ ही स्थानीय जनता का इस गंभीर विषय को लेकर कहीं न कहीं राजनेताओं और विभिन्न सरकारों के प्रति गहरा आक्रोश और पीड़ा है। ऐसे में प्रदेश सरकार को इस सड़क की दशा सुधारने की पहल करनी चाहिए।

## पंचायत पुनर्गठन के नाम पर जनता को गुमराह कर रही सुक्खू सरकार : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज गुप्ता, जिला महामंत्री रणवीर ठाकुर एवं जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि पंचायत पुनर्गठन के नाम पर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। इन नेताओं ने बताया कि अगर सरकार ने नई पंचायतों का पुनर्गठन करना था, तो सरकार आज तक क्या कर रही थी।

कांग्रेस पार्टी के नेता सरकार बनते ही नई पंचायतों के गठन का बड़ा ढींढोरा पीट रहे थे। इतना ही नहीं सरकार ने नई पंचायतो का गठन करने के लिए जिला उपायुक्त के माध्यम से पंचायत प्रस्ताव भी मांगे और उसके बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपना आधिकारिक बयान देते हैं कि अब सरकार नई पंचायतों का गठन नहीं कर रही है, क्योंकि सरकार के वित्तीय हालत इस समय ठीक नहीं है। इन नेताओं ने अपने संयुक्त बयान में सुक्खू सरकार से सवाल करते हुए पूछा है कि क्या अब प्रदेश सरकार के वित्तीय हालत ठीक हो गए हैं जो आप अब पंचायतों के पुनर्गठन करने की बात कर रहे हैं पंचायतों का पुनर्गठन होना चाहिए, लेकिन समय पर होना चाहिए था। प्रदेश की कांग्रेस सरकार बार-बार झूठ का सहारा लेकर पंचायत चुनाव टाल रही है, जो प्रदेश की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है। प्रदेश सरकार पंचायत चुनाव ऐसे समय पर टाल रही है, जब प्रदेश में पंचायत चुनाव का माहौल बहुत गर्ममाया हुआ है। यह माहौल को एकदम ठंडा करना कांग्रेस सरकार के लिए बहुत महंगा पड़ सकता है। जिसका खामियाजा सरकार को पंचायत चुनाव एवं 2027 के विधानसभा चुनाव में भी भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी को अपनी हार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, इसको ध्यान में रखते हुए बार-बार पंचायत चुनाव टाल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वर्ण पदक विजेता बलराज को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज घरौंडा हलका के गांव कैमला में एशियन रोइंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाले बलराज पंवार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बलराज ने खेल जगत में देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसके लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नई बुलंदियों को छुएंगे। उल्लेखनीय है कि बलराज पंवार जिला करनाल के गांव कैमला (घरौंडा) के रहने वाले हैं। वे पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भाग लेने वाले भारत के एकमात्र नौकायन खिलाड़ी थे और उन्होंने पुरुष एकल स्पर्धा में भाग लिया। ओलंपिक में उन्होंने कुल मिलाकर 23वां स्थान हासिल किया। उन्होंने एशियाई और ओशियानिया ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा के फाइनल डी में पांचवें स्थान पर रहे। उन्होंने नौकायन 2020 में शुरू की थी। वे भारतीय सेना में कार्यरत हैं।

### श्री कपालमोचन मेले में किए पुख्ता प्रबंध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के यमुनानगर में कार्तिक माह में आयोजित होने वाले श्री कपाल मोचन श्री आदि बद्री मेले के सभी आवश्यक प्रबंध अंतिम चरण में हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु श्री कपाल मोचन सरोवर, श्री ऋण मोचन सरोवर और श्री सूरज कुण्ड सरोवर में क्रमवार स्नान के लिए पहुंचेंगे। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सफाई, दवाई, अस्थायी शौचालय, पेयजल, सड़क मरम्मत, बिजली, खाद्य और दूध की आपूर्ति, बैरिकेडिंग व पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की है। मेले में विभिन्न विभागों के प्रदर्शनी स्टाल लगाए जाएंगे। सूचना, जनसंपर्क और सांस्कृतिक कार्य विभाग के कलाकार भजनों और लोक गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग ने मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में बांटकर प्रबंध किए हैं। नशीली दवाओं की विशेष जांच होगी और फायर ब्रिगेड के वाहन प्रत्येक सेक्टर में तैनात रहेंगे। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि राज्य के सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन का प्रमुख स्थल भी है, जहां सभी प्रकार की सुविधाओं और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है।

### संत नामदेव महाराज समारोह का सीएम सैनी ने किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की 'संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना' के तहत हिसार में संत नामदेव जी महाराज का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित हुआ। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रांगण में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत नामदेव जी का जीवन प्रेम, भक्ति और समानता का प्रतीक था। उन्होंने जातिवाद, छुआछूत और असमानता जैसी बुराइयों को मिटाकर समाज में एकता स्थापित की। मुख्यमंत्री ने समाज की मांग के अनुसार किसी सरकारी संस्थान का नाम संत नामदेव जी के नाम पर रखने, धर्मशालाओं के रख-रखाव और सोलर पैनल लगाने के लिए 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। भिवानी, पानीपत और नारनौल में समाज द्वारा जमीन के आवेदन पर नियमानुसार भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत नामदेव जी हर व्यक्ति में ईश्वर का अंश देखते थे और यही संदेश समाज को जोड़े रखता है। राज्य सरकार भी समान विकास, समरसता और गरीबों के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। पिछड़ा वर्ग के लिए क्रीमीलेयर्स आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की गई है, तथा पंचायती राज और शहरी निकायों में आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत-महापुरुषों की शिक्षाएं सामाजिक चेतना और मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। सरकार का उद्देश्य उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाकर नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के अंत्योदय और 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र से भी संत परंपरा की शिक्षा मिलती है।

# नलवा में सीएम सैनी ने दीं करोड़ों रुपए की सौगातें

## सौर ऊर्जा आधारित माइक्रो इरिगेशन परियोजनाओं की होगी शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नलवा विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने आजाद नगर में अर्बन हेल्थ सेंटर निर्माण और प्राइमरी स्कूल को हाई स्कूल में अपग्रेड करने की योजना का भी ऐलान किया। पनिहार चक में भूमि उपलब्ध होने पर सब हेल्थ सेंटर खोला जाएगा।



मुख्यमंत्री ने भिवानी ड्रेन और रतेरा तलवंडी खरीफ चैनल के लिए 322 करोड़ रुपये, सौर ऊर्जा आधारित माइक्रो इरिगेशन परियोजनाओं के लिए 140 करोड़ रुपए, ओपी जिंदल माइनर के विस्तार हेतु 1.43 करोड़ रुपए और रावलवास सब माइनर पर वॉटर पंपिंग स्टेशन के लिए 4.72 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा की। साथ ही, आजाद नगर कैमरी रोड व पटेल नगर में 33 करोड़ रुपए से सीवरेज और बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। नलवा क्षेत्र की 215 किलोमीटर लंबी 61 सड़कों की मरम्मत, 46 किलोमीटर की 10 सड़कों पर तेजी से काम, 186 किलोमीटर की 56 सड़कों की विशेष मरम्मत (93 करोड़ रुपये), मार्केटिंग बोर्ड की 85.49 किलोमीटर की 21 सड़कों और 20.79 किलोमीटर की 5 सड़कों पर 2.46 करोड़ रुपए से कार्य की भी घोषणा की गई। इसके अलावा, पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के नाम पर प्रवेश द्वार निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए, खेतों की 25 किलोमीटर रास्तों को पक्का करने, बालसमंद रोड फोरलेन करने और कैमरी गंगवा लिंक रोड निर्माण की भी योजनाओं का एलान किया गया।

इस अवसर पर लोक निर्माण व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, सावित्री जिंदल, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# पंजाब की महिला पहलवान ने नशे के लिए बेचा बच्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब के मानसा जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्टेट लेवल की महिला पहलवान गुरमन कौर ने नशे के लिए अपने पांच माह के बच्चे को बेच दिया। गुरमन और उसके पति संदीप सिंह ने पहले हरियाणा के फतेहाबाद जिले में 5 लाख रुपए में बच्चे की डील करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने अपने बच्चे को मानसा के अकबरपुर कुदाल गांव में 1.80 लाख रुपए में संजू और उसकी पत्नी आरती को बेच दिया।

**माता-पिता और खरीदार गिरफ्तार**

गुरमन की बहन रितु वर्मा ने बताया कि संदीप ने उसकी बहन को नशे की आदत में फंसाया। इंस्टाग्राम पर लालच देकर उसे शादी के बाद चिट्टे का नशा करवाया। शादी के पांचवें महीने में गुरमन को प्रेग्नेंसी का पता चला। डॉक्टरों ने नशा न करने की सलाह दी, लेकिन पति ने जन्म के 27 दिन बाद फिर से नशा शुरू कराया। नशे की हालत में उन्हें बच्चा बेचने पर मजबूर किया गया।

बच्चे को बेचने के लिए पंडित की मदद ली गई और उन्हें बताया गया कि बच्चे पर किसी मरे हुए का साया है। गुरमन और संदीप नशे में धुत होकर गोदनामा पर साइन कर दिए। बिक्री के पैसे से वे अलमारी, बेड और सोफा खरीदे और बाकी नशे में उड़ा दिए। गुरमन को बाद में अपनी गलती का अहसास हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी माता-पिता और खरीदार को गिरफ्तार किया। जांच के बाद बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उसे जिला बाल भलाई कमेटी मानसा के पास रखा गया। गुरमन की बहन रितु प्रशासन से मांग कर रही हैं कि बच्चा परिवार के पास लौटाया जाए, ताकि गुरमन स्वस्थ होकर उसका पालन-पोषण कर सके।

थाना बरेटा प्रभारी बलदेव सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी संदीप, गुरमन और संजू के खिलाफ बच्चों की तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक बच्चा बाल घर में रहेगा।

यह मामला नशे की आदतों और बच्चों के प्रति असंवेदनशीलता की ओर गंभीर चेतावनी है और समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करता है।

# स्टेफान शार्ले के लाइव संगीत 'पेरिस की दौड़' ने चंडीगढ़ में मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के दर्शकों ने बीती शाम फ्रांसीसी मूक फिल्म 'पेरिस की दौड़' (1924) का जादुई पुनर्जागरण देखा, जब सेक्टर 36 के अलायंस फरांसेस कैफे थिएटर में इसे स्टेफान शार्ले के लाइव संगीत के साथ पेश किया गया। शार्ले, जो फ्रांस के प्रसिद्ध ड्रमर और जैज कलेक्टिव ओजेडएमए के संस्थापक हैं, ने अपनी ऑग्मेंटेड ड्रम तकनीक के जरिए पर्कशन, लूप्स और इलेक्ट्रॉनिक ध्वनियों का अनोखा मिश्रण प्रस्तुत किया, जिसने फ़िल्म को नई ऊर्जा दी।



फ्रैंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया और अलायंस फ्रांसेस नेटवर्क के सहयोग से आयोजित इस सिने-कॉन्सर्ट ने दर्शकों को समय में जमे पेरिस की यात्रा कराई। जेरोम सैडू-पाथे फाउंडेशन की ओर से उपलब्ध कराई गई 4के रीस्टोर्ड प्रिंट ने फिल्म की रहस्यमयी छवि को बरकरार रखा, जबकि लाइव संगीत ने इसे समकालीन लय और जीवन्तता दी।

अलायंस फ्रांसेस चंडीगढ़ की डायरेक्टर फियोना गैरा ने कहा कि हमारे नवनिर्मित थिएटर में यह कार्यक्रम कला और संगीत के संगम का शानदार स्वागत था। शार्ले का यह प्रदर्शन उनके इंडिया टूर का हिस्सा था, जो नई दिल्ली, पुणे, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई तक फैला।

शाम जोरदार तालियों और दर्शकों की भावनाओं से समापन हुई, यह याद दिलाते हुए कि कला समय और सीमा की परवाह किए बिना हमेशा मन को छूती रहती है।

# राज्यपाल ने मृतक एएसआई संदीप कुमार परिजनों से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने आज हाल ही में दिवंगत हुए एएसआई संदीप कुमार लाठर के निवास जुलाना पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। राज्यपाल ने संदीप कुमार लाठर की माता इंद्रावती, पत्नी संतोष, पुत्र विहान, पुत्री रूपक और अन्य परिजनों को सांत्वना दी तथा इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की।

राज्यपाल ने इस अवसर पर मृतक के बच्चों की शिक्षा के लिए अढ़ाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का मुखिया होने के नाते दिवंगत संदीप के देहांत से उन्हें व्यक्तिगत तौर पर भी गहरा आघात पहुंचा है, क्योंकि संदीप जैसे अधिकारी राज्य की सेवा भावना के प्रतीक होते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि संदीप कुमार लाठर के निधन से समाज ने एक कर्मठ, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति को खो दिया है। पुलिस विभाग को भी उनके जाने से अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष भी उपस्थित रहीं।

# पंजाब के पूर्व डीआईजी भुल्लर की दुबई-कनाडा में संपत्ति का खुलासा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब के रोपड़ रेंज के पूर्व पुलिस अफसर हरचरण सिंह भुल्लर का विदेशी संपत्ति कनेक्शन सामने आया है। रिश्वत मामले में पकड़े गए भुल्लर के पास दुबई में 2 और कनाडा में 3 फ्लैट हैं। लुधियाना में उनके नाम पर लगभग 55 एकड़ जमीन और माछीवाड़ा क्षेत्र में 20 दुकानों की जानकारी भी सामने आई है।

सूत्रों के अनुसार भुल्लर ड्यूटी के दौरान करीब 10 बार दुबई गए। पासपोर्ट एजेंसी के कब्जे में है और उसके जरिए विदेश दौरों की डिटेल जुटाई जा रही है। सीबीआई अब यह भी जांच रही है कि इन संपत्तियों का सोर्स क्या था और क्या इन्हें किसी अन्य नाम पर खरीदा गया।

पूर्व डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने कहा कि इस तरह के अधिकारियों के बारे में मंत्री और अन्य उच्चाधिकारी जानते थे, लेकिन किसी ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने चेताया कि भुल्लर अकेला नहीं है, पुलिस विभाग में बड़े 'मगरमच्छ' भी हैं जो लंबे समय से बड़े स्तर पर गतिविधियों में लिप्त हैं। मंडी गोबिंदगढ़ के व्यापारी कृष्नु को सरकारी गवाह बनाने की योजना बनाई जा रही है। यदि कृष्नु गवाह बनते हैं तो भुल्लर की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। भुल्लर की संपत्तियों और विदेशी कनेक्शन को लेकर आने वाले दिनों में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## देश-विदेश

# तमिलनाडु की तरफ बढ़ रहे चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से खतरा, अलर्ट जारी

**एजेंसी, चेन्नई**

**दक्षिण**-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र धीरे-धीरे तेज हो रहा है और सोमवार सुबह तक इसके चक्रवाती तूफान 'मोंथा' में तब्दील होने की आशंका है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी इस चेतावनी के बाद तमिलनाडु में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक इस चक्रवाती तूफान की गति अब उत्तर-पश्चिम की तरफ है और यह लगभग 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

अगले दो दिनों में इसके कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय जिलों में भारी बारिश और तेज हवा होने की संभावना है। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र रविवार सुबह 5.30 बजे चेन्नई से लगभग 800 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। आईएमडी का अनुमान है कि यह दवाब सोमवार सुबह तक बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम-मध्य हिस्से में एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा। सोमवार रात या मंगलवार सुबह तक यह गंभीर चक्रवाती तूफान बन सकता है। यह तूफान मंगलवार शाम या रात तक आंध्र प्रदेश के तट से काकीनाडा के पास, मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच होकर गुजर सकता है। (अनंत ज्ञान)

## वेनेजुएलाई के राष्ट्रपति बोले अमेरिका जंग शुरू कर रहा

**एजेंसी, काराकस।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अमेरिका पर गंभीर आरोप लगाया है। मादुरो ने कहा कि अमेरिका उनके खिलाफ जंग छेड़ने की तैयारी कर रहा है।

बता दें कि मादुरो और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में छत्तीस का आंकड़ा है। ट्रंप ने मादुरो को ड्रग तस्करी करने वाले संगठन का मुखिया तक करार दिया है। बता मादुरो का यह बयान तब आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड वेनेजुएला के तटों के करीब पहुंचा है। इस युद्धपोत में 90 विमान और हमलावर हेलिकॉप्टर तैनात किए जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने किया परमाणु ऊर्जा से चलने वाली 'ब्यूरेवेस्तनिक' मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी, मॉस्को**

**रूस** ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली ब्यूरेवेस्तनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। यह वही हथियार है, जिसके बारे में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दावा करते हैं कि यह किसी भी डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकता है। पुतिन ने रविवार को कहा कि अब इसकी जल्द ही तैनाती की जाएगी। इसकी टॉप स्पीड 1300 किमी प्रति घंटा मानी जाती है। रूस के शीर्ष सैन्य कमांडर, जनरल वैलरी गेरासिमोव के अनुसार, 21 अक्तूबर को परीक्षण के दौरान मिसाइल ने लगभग 14,000 किलोमीटर (8,700 मील) की उड़ान भरी और लगभग 15 घंटे तक हवा में रही ।ब्यूरेवेस्तनिक की तारीफ करते हुए पुतिन ने कहा कि यह शानदार हथियार है, जो किसी भी दूसरे देश के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले कई एक्सपर्ट यकीन नहीं करते थे कि ऐसा हथियार भी बन सकता है, लेकिन यह हकीकत बन चुका है। यह रूस की सुरक्षा करने के लिए पूरी तरह बना है। (अनंत ज्ञान)

**पुतिन ने की मिसाइल की तारीफ**



## उल्फा का उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**एजेंसी, इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश पुलिस और असम राइफल्स के एक संयुक्त अभियान में रविवार की सुबह अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) के एक कैडर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए उग्रवादी की पहचान अनुपम दोहोतिया उर्फ थाउसेन आसोम के रूप में हुई है, जो असम के तिनसुकिया जिले के बारेकुरी का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने उसके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया, जिसमें मुख्य रूप से एक एमक्यू राइफल, 151 राउंड जिदां कारतूस, एक बोतल ग्रेनेड, एक राइफल ग्रेनेड शामिल है। गिरफ्तार किए गए उग्रवादी से अभी नामसाई पुलिस पूछताछ कर रही है ताकि इलाके में उग्रवादी संगठन के संभावित लिंक और भविष्य की योजनाओं का पता लगाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# अनंत सिंह की चुनावी जनसभा के दौरान टूटा मंच, बाल-बाल बचे

**एजेंसी, पटना**

**बिहार** विधानसभा चुनाव के बीच मोकामा से जनता दल यूनाइटेड के टिकट पर ताल ठोक रहे बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह एक बड़े हादसे का शिकार होते-होते बचे। पूर्वी मोकामा के डुमरा गांव में तूफानी जनसंपर्क के दौरान उनके साथ ये घटना घटी।

अनंत सिंह जब एक विशेष रूप से तैयार किए गए मंच पर समर्थकों के साथ खड़े थे और 'अनंत सिंह जिंदाबाद' के नारों के बीच संबोधन शुरू होने वाला था, तभी अचानक मंच टूट कर बिखर गया। मंच के धड़ाम से गिरने से अनंत सिंह समेत मंच पर मौजूद कई लोग नीचे गिर पड़े। ये घटना शनिवार को मोकामा के डुमरा गांव में हुई। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व विधायक अनंत सिंह यहां जनसंपर्क के लिए पहुंचे थे। स्थानीय लोगों के आग्रह पर अनंत सिंह एक अस्थाई मंच पर चढ़े। उनके साथ जल्द ही कई समर्थक भी मंच पर पहुंच गए। इसी दौरान, जब एक समर्थक माइक लेकर भाषण शुरू करने वाला था। नारे लग रहे थे तो क्षमता से अधिक भार होने के कारण लकड़ी का मंच धड़ाम से टूट गया। मंच टूटने के कारण अफरा-तफरी मच गई और अनंत सिंह समेत सभी लोग नीचे गिर पड़े। अनंत सिंह का मंच टूटने का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। मोकामा सीट बिहार की चर्चित सीटों में से एक है, जहां अनंत सिंह अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## पवन खेड़ा बोले- एनडीए को हार का डर, इसीलिए सीएम का चेहरा नहीं बताया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के लिए एनडीए के सीएम उम्मीदवार घोषित न करने पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि उन्हें हार का डर है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एनडीए ने अभी तक मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की है।

वे कौन होते हैं हम पर सवाल उठाने वाले? हमने अपने सीएम उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। उनमें यह कहने की हिम्मत नहीं है कि उनके सीएम उम्मीदवार नीतीश कुमार होंगे। उनका एजेंडा क्या है? इस समय राज्य में पूरी तरह से जंगलराज चल रहा है, जहां पटना में खेमकाजी की हत्या हो जाती है, महिलाओं के साथ बलात्कार होता है, अपहरण हो रहे हैं, इसका हिसाब कौन देगा? (अनंत ज्ञान)

## तेजस्वी बोले- सरकार बनी तो वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देंगे

**एजेंसी, पटना**

**बिहार** विधानसभा चुनाव के बीच विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक्फ कानून को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम 'भारत जलाओ पार्टी' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो वक्फ एक्ट को खत्म कर दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि बिहार की जनता 20 साल पुराने नीतीश कुमार शासन से थक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब होश में नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

## छठ के बाद बिहार में राहुल-प्रियंका करेंगे प्रचार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि बिहार में कांग्रेस का चुनाव अभियान छठ पूजा के तुरंत बाद शुरू होगा और विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रचार करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित पार्टी के अन्य नेता भी राज्य में प्रचार करेंगे। उन्होंने पीटीआई से कहाकि छठ पूजा के तुरंत बाद हमारा अभियान शुरू होगा। मुझे लगता है कि राहुल गांधी 29 और 30 अक्तूबर को यहां होंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरे भी प्रस्तावित हैं। (अनंत ज्ञान)

## भड़काऊ भाषण देने के आरोप में संघ नेता के खिलाफ मामला दर्ज

**एजेंसी, मंगलूरू।** मंगलूरू में एक निवासी की शिकायत पर संघ के एक नेता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि संघ के नेता ने उप्पलिगे में एक दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान भड़काऊ बयानबाजी की थी। रविवार को पुत्तूर ग्रामीण पुलिस ने बताया कि शिकायत में आरोप लगाया कि संघ के नेता कल्ड़का प्रभाकर भट्ट का एक यूट्यूब चैनल पर प्रसारित भाषण, धार्मिक नफरत भड़काने वाला, महिलाओं की गरिमा का अपमान करने वाला और सार्वजनिक शांति को खतरा पहुंचाने वाला था। दीपोत्सव कार्यक्रम 20 अक्तूबर को हुआ था। इसमें आगे आरोप लगाया गया है कि भट्ट ने हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां कीं। (अनंत ज्ञान)

# थाईलैंड और कंबोडिया ने संघर्ष विराम समझौते पर किए हस्ताक्षर

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

**थाईलैंड** और कंबोडिया की सरकारों के बीच रविवार को संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर हो गए। ये हस्ताक्षर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में किए गए। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हिंसक झड़पें हुईं थी और दोनों देश युद्ध के मुहाने पर पहुंच गए थे।

हालांकि, कथितत तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दखल के बाद दोनों देश संघर्ष विराम के लिए तैयार हो गए थे। ट्रंप ने आर्थिक दबाव डालकर दोनों देशों के बीच शांति कराने का दावा किया था। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जुलाई में पांच दिनों तक लड़ाई चली थी, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हुए थे। जमीन पर दावे को लेकर दोनों देश भिड़े थे। हालांकि ट्रंप के दखल के बाद दोनों देश संघर्ष विराम के लिए तैयार हो गए थे। समझौते के तहत पहले चरण में थाईलैंड और कंबोडिया कैदियों को रिहा करेंगे और कंबोडिया अपने तोपखाने को सीमा से हटाना शुरू करेगा। समझौते के तहत क्षेत्रीय ऑब्जर्वर स्थिति पर नजर रखेंगे और ये सुनिश्चित करेंगे कि लड़ाई दोबारा शुरू न होने पाए।




कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 'हमने कुछ ऐसा किया, जिसे लेकर बहुत से लोगों ने कहा था कि ये नहीं हो सकता'। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने इस ऐतिहासिक दिन बताया। थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता स्थायी शांति की बुनियाद तैयार करेगा। संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही ट्रंप ने कंबोडिया और थाईलैंड के साथ अलग-अलग आर्थिक समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। मलयेशिया पहुंचने के बाद ट्रंप ने सबसे पहले इसी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मलयेशिया के बाद राष्ट्रपति ट्रंप जापान और दक्षिण कोरिया का दौरा करेंगे। दक्षिण कोरिया में ट्रंप की मुलाकात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होगी। (अनंत ज्ञान)

# स्वास्थ्य सेवा ही सच्ची राष्ट्रसेवा : द्रौपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति ने इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का किया उद्घाटन

**एजेंसी, गाजियाबाद**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देश आज स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बहुत ही तेज से विकसित हो रहा है। इसमें सरकार का योगदान भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बीमारी से लोगों का बचाव करना और उन्हें बेहतर इलाज की सुविधा देना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

सरकार इसके लिए स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार विकसित कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्थित अत्याधुनिक सुविधायुक्त 1200 बेड के अस्पताल यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति के यहां पहुंचने पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमें जानकर खुशी हुई कि यशोदा हॉस्पिटल ने कोविड दौरान बड़ी संख्या में लोगों की सेवा की और लोगों की जान बचाई। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में इस तरह के अत्याधुनिक स्वास्थ्य संस्थान पहली बार देखा है, जहां पर एक छत के नीचे सभी तरह की स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। देश आज स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बहुत ही तेज गति से प्रगति कर रहा है। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो



### अनाहत सिंह कनाडा ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**एजेंसी, टोरंटो।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए यहां 96,250 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए सिल्वर प्रतियोगिता कनाडा महिला ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज दिल्ली की इस युवा खिलाड़ी ने शनिवार को पहले दौर में स्विट्जरलैंड की सिंडी मेरलो को 17 मिनट में 11-3, 11-3, 11-4 से हराया। अनाहत का अगला मुकाबला दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी और छठी वरीयता प्राप्त मेलिसा अल्वेस से होगा। (अनंत ज्ञान)

### भुल्लर ने मनीला में साल का पहला शीर्ष 10वां स्थान किया हासिल

**एजेंसी, मनीला।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने रविवार को यहां 20 लाख अमेरिकी डॉलर पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस टूर में अंतिम दिन तीन अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए शीर्ष 10 में जगह बनाई। भुल्लर (67-69-67-69) इस पूरे हफ्ते शीर्ष 10 में बने रहे। उन्होंने सभी चार दौर में 70 से कम का स्कोर बनाया जिससे उनका कुल स्कोर 16 अंडर रहा। वह संयुक्त सातवें स्थान पर रहे जो 2025 में इंटरनेशनल सीरीज में उनका पहला शीर्ष 10 स्थान रहा। यह इस साल भारत के बाहर उनका पहला शीर्ष 10 स्थान भी था। अन्य भारतीयों में करणदीप कोचर (72) नौ अंडर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर रहे जबकि अजितेश संधू (69) आठ अंडर के साथ संयुक्त 40वें स्थान पर रहे। एसएसपी चौरसिया और रेहान थॉमस कट से चूक गए थे। इस सत्र में छह इंटरनेशनल सीरीज में भुल्लर ने सभी छह टूर्नामेंट में कट हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब एफसी ने गोलकीपर अर्शदीप सिंह के साथ किया करार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पंजाब एफसी ने अपनी गोलकीपिंग लाइनअप को और सशक्त बनाते हुए भारतीय गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की घोषणा की है। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब के साथ एक वर्ष का अनुबंध किया है। वे हैदराबाद एफसी से टीम में शामिल हो रहे हैं और एआईएफएफ सुपर कप 2025 के अपने पहले मैच (गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ) से पहले टीम के लिए बड़ी मजबूती माने जा रहे हैं। यह मुकाबला 27 अक्तूबर को खेला जाएगा। अर्शदीप का करियर पंजाब क्षेत्र की मिट्टी से गहराई से जुड़ा रहा है। उन्होंने अपने फुटबॉल की बुनियादी शिक्षा एआईएफएफ एलीट अकादमी से ली और उसके बाद मिनर्वा पंजाब के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। (अनंत ज्ञान)

### आर्यना सबालेंका का खुबसूरत अंदाज

**बेलारूस।** आर्यना सबालेंका एक बेलारूस पेशेवर टेनिस खिलाड़ी है, जिसे वर्तमान में महिला टेनिस संघ द्वारा महिला एकल में दुनिया की नंबर 1 रैंकिंग दी गई है। वह महिला युगल में पूर्व विश्व नंबर 1 भी हैं। 2024 में उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन एकल खिताब जीते।



**पहला वनडे** डेरिल मिचेल ने बनाए 78 रन, अंग्रेजों के काम न आया ब्रूक का शतक

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

**एजेंसी, वेलिंग्टन**

न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ बे ओवल में खेले गए पहले वनडे मैच को 4 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ मेजबान टीम ने 3 मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इस मैच में टॉस जीतकर न्यूजीलैंड पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम कप्तान हैरी ब्रूक के तूफानी शतक की बदौलत 223 रन ही बना पाई। इसके जवाब में कीवी टीम ने 36.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को आसानी से हासिल करते हुए 4 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। इस टीम ने 56 के स्कोर तक अपने छह विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान हैरी ब्रूक ने 101 गेंदों में 11 छक्कों और 9 चौकों के साथ 135 रन की पारी खेलते हुए टीम को संभाला। इस बीच उन्होंने जेमी ओवरटन के साथ सातवें विकेट के लिए 86 गेंदों में 87 रन जोड़े। जेमी 54 गेंदों में एक छक्का और 6 चौकों के साथ 46 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा, कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।

न्यूजीलैंड के गेंदबाज जकारी फाउलकेस ने 41 रन देकर सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि जैकब डफी ने 3 विकेट अपने नाम किए। इनके अलावा, मैट हैनरी ने 2 और मिचेल सैंटनर ने एक विकेट हासिल किया। 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम भी शुरुआत में लड़खड़ाती नजर आई। इस टीम ने दूसरे ओवर की अंतिम दो गेंदों पर विल यंग (5) और केन विलियमसन (0) का विकेट गंवा दिया। टीम को सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र से उम्मीदें थीं, लेकिन रचिन 17 गेंदों में 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। यहां से डेरिल मिचेल ने टॉम लैथम के साथ चौथे विकेट के लिए 42 रन जुटाकर टीम को संभालने की कोशिश की। लैथम 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। न्यूजीलैंड की टीम 66 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से मिचेल ने माइकल ब्रेसेवल के साथ पांचवें विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की पटरी पर ला दिया।




**डेरिल मिचेल ने जड़ा अर्द्धशतक**

डेरिल मिचेल ने 91 गेंदों में 2 छक्कों और 7 चौकों के साथ 78 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने 51 रन टीम के खाते में जोड़े। इंग्लैंड की ओर से ब्रायडन कार्स ने 3 विकेट हासिल किए, जबकि ल्यूक वुड और आदिल रशीद ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। (अनंत ज्ञान)

# क्लच शतरंज चैंपियंस में डी गुकेश के सामने कड़ी चुनौती



**एजेंसी, सेंट लुई**

विश्व चैंपियन डी गुकेश को यहां शुरू हो रहे 412000 डॉलर इनामी क्लच शतरंज चैंपियन मुकाबले में अब तक की सबसे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। यूरोपियन क्लब कप में अपनी टीम सुपर चेस को शानदार जीत दिलाने के बाद इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचने वाले गुकेश को अगर जीत हासिल करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि विश्व रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन का ब्रेक हाल ही में पिता बनने के बाद समाप्त हो गया है और वह खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। उनके अलावा अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारूआना जैसे दमदार खिलाड़ी भी 18 गेम तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के दावेदारों में शामिल हैं। एक पखवाड़े के भीतर क्लच शतरंज के दूसरे टूर्नामेंट में बड़ी पुरस्कार राशि गांव पर लगी है। इसके विजेता को 120000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि मिलेगी। दूसरा पुरस्कार 90,000 अमेरिकी डॉलर है, जबकि तीसरा और चौथा पुरस्कार क्रमशः 70,000 अमेरिकी डॉलर और 60,000 अमेरिकी डॉलर है। इसके अलावा प्रत्येक राउंड में प्रत्येक जीत पर 72,000 अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि दांव पर लगी है। (अनंत ज्ञान)

# पीसीबी महिला टीम के मुख्य कोच वसीम को बर्खास्त करने की तैयारी में

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत में चल रहे महिला एकदिवसीय विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच मोहम्मद वसीम का अनुबंध नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। पाकिस्तान आठ टीमों की प्रतियोगिता तालिका में सातवें स्थान पर रहा, लेकिन अगर बांग्लादेश अपने आखिरी मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आखिरी स्थान पर खिसक सकता है।



पाकिस्तान ने अपने सात मैचों में से चार मैच गंवाए, जबकि उसके बाकी तीन मैच बारिश की भेंट चढ़ गए थे। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस बात से निराश हैं कि वसीम ने वादे के अनुसार काम नहीं किया। पीसीबी ने पिछले साल वसीम को महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था। उनके कार्यकाल में पाकिस्तान एशिया कप सेमीफाइनल में श्रीलंका से हार गया था और फिर दक्षिण अफ्रीका में महिला टी 20 विश्व कप के चार मैचों में से सिर्फ एक मैच में जीत हासिल कर सका था।

सूत्र ने बताया कि पीसीबी अध्यक्ष को यह भी शिकायत थी कि मुख्य कोच अपने रवैये के कारण टीम के अन्य अधिकारियों के साथ सहज नहीं रह पाते हैं। पीसीबी अगले कुछ दिनों में नए मुख्य कोच की घोषणा कर सकता है और वह एक विदेशी कोच के साथ बातचीत कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

## भारत एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, मस्कट**

भारतीय पुरुष रग्बी टीम ने एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवंस ट्रॉफी के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में लेबनान को 14-10 से हराया। इसके बाद उसने अफगानिस्तान पर 26-5 से जीत दर्ज करके अपनी लय बरकरार रखी और क्वार्टर फाइनल में ईरान पर 21-7 से शानदार जीत हासिल की।

तीन मैचों में तीन जीत के साथ भारत आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच गया जहां उसका मुकाबला सोमवार को सऊदी अरब से होगा भारत अगर सेमीफाइनल में सऊदी अरब को हरा देता है तो वह न केवल फाइनल में जगह बनाएगा बल्कि पहली बार एशिया रग्बी सेवंस सीरीज के डिवीजन एक में भी पहुंच जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# बेनसिच ने डब्ल्यूटीए पैन पैसिफिक ओपन टेनिस में करियर का 10वां खिताब जीता

**एजेंसी, टोक्यो**



स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डब्ल्यूटीए पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 6-3 से हराकर अपने करियर का 10वां खिताब जीता। बेनसिच ने इससे पहले इस टूर्नामेंट में 10 साल पहले भाग लिया था। उन्होंने रविवार को खेले गए फाइनल में चेक गणराज्य की अपनी प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा। बेनसिच ने नोस्कोवा की सर्विस को तीन बार तोड़ते हुए एक घंटे 22 मिनट में आसान जीत हासिल की।

टोक्यो से स्विस खिलाड़ी की सुखद यादें जुड़ी हैं। उन्होंने चार साल पहले तोक्यो में ओलंपिक महिला एकल में स्वर्ण पदक और युगल में रजत पदक जीता था। मैच के बाद बेनसिच ने कहा, ''आप लोगों के सामने खेलना शानदार रहा। पिछली बार मैंने यहां जब तोक्यो ओलंपिक में जीत हासिल की थी, तब स्टेडियम खाली था, इसलिए माहौल बिल्कुल अलग था, लेकिन आप लोगों के सामने खेलना बहुत अच्छा लगा। मुझे जापान में खेलना बहुत पसंद है, इसलिए मैं यह टूर्नामेंट जीतकर बहुत खुश हूं।'' (अनंत ज्ञान)

# वुमंस वर्ल्ड कप: भारत ने बांग्लादेश पर बनाया दबाव

**एजेंसी, नवी मुंबई**



वुमंस वनडे वर्ल्ड कप का आखिरी लीग मैच भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जा रहा है। नवी मुंबई के डीवाय पाटील स्टेडियम में भारत ने बॉलिंग चुनी। बारिश के कारण मुकाबले को 27-27 ओवर का किया गया। भारत से उमा छेत्री ने डेब्यू किया। राधा यादव और अमनजोत कौर को भी आज मौका मिला।

बांग्लादेश ने 22 ओवर के बाद 4 विकेट के नुकसान पर 92 रन बना लिए हैं। टीम से शर्मिन अख्तर (25 रन) और सोभना मोस्तरी (10 रन) पिच पर हैं। निगर सुल्ताना 9 रन बनाकर आउट हुईं, उन्हें राधा यादव के डायरेक्ट हिट ने पवेलियन भेजा। भारत से रेणुका ठाकुर ने सुमैया अख्तर और दीप्ति शर्मा ने रुबिया हैदर को कैच कराया। बारिश के कारण दोनों पारियों से 23-23 ओवर कम किए गए थे। पावरप्ले 5 ओवर का रहेगा। 2 गेंदबाज 6-6 ओवर बॉलिंग कर सकेंगी।

वहीं, 3 बॉलर्स 5-5 ओवर गेंदबाजी करेंगी। टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, वहीं बांग्लादेश बाहर है। समाचार लिखे जाने तक शर्मिन अख्तर (9) और शोरने अख्तर (2) रन बनाकर क्रीज पर डटी हुई थीं। (अनंत ज्ञान)

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में हंसिका, सारिका को रजत पदक से करना पड़ा संतोष

**एजेंसी, नोवी साद (सर्बिया)**

भारत को अपने पहले स्वर्ण पदक के लिए अभी और इंतजार करना होगा, क्योंकि हंसिका लांबा और सारिका मलिक को अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हंसिका 53 किग्रा वर्ग के खिताबी मुकाबले में जापान की हारुना मोरिकावा से 0-4 से हार गईं। पिछले साल की एशियाई अंडर-20 रजत पदक विजेता सारिका 2024 अंडर-23 विश्व रजत पदक विजेता रुका नतामी से रोमांचक मुकाबले में 1-2 से हार गयी। भारत ने इस प्रकार महिला वर्ग में अपने अभियान का अंत सात पदकों के साथ किया। निशु (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), पुलकित (65 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया मलिक (76 किग्रा) ने टूर्नामेंट में पहले ही कांस्य पदक जीते थे।

### परविंदर कांस्य पदक मुकाबले में हारे

सविता (62 किग्रा), हन्नी कुमारी (50 किग्रा), दीक्षा मलिक (72 किग्रा) का अभियान पदक दौर से पहले ही खत्म हो गया था। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धा में प्रविंदर (74 किग्रा) कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में जापान के योशिनोसुके आओयागी से 2-8 से हार गए। सुमित मलिक (57 किग्रा), नवीन कुमार (70 किग्रा), चंद्र मोहन (79 किग्रा) दिन में पहले ही बाहर हो गए थे, जबकि सचिन (92 किग्रा) पहले ही बाहर हो गए थे। सुजीत कलकल 65 किग्रा भार वर्ग में अगले दो दिनों में भारत के लिए स्वर्ण पदक के लिए सबसे बड़ी उम्मीद होंगे। (अनंत ज्ञान)

**महिला वर्ल्ड कप**

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**



इंग्लैंड ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन और एमी जोन्स की नाबाद अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत रविवार को महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन की विदाई को यादगार नहीं बनने दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 38.2 ओवर में मात्र 168 रन पर सिमट गई। जॉर्जिया प्लिमर (43) और अमेलिया केर (35) ने दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े, लेकिन इंग्लिश स्पिनरों ने दबदबा बनाते हुए मैच पलट दिया। डिवाइन ने अपने आखिरी वनडे में 35 गेंदों पर 23 रन बनाए और स्टंप आउट हुईं। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने दो विकेट पर 172 रन बनाकर 124 गेंदें शेष रहते जीत दर्ज की। एमी जोन्स ने 92 गेंदों पर नाबाद 86 रन (11 चौके, एक छक्का) की पारी खेली। उन्होंने टैमी ब्यूमोंट (40) और हीथर नाइट (33) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाईं। इस जीत से इंग्लैंड 11 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। वहीं, न्यूजीलैंड का अभियान चार अंकों के साथ समाप्त हुआ। डिवाइन का 15 साल का शानदार वनडे करियर इसी मैच के साथ खत्म हुआ। (अनंत ज्ञान)

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

# शाइना-दीक्षा ने जीते स्वर्ण पदक

**एजेंसी, चेंगदू**



शाइना मणिमुथु और दीक्षा सुधाकर ने रविवार को यहां अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में अपना अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता।

इस तरह से भारतीय दल ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ महाद्वीपीय स्पर्धा का समापन किया जो चैंपियनशिप में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। तब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 लड़कों का एकल खिताब और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 लड़कों का युगल खिताब जीता था। शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पहले गेम में तोमिता पर दबदबा बनाया और फिर दूसरे गेम में जापान की खिलाड़ी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए मैच 44 मिनट में जीत लिया। दीक्षा 27 मिनट तक चले फाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बनीं। जगशेर सिंह खंगगुरा तथा जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीता था। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** ऑस्ट्रेलिया के साथ वनडे सीरीज में कैसा रहा टीम इंडिया का रिपोर्ट कार्ड

# रोहित-हर्षित टॉपर, गिल-कोहली ने किया निराश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में भारत को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। पहले दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को पूरी तरह पछाड़ दिया, लेकिन आखिरी वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली की शानदार पारियों ने भारत को हार के सूपड़े से साफ होने से बचा लिया। रोहित शर्मा 202 रनों के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे, जबकि हर्षित राणा ने 6 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर का खिताब हासिल किया। आइए, भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड देखें :-



**शुभमन गिल** के लिए सीरीज निराशाजनक रही। बतौर कप्तान और बल्लेबाज दोनों ही भूमिकाओं में वे असफल रहे। तीनों मैचों में ओपनिंग करने के बावजूद 50 रन तक नहीं पहुंच सके। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 24 रहा और औसत मात्र 14.33 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी भारतीय कप्तान का सबसे खराब प्रदर्शन।

**पूर्व कप्तान रोहित शर्मा** ने शानदार वापसी की। पहले वनडे में 8 रन पर आउट होने के बाद, दूसरे मैच में 73 और तीसरे वनडे में 121 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई। 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के हकदार रहे, हालांकि पहले मैच की नाकामी ने अंक थोड़ा घटाए।

**विराट कोहली** पहले दो मैचों में खाता भी नहीं खोल सके, लेकिन तीसरे वनडे में नाबाद 74 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। यह पारी उनके आत्मविश्वास की झलक थी, जिसने उन्हें मुश्किल से पास होने लायक अंक दिलाए।

**श्रेयस अय्यर** पहले मैच में 11 रन के बाद दूसरे वनडे में 61 की शानदार पारी खेली। तीसरे मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला, पर फील्डिंग में शानदार कैच से टीम की मदद की।

**केएल राहुल** पहले वनडे में 38 और दूसरे में 11 रन बनाए। विकेटकीपिंग औसत रही। बड़े मौकों पर टीम को टिकाऊ साझेदारी देने में नाकाम।

**अक्षर पटेल** बल्ले और गेंद दोनों से उपयोगी साबित हुए। दो पारियों में क्रमशः 31 और 44 रन बनाए। गेंद से नियंत्रण दिखाया, हालांकि तीन मैचों में सिर्फ 3 विकेट ले सके।

**नीतीश रेड्डी** दो मैचों में मिले मौकों का फायदा नहीं उठा सके। बल्ले से 19 और 8 रन ही बना पाए, जबकि गेंदबाजी का अवसर नहीं मिला।

**वॉशिंगटन सुंदर** तीन मैचों में 5 विकेट लेकर प्रभावित किया। दूसरे और तीसरे वनडे में दो-दो विकेट झटके। बल्ले से केवल 22 रन बना पाए।

**हर्षित राणा** सीरीज के स्टार गेंदबाज रहे। तीन मैचों में 6 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर बने। तीसरे वनडे में 4 विकेट झटके और गेंद के साथ 24 रन की उपयोगी पारी भी खेली।

**मोहम्मद सिराज** तीन मैचों में केवल 2 विकेट झटके। गति तो थी, पर लाइन-लेंथ में निरंतरता की कमी दिखी।

**अर्शदीप सिंह** दो मैचों में नई गेंद से अच्छा प्रदर्शन। शुरुआती विकेट लिए, लेकिन डेथ ओवरों में महंगे साबित हुए। 5.40 की इकोनॉमी से 3 विकेट।

**कुलदीप यादव** केवल तीसरे वनडे में खेले। 10 ओवर में 50 रन देकर 1 विकेट लिया। शुरुआती ओवरों में महंगे साबित हुए, लेकिन अंत में लय पाई।

**प्रसिद्ध कृष्णा** एक मैच में खेले और 7.42 की इकोनॉमी से रन लुटाए। केवल 1 विकेट मिला। एलेक्स कैरी का आसान कैच छोड़ना भारी पड़ा। (अनंत ज्ञान)